भाद्रपद शुक्ल पक्ष द्वितीया 12:21 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2081
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
गुरुवार, 5 सितंबर 2024
वर्ष 5, अंक 290, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



भारत-बांग्लादेश के बीच व्यापार 47 दिन बाद बहाल 16
पूजा ने फिल्म देवा की शूटिंग पूरी की 15

LAST 7 DAYS
ALL CHILDREN & TEENAGER WEAR
7 DAYS OPEN
Jeans, T-Shirt
Top, Boy Suit
Girl Dress,
Gown,
Track Suit
Kurti, Plazo,
Selex
& Footwear
FLAT 50% OFF
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050

## सिंगापुर में भव्य स्वागत



प्रधानमंत्री मोदी ब्रुनेई दौरे के बाद बुधवार को सिंगापुर पहुंचे। यहां भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान मोदी भी कुछ अलग अंदाज में नजर आए और यहां मौजूद कलाकारों के साथ जमकर ढोल बजाया। लोगों में भी गजब का उत्साह देखने को मिला। अपने दौरे के दौरान मोदी सिंगापुर के व्यापारिक नेताओं से मुलाकात करेंगे। ● एजेंसी

## अमृतसर के सरकारी मेडिकल कॉलेज की रेजीडेंट डॉक्टर से हुई छेड़छाड़

● महिला डॉक्टर ने गलत तरीके से छूने का लगाया आरोप मामला दर्ज

**अमृतसर।** यहां के गुरुनानक देव अस्पताल की एक रेजिडेंट डॉक्टर से छेड़छाड़ की घटना सामने आई है। महिला डॉक्टर ने आरोप लगाया है कि अस्पताल से ड्यूटी के बाद जब वह पास में हॉस्टल जा रही थी तब एक व्यक्ति ने उनसे छेड़छाड़ की। व्यक्ति ने उनका पर्स छीन लिया और उन्हें गलत तरीके से छुआ। पुलिस ने बताया कि घटना के संबंध में शिकायत दर्ज की गई है और जांच जारी है। महिला डॉक्टर ने आरोप लगाया कि जब वह हॉस्टल के निकट पहुंचीं तो बाइक पर सवार एक व्यक्ति ने उन्हें मेडिकल कॉलेज के परिसर में रोक लिया और छेड़छाड़ करने लगा। जब उन्होंने शोर मचाया तो वह व्यक्ति भाग गया। डॉक्टर ने बताया कि वह दिल्ली की रहने वाली हैं। अमृतसर के सहायक पुलिस आयुक्त मनिंदरपाल सिंह ने कहा कि इलाके का सीसीटीवी फुटेज निकलवाया गया है।

# ईपीएफओ पेंशनभोगी किसी भी बैंक से ले सकेंगे पेंशन

नई दिल्ली, एजेंसी

● श्रम मंत्री मंडाविया ने कहा- जनवरी से लागू होगी नई व्यवस्था

श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की पेंशन योजना के दायरे में आने वाले पेंशनभोगी जनवरी से किसी भी बैंक या उसकी शाखा से पेंशन ले सकेंगे। श्रम मंत्री मंडाविया ने कहा कि यह व्यवस्था जनवरी से लागू होगी।

श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा कि मांडविया ने ईपीएस 1995 के लिए एक केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली (सीपीपीएस) के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। वह ईपीएफओ के शीर्ष निर्णय लेने वाले निकाय केंद्रीय न्यासी बोर्ड के चेयरपर्सन भी हैं। केंद्रीकृत पेंशन भुगतान व्यवस्था से पूरे देश में किसी भी बैंक या किसी भी शाखा के माध्यम से पेंशन का वितरण हो सकेगा। केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली से ईपीएफओ के 78 लाख से अधिक ईपीएस-95 पेंशनधारकों को लाभ होने की उम्मीद है।

### सत्यापन होगा आसान

नई प्रणाली मौजूदा पेंशन वितरण प्रक्रिया से महत्वपूर्ण बदलाव है, जिसके तहत ईपीएफओ के प्रत्येक क्षेत्रीय/क्षेत्रीय कार्यालय को केवल तीन-चार बैंकों के साथ अलग-अलग समझौते करने पड़ते थे। अब पेंशनभोगियों को पेंशन शुरू होने के समय सत्यापन के लिए बैंक शाखा में जाने की जरूरत नहीं होगी और भुगतान जारी होने पर तुरंत जमा कर दिया जाएगा।

## एक नजर

### मणिपुर में रिटायर्ड पुलिस अधिकारी का घर फूंका

**इंफाल।** मणिपुर के जिरीबाम जिले में बुधवार सुबह फिर से आगजनी की घटना हुई। कुछ संदिग्ध लोगों ने एक सेवानिवृत पुलिस अधिकार के घर को आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने बताया कि जिले के जाकुरधोर क्षेत्र में सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी का मकान था। जिले में पिछली हिंसा के बाद परिवार ने यह मकान खाली कर दिया था। पुलिस ने बताया कि हथियारबंद लोगों ने अंधेरे का फायदा उठाते हुए तड़के करीब साढ़े तीन बजे मकान पर हमला किया और उसे जला दिया। यह मकान जिरीबाम जिला मुख्यालय से 28 किमी दूर और हमार बहुल फेरजावल जिले के पास स्थित है।

### पांचवीं मंजिल से गिरकर आईआईटी छात्रा की मौत

**भुवनेश्वर।** आईआईटी भुवनेश्वर में अध्ययनरत एक 23 वर्षीय छात्रा की प्रशासनिक भवन की पांचवीं मंजिल से गिरकर मौत हो गई। मृतका की पहचान दिल्ली निवासी कृतिका राज के रूप में हुई है और वह बीटेक तृतीय वर्ष की छात्रा थी। संस्थान ने एक बयान में कहा कि रात 11 बजे एक छात्रा प्रशासनिक भवन की पांचवीं मंजिल से नीचे गिर गई, वहां पुस्तकालय है। बयान में कहा गया है सुरक्षाकर्मियों ने प्रशासन को सूचित किया और उसे संस्थान के चिकित्सा केंद्र में ले गए।

### नगालैंड में भूस्खलन से छह लोगों की गई जान

**दीमापुर।** नगालैंड के चुमुकेदिमा जिले में भारी बारिश के कारण मकानों और राष्ट्रीय राजमार्ग-29 के एक बड़े हिस्से के क्षतिग्रस्त हो जाने के बाद मिट्टी के मलबे में दबने से छह लोगों की मौत हो गई। वहीं एक अन्य स्थान पर राष्ट्रीय राजमार्ग का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे दीमापुर और नगालैंड की राजधानी कोहिमा के बीच सड़क संपर्क टूट गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार राहत और बचाव प्रयासों के लिए केंद्र के साथ बातचीत कर रही है।

## लोकभवन में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बोले- एरिया बांट कर होती थी वसूली

# भेड़ियों जैसा था चाचा-भतीजे का आतंक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव और पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवपाल यादव पर उनका नाम लिए बगैर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। बुधवार को लोकभवन में आयोजित नियुक्ति प्रत्र वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले युवाओं को नियुक्ति पत्र क्यों नहीं मिलता था, क्योंकि इनकी नीयत साफ नहीं थी। चाचा और भतीजे में वसूली को लेकर होड़ रहती थी कि कौन कितना वसूल करेगा। एरिया बंटे हुए थे। आप देख रहे हैं कि इस समय कुछ आदमखोर भेड़िया उप्र के अंदर अलग-अलग जिलों में उत्पात मचा रहे हैं। कमोवेश यही स्थिति 2017 के पहले प्रदेश की थी। उन्होंने कहा कि नौकरी के नाम पर वसूली करने वालों में कहीं चाचा तो कहीं भतीजे, महाभारत के सारे चरित्र शामिल थे।

मुख्यमंत्री ने इस क्रम में युवाओं को आश्वस्त किया कि अगर आप में योग्यता और क्षमता है तो आपका चयन जरूर होगा। इसके बाद भी यदि कोई बैरियर बनेगा तो उस बैरियर को हटाने का काम हम करेंगे। जो लोग फिर भी बेईमानी और भ्रष्टाचार फैलाएंगे उनकी संपत्ति को कुर्क करके गरीबों में वितरित करने का भी काम करेंगे। उन्होंने कहा कि नियुक्ति की प्रक्रिया आज जितनी पारदर्शी, निष्ठा और ईमानदारी के साथ हो रही है। उसी निष्ठा और ईमानदारी से कार्मिक कार्य करने लग जाएंगे तो अगले तीन चार साल में नंबर एक अर्थव्यवस्था वाला राज्य हो जाएगा यूपी। नंबर एक की अर्थव्यवस्था का मतलब, हर हाथ को काम होगा, हर चेहरे पर खुशहाली होगी, हर बेटी सुरक्षित होगी, हर व्यापारी का सम्मान होगा, अन्नदाता किसान प्रसन्न होगा और चहुंओर खुशहाली होगी। योगी ने बुधवार को लोकभवन में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में उप्र. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत चयनित 1334 अवर अभियंता, संगणक एवं फोरमैन को नियुक्ति प्रत्र प्रदान किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, पंचायती राज एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के मंत्री ओमप्रकाश राजभर, लोकनिर्माण विभाग के राज्य मंत्री ब्रजेश सिंह, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।



प्रयागराज में रोजगार मेले के दौरान सभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी।

### बेटियों के सम्मान पर हाथ डाला तो हाथ-पैर अलग हो जाएंगे

**फूलपुर/प्रयागराज।** प्रयागराज के फूलपुर में आयोजित रोजगार एवं ऋण वितरण मेले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तंज कसते हुए कहा कि जो टीपू आज सुल्तान बनने का ख्वाब देख रहे हैं वह माफिया के सामने नाक रगड़ते हैं। इन्होंने माफिया को गले का हार बनाकर प्रयागराज के सामने पहचान का संकट खड़ा किया था। इतना ही नहीं, योगी ने अराजक तत्वों को ललकारते हुए कहा कि जिसने भी राह चलती बेटियों के सम्मान पर हाथ डालने की कोशिश की उसके हाथ-पैर अलग हो जाएंगे। हर नागरिक की सुरक्षा हमारा कर्तव्य है जिसे किसी भी हद तक जाकर सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो माफिया सिर उठाएगा उन्हें मिट्टी में मिलाने का काम किया जाएगा।

### अखिलेश ने कहा- सपा सरकार में बुलडोजर गोरखपुर में चलेगा, योगी बोले- हिम्मत चाहिए



लखनऊ। बुलडोजर एक्शन को लेकर बसपा प्रमुख मायावती ने भले ही संतुलित प्रतिक्रिया दी हो, लेकिन भाजपा और मुख्य विपक्षी दल सपा इस मुद्दे पर एक दूसरे को घेरने से पीछे नहीं हट रहे। बुधवार को तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सपा प्रमुख अखिलेश यादव बुलडोजर पर अपने-अपने बयानों को लेकर आमने-सामने आ गए। पहला बयान अखिलेश यादव का सामने आया। उन्होंने योगी पर सीधा प्रहार करते हुए बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि अगर आप और आपका बुलडोजर इतना ही सफल है तो अलग पार्टी बनाकर बुलडोजर चुनाव चिन्ह लेकर चुनाव लड़ जाइए। आपका भ्रम भी टूट जाएगा और घमंड भी। इससे पहले सपा प्रमुख ने यह भी टिप्पणी की थी कि 2027 में सपा की सरकार बनने के बाद प्रदेश के सभी बुलडोजरों का रूख गोरखपुर की तरफ होगा। इसी पर पलटवार करते हुए मुख्यमंत्री ने एक कार्यक्रम में कहा कि माफियाओं, दंगाइयों व अपराधियों के सामने नाक रगड़ने वाले क्या बुलडोजर चलाएंगे? इसके लिए हिम्मत चाहिए। इन्हें तो बुलडोजर देखते ही हार्ट अटैक आ जाएगा। योगी ने यह कहते हुए भी चुटकी ली कि बुलडोजर पर प्रत्येक का हाथ सेट नहीं हो सकता।

# जाली करेंसी मामले में मदरसा सील, 630 छात्रों की तलाश

## तुर्किये, दुबई व सऊदी अरब के कनेक्शन आए सामने

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● प्रयागराज में पीडीए ने की कार्रवाई आईबी व एटीएस जांच में जुटीं



**अमृत विचार :** प्रयागराज के जिस मदरसे में जाली करेंसी छापी जा रही थी, उसे बुधवार को प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) ने सील कर दिया है। हॉस्टल में रहने वाले 70 बच्चों को उनके घरों को भेज दिया गया। बुधवार को प्रयागराज प्राधिकरण की टीम मदरसा पहुंची। गेट पर बोर्ड लगा दिया कि यह निर्माण अनधिकृत है, इसलिए इसे सील किया जा रहा है। उधर, इस मदरसा से तालीम लेने वाले 630 छात्रों की आईबी व एटीएस की टीम ने तलाश शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि मदरसे में छह राज्यों से जुड़े छात्र पढ़ते थे। आरोप है मौलवी मो. तफसीरुल आरीफीन ने इन बच्चों का ब्रेनवॉश किया था।

उधर, आईबी की जांच में सामने आया कि मदरसा को तुर्किये, सऊदी अरब और दुबई में बैठे लोग पैसा भेज रहे हैं। हर साल करीब 48 लाख रुपये के ट्रांजैक्शन हो रहे थे। यह पैसा किन बैंक अकाउंट में आता था? कहां खर्च होता था? एजेंसियां जांच कर रही हैं। बता दें कि मौलवी के कमरे की जांच में कई आपत्तिजनक किताबें और तस्वीरें बरामद की गई हैं। सबसे चर्चा में वह किताब थी, जिसमें आरएसएस को देश का सबसे बड़ा आतंकवादी संगठन बताया गया था। इस किताब के लेखक एसएम मुशर्रफ, पूर्व पुलिस महानिरीक्षक (महाराष्ट्र) हैं। मूल किताब उर्दू भाषा में लिखी गई है। इसके हिंदी और मराठी अनुवाद वाली भी किताबें हैं।

यह किताब मदरसे के कार्यवाहक प्रिंसिपल मौलवी तफसीरुल आरीफीन के कमरे से मिली है। मौलवी यह किताब बच्चों को पढ़ाता था। पूछताछ के दौरान मदरसा कमेटी से जुड़े शाहिद ने बताया विदेश और देश के अलग-अलग शहरों के लोग हम मदद के रूप में पैसे भेजते हैं। यह पैसा बच्चों की तालीम, उनके रहने-खाने पर खर्च होता है।

## कृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह विवाद

### मुस्लिम पक्ष ने हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

● इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 18 मामलों की विचारणीयता को चुनौती देने वाली याचिका को कर दिया था खारिज

**नई दिल्ली।** मुस्लिम पक्ष ने मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से संबंधित 18 मामलों की विचारणीयता को चुनौती देने वाली याचिका खारिज करने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। सुप्रीम कोर्ट के 1 अगस्त के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका प्रबंधन ट्रस्ट समिति, शाही ईदगाह मस्जिद ने वकील आरएचए सिकंदर के माध्यम से दायर की है। हाईकोर्ट ने यह कहकर मुस्लिम पक्ष की याचिका को खारिज कर दिया था कि शाही ईदगाह के धार्मिक चरित्र को निर्धारित करने की आवश्यकता है और इस दलील को खारिज कर दिया था कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर और निकटवर्ती मस्जिद के विवाद से संबंधित हिंदू वादियों द्वारा दायर किए गए वाद उपासना स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम का उल्लंघन करते हैं।

# लापता महिला अधिवक्ता का सिर कुचला शव नहर में मिला

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



मोहनी (फाइल)

● हत्या का आरोप, वकीलों ने पोस्टमार्टम हाउस के बाहर किया हंगामा

● जिला जज व एसपी समेत कई अधिकारी पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे

**अमृत विचार :** कचहरी से मंगलवार दोपहर लापता हुई अधिवक्ता का शव बुधवार रात सोरों थाना क्षेत्र में गोरहा नहर में मिला है। उनका सिर कुचला हुआ था। परिवार वालों ने हत्या का आरोप लगाया। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे वकीलों ने हंगामा कर दिया। जिला जज सैयद माऊज बिन आजिम व एसपी अपर्णा ने वकीलों से बात की और मृतका के परिजनों को सांत्वना दी।

शहर के नदरई गेट मोहल्ला माधोपुरी निवासी अधिवक्ता मोहनी तोमर मंगलवार दोपहर करीब 2:30 बजे लापता हो गईं। उनका मोबाइल स्विच ऑफ था और स्कूटी न्यायालय परिसर में खड़ी मिली। तलाश करने के बाद देर शाम पति बृजतेन्द्र तोमर ने कासगंज कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई। बुधवार रात करीब 9:30 बजे सोरों थाना क्षेत्र में गोरहा नहर में ग्रामीणों ने महिला का शव देखा। पुलिस ने शव बाहर निकाला। शव का सिर कुचला हुआ था। पुलिस की सूचना पर पहुंचे बृजतेन्द्र व अन्य परिजनों ने शव की शिनाख्त अधिवक्ता मोहनी तोमर के रूप में की। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मोहनी की लाश मिलने का पता लगने पर तमाम अधिवक्ता पोस्टमार्टम हाउस जा पहुंचे और घटना के खुलासे व हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए हंगामा किया।

### हरियाणा में विस चुनाव के लिए भाजपा ने जारी की 67 नामों की सूची

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए अपने 67 उम्मीदवारों की पहली सूची बुधवार को जारी की। पार्टी के महासचिव अरुण सिंह ने कहा कि भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की 29 अगस्त को हुई बैठक में इन नामों को स्वीकृति दी गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में हुई बैठक की अध्यक्षता पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने की थी। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे। सूची में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का भी नाम है जिन्हें लाडवा से प्रत्याशी बनाया गया है। भाजपा की पहली सूची में 67 नामों में से सात महिलाएं हैं।

# पोकर-रमी जुआ नहीं, कौशल के खेल

संवाददाता, प्रयागराज

● इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा- खेलने की इजाजत देने से इनकार न करें



**अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक गेमिंग कंपनी द्वारा गेम जोन संचालित करने की अनुमति की मांग को खारिज करने के मामले में कहा कि पोकर और रमी जुआ नहीं बल्कि कौशल के खेल हैं। इन्हें सामाजिक शांति और सद्भावना में बाधा डालने वाले खेलों की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने मेसर्स डीएम गेमिंग प्राइवेट लिमिटेड की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया।

कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट और अन्य हाईकोर्ट के निर्णयों का हवाला देते हुए प्राधिकरण को आदेश पर पुनर्विचार करने का निर्देश दिया, साथ ही निर्णय की तिथि से 6 सप्ताह के भीतर याची को सुनवाई का अवसर प्रदान करने के बाद एक तर्कसंगत आदेश पारित करने का भी निर्णय दिया। कोर्ट ने माना कि अधिकारियों को इस मुद्दे की गहन जांच करनी चाहिए। केवल अनुमान के आधार पर अनुमति देने से इनकार नहीं किया जा सकता है। मनोरंजक गेमिंग गतिविधियों को संचालित करने की अनुमति देने से इनकार करने के लिए अधिकारियों द्वारा ठोस तथ्य रिकॉर्ड पर रखने की आवश्यकता है। दरअसल 24 जनवरी 2024 को डीसीपी सिटी कमिश्नरेट, आगरा की ओर से जारी एक आदेश द्वारा गेमिंग कंपनी को एक गेम जोन संचालित करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया गया, जहां पोकर और रमी खेल खेला जाना था। इस आदेश को चुनौती दी गई। याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि केवल इस अनुमान के आधार पर अनुमति देने से इनकार करना कि ऐसे खेलों से शांति और सद्भाव में बाधा उत्पन्न हो सकती है, गलत है। इस तरह की धारणाएं अनुमति देने से इनकार करने के लिए वैध कानूनी आधार निर्मित नहीं करती हैं।

# ट्रक-डीसीएम की भिड़ंत, 3 की मौत

संवाददाता, धौरहरा (लखीमपुर खीरी)

● ट्रक के हेल्पर की हालत नाजुक जिला अस्पताल में भर्ती

● धौरहरा-ढखेरवा मार्ग पर बुधवार सुबह हुआ हादसा



हादसे में क्षतिग्रस्त ट्रक और डीसीएम।

**अमृत विचार :** ट्रक और डीसीएम में भीषण टक्कर में दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। हादसे में दोनों वाहनों के चालकों समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि ट्रक का हेल्पर गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रक चालक को झपकी आने से हादसा होना बताया जा रहा है।


बुधवार सुबह करीब पांच बजे ढखेरवा की तरफ से धौरहरा की ओर जा रहे ट्रक की भीषण टक्कर अमेठी गांव में डिग्री कॉलेज के पास पापुलर की लकड़ी भरकर आ रही डीसीएम से हो गई। दोनों वाहन काफी तेज रफ्तार में थे। इस वजह से दोनों के चालक और उसमें बैठे लोग केबिन में ही फंस गए। कोतवाली धौरहरा प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्रा ने ग्रामीणों की मदद से ट्रक व डीसीएम की केबिन में फंसे चालकों, हेल्पर व अन्य लोगों को बमुश्किल निकाला। तब तक डीसीएम चालक सकटू (35) पुत्र रघुनाथ, डीसीएम में बैठे मिश्री लाल (55) पुत्र मंगल निवासी जम्हौरा थाना पढुआ और ट्रक चालक जिला महाराजगंज के थाना श्यामदेवरवा के गांव लक्ष्मीपुर जल्लहिया निवासी सलमान खान (40) की मौत हो गई, जबकि ट्रक का हेल्पर धर्मेंद्र यादव निवासी नटवा जंगल (महाराजगंज) गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी हालत चिंता जनक बताई गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि ट्रक चालक को झपकी आने से हादसा होना बताया जा रहा है।

## ज्ञान-विज्ञान

### यूरोपियन स्पेस एजेंसी के मार्स एक्सप्रेस अंतरिक्ष यान ने तस्वीर को कैमरे में उतारा

# मंगल ग्रह की कलह खोलती तस्वीर आई सामने

बबलू चंद्रा, नैनीताल



मार्स एक्सप्रेस अंतरिक्ष यान के द्वारा ली गई मंगल ग्रह की नई तस्वीर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** लाल ग्रह मंगल की कलह खोलती तस्वीर सामने आई है, जो इस ग्रह के एक चांद व विशाल ज्वालामुखी के अलावा वातावरण की कहानी बयां करती है। यूरोपियन स्पेस एजेंसी के मार्स एक्सप्रेस अंतरिक्ष यान ने इस तस्वीर को कैमरे में उतारा है। मंगल की बारीकियों को समझने में यह तस्वीर बेहद मददगार साबित हो सकती है।

लालग्रह को हरे व नीले रंग में रंगने के लिए वैज्ञानिक आतुर हैं। फिलहाल इस ग्रह का वर्तमान बियाबान है , बेहद सूना और पृथ्वी की तुलना में नीरस है। जहां जीवन बसाने की कल्पना को यथार्थरूप देना पृथ्वी वासियों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। जिस पार पाकर ही खगोल की दुनिया का आगे का सफर सुनिश्चित हो सकेगा।

बहरहाल मंगल की नई तस्वीर अद्भुत व अलौकिक है। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के मार्स एक्सप्रेस अंतरिक्ष यान ने 13 जुलाई को इसे कैप्चर किया था। तस्वीर को स्पष्ट रूप देने के लिए एंड्रिया लक ने विस्तारित किया है। जिससे मंगल की वास्तविकता को आसानी से समझा जा सके। तस्वीर में मंगल के वातावरण में तैरते कणों को देखा जा सकता है। मंगल ग्रह के ऊपर काले रंग में मंडराता इसका बड़ा चंद्रमा फोबोस है। मंगल का यह चांद इतने करीब से गुजरता है कि भविष्य में यह मंगल से जा टकराएगा। संभवतः टकराने में लाखों साल का वक्त शेष हो। तस्वीर में हमारे सौर मंडल का सबसे बड़ा ज्वालामुखी ओलंपस मॉन्स नजर आ रहा है।

### कई और रहस्य आएंगे सामने

वैज्ञानिकों का मानना है कि इस मृत ज्वालामुखी के चोटी पर चढ़ने के मतलब अंतरिक्ष में पहुचना जैसा होगा। तस्वीर में एक किनारे पर नीले रंग में रंगा में मंगल का वातावरण नजर आता है। विविध स्वरूप लिए इस तरह की पहली तस्वीर सामने आने से वैज्ञानिकों का मानना है कि इसके जरिए मंगल के कई और रहस्य सामने आएंगे।

# घर-घर समृद्धि बरसाने के लिए आ रहे हैं गणपति बप्पा

## सात को गणेश चतुर्थी से शुरू होगा गणेशोत्सव, मराठा समुदाय से लेकर स्थानीय लोगों में भी भारी उत्साह

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- महानगर में सजने लगे गणपति बप्पा की स्थापना के लिए मंडप
- भक्तों ने घरों में गजानन को स्थापित करने की शुरू की तैयारियां

**अमृत विचार :** सात सितंबर को श्री गणेश चतुर्थी है। श्री गणेशोत्सव मनाने के लिए लोगों में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। एक ओर जहां मराठा समुदाय के लोग पारंपरिक ढंग से गणेशोत्सव मनाने की तैयारी में जुटे हैं, वहीं अब स्थानीय लोग भी इस उत्सव में रुचि लेने लगे हैं। महानगर में कई स्थानों पर मंडप सजाकर गणपति बप्पा की दिव्य मूर्तियों को स्थापित किया जाता हैं। इन मंडपों में कई अन्य धार्मिक अनुष्ठान और मनोरंजन को रंगारंग कार्यक्रम होते हैं। घरों में भी लोग मनौती के हिसाब से डेढ़ दिन से लेकर कई दिनों तक श्री गणेश जी की स्थापना करते हैं।

वैसे तो गणेशोत्सव मुख्य रूप से महाराष्ट्र का त्योहार है। मराठा परिवार शुरू से ही महानगर में दो स्थानों पर मंडप सजाकर गणपति बप्पा की पांच-छह फुट की मूर्तियां महाराष्ट्र से लाकर स्थापित करते आ रहे हैं और महोत्सव के अंतिम दिन विसर्जन जुलूस निकालकर पूरे उत्साह, उमंग और श्रद्धा के साथ अपने आराध्य देव को नदियों में विसर्जित करते हैं। इसमें स्थानीय लोग भी उनके साथ साझीदार बनते हुए खुशियां मनाते हैं, लेकिन इधर कुछ वर्षों से स्थानीय लोग भी विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भव्यता के साथ गणेश उत्सव मनाने लगे हैं। लोग गणपति बप्पा की दिव्य और आकर्षक मूर्तियां मंडप में पूरे विधि-विधान से स्थापित करते हैं और प्रतिदिन शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर गणपति बप्पा की जय-जयकार करते हैं। गणपति बप्पा के लिए प्रिय मोदक भी बाजार में खूब बिकते हैं। महिलाएं घरों में भी मोदक के साथ अन्य पकवान तैयार करती हैं। गणेशोत्सव के लिए बाजार में दीपावली की तर्ज पर सड़क किनारे अस्थाई रूप से दुकानें सज चुकी हैं। दुकानदार श्री गणेश जी की मूर्तियों को बिक्री के लिए सजाए बैठे हैं। इसके अलावा रेती मार्ग पर राजस्थानी परिवार गणपति बप्पा की छह इंच से लेकर नौ फुट तक आकर्षक मूर्तियां तैयार कर बिक्री के लिए रखे हुए हैं। आकर्षक और चमकीले रंगों से सुसज्जित गणपति की मूर्तियां राह चलते लोगों को लुभा रही हैं। घरों में गणपति बप्पा की स्थापना के लिए लोग परिवार के साथ रेती मार्ग पर पहुंच कर गणपति बप्पा को ला रहे हैं। लोगों में खासा उत्साह है।


रेती मार्ग पर बिक्री के लिए रखीं गणपति की आकर्षक मूर्तियां। • अमृत विचार


गणेश चतुर्थी पर घर में गणपति बप्पा की स्थापना के लिए मूर्ति खरीदता एक परिवार।


मिट्टी का काम इसी की तरह कच्चा होता है। महीनों पहले से ही मूर्तियां तैयार करना शुरू कर देते हैं। पूरा परिवार जुटता है, तब कहीं जाकर मूर्तियां तैयार हो पाती हैं। कच्ची मिट्टी के साथ प्लास्टर ऑफ पेरिस से मूर्तियों का निर्माण किया जाता है। पहले सांचे तैयार करते हैं, फिर मूर्तियों का ढांचा तैयार होता है। महिलाएं और बच्चे उन्हें आकर्षक रंगों से सजाकर अंतिम रूप देते हैं। ग्राहकों का कोई भरोसा नहीं होता है। कभी दो-चार आ जाते हैं, तो कभी ज्यादा भी, लेकिन कभी-कभी दिन खाली भी चला जाता है। बरसात का मौसम है, मूर्तियों को बहुत संभाल कर रखना पड़ रहा है। **– लक्ष्मन**, रेती मार्ग


गणेशोत्सव के लिए अभी गिने-चुने ग्राहक ही आ रहे हैं। इस बार डेढ़ फुट से लेकर नौ फुट तक के गणपति उपलब्ध हैं। डेढ़ फुट के गणपति 150 रुपये, एक फुट के 300 रुपये, दो फुट के 1500 रुपये, तीन फुट के 2500 रुपये, चार फुट के 1500 रुपये, छह फुट के 8000 और नौ फुट के गणपति 17000 रुपये तक के हैं। सजावट के हिसाब से मूल्यों में परिवर्तन भी रहता है। **– पुनाराम**, रेती मार्ग

School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :
7906732664, 8445507002

SKS
GROUP OF INSTITUTE
Social Welfare Services Trust
Admission Guidance and Counselling Centre
GENERAL, OBC, MINORITY STUDENT को COURSE B.Ed., B.T.C फीस में विशेष छूट
B.Ed PER YEAR 10,000/-
माता-पिता की सालाना 2 लाख से काम इनकम अनिवार्य
B.T.C PER YEAR 25,000/-
माता-पिता की सालाना 2 लाख से काम इनकम अनिवार्य
SC,ST फ्री
Admission Open
SC/ST फ्री
Admission Open 2024
Note: B.Ed & B.T.C. has Limited Seats
SC / ST छात्र छात्रों के लिए फ्री कॉलेज द्वारा एग्जामिनेशन फीस और यूनिफॉर्म फ्री दिलाई जाएगी
B.Ed M.Ed B.P.Ed D.El.Ed BTC
N.T.T. B.B.A M.B.A B.C.A M.C.A
I.T.I Polytechnic B.Tech M.Tech
GNM ANM D. Pharma B. Pharma B.Sc Nursing
अब आपके बच्चों को देगा अच्छी शिक्षा और अच्छे कॉलेज में प्रवेश, अब अपने बच्चों का भविष्य बनायें
SKS GROUP OF INSTITUTE के साथ
Website - www.sksa.org.in Email: skseva6@gmail.com
Office: Mahanagar Colony Gol Chakkar, Near PNB ATM Gate No.1,Pilibhit bypass, Bareilly
Mob.: 9045350563 / 7310916076

गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु
गुरुर्देवो महेश्वरा।
गुरुर्साक्षात् परब्रह्म
तस्मै श्री गुरवे नमः
शिक्षक दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बी.डी.एफ. कान्वेन्ट
प्ले ग्रुप से कक्षा 8 तक
रेलवे माल गोदाम, निकट सूर्या होटल, शाहजहांपुर
मो. 9005544873, 05842-223377
निर्देशकः- रोमी आनन्द

Happy Teachers Day

RYAN GROUP OF SCHOOLS
48 YEARS OF EDUCATION EXCELLENCE
TOP 10 World's Best School for Environmental Action
At Ryan Schools,
we instill social and environmental values in our students,
earning our school a spot in the
Top 10 World's Best School for Environmental Action.
ENQUIRE NOW
*awarded by T4 Education in collaboration with Accenture, American Express, and the Lemann Foundation

आप सभी को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सतीश चंद्र गंगवार
प्रधानाध्यापक
जूनियर हाई स्कूल परमानंदपुर खुदागंज
कृष्ण कुमार सक्सेना
प्रधानाचार्य
श्री महादेव प्रसाद इंटर कॉलेज, खुदागंज

आप सभी को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ज्ञानेंद्र कुशवाहा
(सहायक अध्यापक)
कम्पोजिट स्कूल अमोरा
विकास खंड कांट, जनपद- शाहजहांपुर
मो. 7618856854

गुरु तेरे उपकार का,
कैसे चुकाऊं मैं मोल,
लाख कीमती धन भला,
गुरु हैं मेरे अनमोल!!
आप सभी को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्राथमिक विद्यालय रामनगर ब्लाक निगोही
रिया सिंह
प्रधानाध्यापक

आप सभी को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, शाहजहांपुर
अमित गुप्ता
जिला संयुक्त मंत्री
महेन्द्र सिंह
जिला महामंत्री

आप सभी को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मुकेश सक्सेना
उर्फ भगवान
मो. 9415489117
डॉ. कुनाल सक्सेना
दन्त चिकित्सक
BDS (लखनऊ)
मीनाक्षी सक्सेना
प्रवक्ता
क्रिश्चियन गर्ल्स हाईस्कूल
प्रबन्धकः- रेलवे इ. का. रोजा, रामलली जूनियर हाईस्कूल रोजा
राष्ट्रीय सचिवः- न्यू ह्युमेन राइट्स सेल (N.H.R.C.)

Happy Teachers Day
स्थापित : 1984
आर्य महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
(एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली से सम्बद्ध एवं शासन द्वारा अनुदानित)
शाहजहाँपुर
एम.ए.
अर्थशास्त्र
समाजशास्त्र
अंग्रेजी
एम.एससी.
रसायन विज्ञान
एम.कॉम
पी.जी. डिप्लोमा
कार्यालय प्रबंधन एवं सचिवीय पद्धति
बी.ए.
बी.एससी.
बायो ग्रुप
मैथ्स ग्रुप
बी.कॉम
बी.कॉम
फाइनेंशियल सर्विसेस
त्रिलोकी नाथ पाण्डेय
अध्यक्ष
मोबा. : 9335469318
डॉ. अमितेश अमित
सचिव/प्रबंधक
मोबा. : 9889387899

आप सभी को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
INNOVATIVE ENGLISH CLASSES
FOR - XII, B.A., M.A.
199, TAJU KHEL,
KHANDELWAL LANE,
SHAHJAHANPUR.
DIRECTOR :
SUHAIL KHAN
MOB. 9889218664

Estd. 1999
Affi No. 2132961
Admissions Open for New Session 2024-25
From - Play Group to 12th P.C.M., P.C.B. & Commerce
Happy Teachers Day
GREEN VALLEY CONVENT
A Senior Secondary School Affiliated to C.B.S.E. (NEW DELHI)
BIOLOGY LAB
CHEMISTRY LAB
COMPUTER LAB
PHYSICS LAB
GREEN VALLEY CONVENT AT A GLANCE
- Lush green 6000 sq mtr campus.
- Fully ventilated, Colorful & decorated classrooms with modern furniture.
- Qualified and experienced teachers.
- The ratio of the students for classes NC to KG in 1:20 & Ist to XIIth is 1:30.
- Teaching through smart classes which makes learning very easy and interesting.
- Cultural, Scientific, Literary and Artistic activities.
- Extensive sports facilities with trained coaches.
- Digital computer lab and library with wi-fi.
- Science lab and Maths lab practical from junior classes.
- Etiquette and manners with over all personality development.
- Secure and safe environment under 24 hours CCTV surveillance.
- A good conveyance facility is available to bring the students from all round the city.
1 Km. From Hanumat Dham, Ahmedpur Reti, Shahjahanpur - 242 001 (U.P.)
Contact : 9044291609, 9140432264, 7007763506
For more details please visit our school website Website : www.gvcspn.com E-mail : contact@gvcspn.com




# किशोर की मौत पर अस्पताल के सामने शव रखकर लगाया जाम, हंगामा

## आरोप- स्टाफ की लापरवाही से दो दिन पहले हो गई थी मौत, वेंटीलेटर पर रखे रहे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



अस्पताल के सामने रोते- बिलखते मृतक के परिवार के लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शहर में एक किशोर को बुखार आने पर परिवार वालों ने प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि दो दिन पहले उसकी मौत हो गई थी। उसे जबरन वेंटीलेटर पर रखे रहे। मरीज से कई बार मिलने की कोशिश की लेकिन स्टाफ ने मिलने नहीं दिया। परिवार का आरोप है कि मरने के बाद भी उसका इलाज करते रहे और दो लाख रुपये जमा करा लिए। इस दौरान परिवार वालों अस्पताल गेट पर हंगामा किया और शव रखकर जाम लगा दिया। सीओ सिटी और सिटी मजिस्ट्रेट अस्पताल में पहुंच गए और परिजनों को शांत कराया।

सदर बाजार क्षेत्र के गांव शहबाजनगर कटिया रज्जबनगर निवासी केशव वर्मा(15) पुत्र राकेश वर्मा को बुखार आ रहा था। 31 अगस्त की शाम परिवार वाले चौक कोतवाली के मोहल्ला अजीजगंज मे स्थित कृष्णा हॉस्पिटल में ले गए। डॉक्टर ने देखने के बाद उसे भर्ती कर लिया। थोड़ी देर बाद सामान्य वार्ड से आईसीयू में शिफ्ट कर दिया और दस हजार रुपये पहले जमा करा लिए। राकेश का आरोप है कि उसने व उसके परिवार वालों ने इस बीच कई बार बेटे से मिलने की कोशिश की लेकिन अस्पताल का स्टाफ मना कर देता था। कहते थे कि मरीज वेंटीलेटर पर है और दूर से दिखा देंगे। इस दौरान दो, तीन बार बच्चे को दूर से दिखाया लेकिन केशव वेंटीलेटर पर था और बोल नहीं रहा था।

● **सीओ सिटी और सिटी मजिस्ट्रेट ने कराया शांत**

> कृष्णा हास्पिटल में एक किशोर की मौत हो गयी। परिवार वालों का आरोप है कि अस्पताल के स्टाफ की लापरवाही से उसकी मौत हुई है। मृतक किशोर के पिता ने अस्पताल स्टाफ के खिलाफ तहरीर दी है। मामले की जांच की जा रही है।
> **-सौम्या पांडेय**, सीओ सिटी

आरोप है कि डॉक्टर तीन दिन वेंटीलेटर पर रखकर केशव का इलाज करते रहे। डॉक्टर कुछ सही जानकारी नहीं दे रहे थे। बुधवार शाम पांच बजे राकेश और उसके भाई अनिल वर्मा ने डॉक्टर व स्टाफ से कहा कि मरीज तीन दिन से वेंटीलेटर पर है और उसकी हालत में सुधार नहीं हो रहा है। परिवार वालों का आरोप है कि शाम छह बजे स्टाफ ने केशव के शव को आईसीयू से लाकर बाहर कर दिया। इस दौरान मृतक के परिवार वाले उत्तेजित हो गए और अस्पताल परिसर में हंगामा किया। शव को रखकर अस्पताल के सामने जाम लगा दिया। सड़क के एक साइड पर वाहनों की लंबी कतार लग गयी। चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे और जाम लगाए परिवार वालों को समझाने का प्रयास किया। सदर बाजार और रामचंद्र मिशन थाना का पुलिस पहुंच गयी। इस दौरान सीओ सिटी और नगर मजिस्ट्रेट ने परिवार वालों को समझाने का प्रयास किया। परिवार वालों ने मांग की है कि डाक्टर और स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई की जाए, अस्पताल को सीज किया जाए।



परिजनों को समझाते चौक कोतवाली इंस्पेक्टर राजीव तोमर। ● अमृत विचार



हंगामे की जानकारी पर पहुंची पुलिस। ● अमृत विचार



अस्पताल गेट के बाहर बड़ी संख्या में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

### अस्पताल परिसर में फेंके पत्थर

बच्चे की मौत के बाद परिजन और गांव वाले अस्पताल परिसर में हंगामा कर रहे थे। उत्तेजित लोगों ने अस्पताल के गेट पर पथराव किया। गेट पर बैठे मरीजों में अफरा-तफरी मच गयी। पत्थर फेंक रहे लोगों को पुलिस ने खदेड़कर भगाया। पुलिस ने कहा कि कानून को अपने हाथ में न ले। पत्थर फेंकने वाले मौका पाकर भाग गए।

> किशोर की हालत बहुत गंभीर थी। परिजनों को बता दिया गया था कि अगर वह बरेली, लखनऊ ले जाना चाहें तो ले जा सकते हैं। अस्पताल की ओर से पूरी निष्ठा से इलाज किया गया। किसी तरह की कोई लापरवाही नहीं की गई। किशोर की मौत होने के बाद भी इलाज किए जाने के आरोप निराधार हैं। अगर किशोर की मौत पहले हो चुकी होती तो उसके शरीर में बदबू आने सहित अन्य बदलाव हो जाते। आशंका है कि मरीज के साथ के लोगों की कुछ गलत इंटेंशन रही होगी, इसलिए यह सब किया गया।
> **- डॉ. अनिल रस्तोगी**, संचालक कृष्ण हॉस्पिटल।

### भर्ती कराया तो बोल रहा था किशोर

परिवार वालों का आरोप है कि डॉक्टर मरे हुए बच्चे का इलाज वेंटीलेटर पर कर रहे थे। बच्चे को भर्ती कराया था तो बोल रहा था और केला भी खाया था। आधे घटे बाद उसे वेंटीलेटर पर डाल दिया। स्टाफ कहता रहा कि बच्चे के हाथ-पैर ठंडे है। बच्चे को पास से मिलने नहीं दिया। तीन दिन में दवा समेत दो लाख रुपये खर्च हो गए है। अस्पताल के स्टाफ की लापरवाही के कारण बेटे की मौत हुई है।

## एक नजर

### टावर से उपकरण चोरी

**शाहजहांपुर।** कस्बा खुदागंज के सूरज शुक्ला ने निगोही थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह इंडस टावर्स कंपनी में टेक्नीशियन के पद पर है। वह टावर की देखभाल करता है। तेदुलिया गांव में टावर लगा हुआ है। वह 31 अगस्त को टावर चेक करने गया तो उपकरण गायब थे। पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### दुकान में चोरी की रिपोर्ट

**शाहजहांपुर।** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला गोविंदगंज निवासी वीरेंद्र कुमार जुनेजा ने बताया कि गोविंदगंज बाजार में उसकी दुकान है। 2 सितंबर को चोरों ने उसकी दुकान में नकब लगा दी। चोर रोल गोल की एक अंगूठी, एक पायल, अंडरवियर, बनियान, टी शर्ट, पजामे आदि सामान चुराकर ले गए। इस संबंध में व्यापारी सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह से मिले और घटना के खुलासे की मांग की थी।

# लाठी से घायल किसान की दसवें दिन मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



पोस्टमार्टम हाउस पर गुमसुम खड़े परिजन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** खेत में बकरी घुस जाने पर हुए विवाद में किसान को लाठी से पीटकर घायल कर दिया था। दसवें दिन किसान की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के परिवार वालों का आरोप है कि पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी। आरोपी घर से सरसों व गेहूं की बोरी भी उठाकर ले गए थे। इधर एसओ ने बताया कि दो लोगों का शांतिभंग में चालान किया गया था।

परौर क्षेत्र के गांव बरखामई निवासी कल्याण(55) 25 अगस्त को खेत पर बकरी चरा रहा था। गांव के महिपाल व रंजीत उसके पास आए और कहा कि खेत में बकरी से फसल चरवा दी। उसने कहा कि बकरी मेरे खेत पर चर रही है। इस बात पर विवाद हो गया। आरोपियों ने उसे लाठी से पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराया था। उसके पेट में गुम चोट होने पर भर्ती कराया गया था। दो दिन तक इलाज कराने के बाद परिवार वाले उसकी छुट्टी कराके घर ले गए। घर से उसका इलाज हो रहा था। मंगलवार शाम सात बजे कल्याण की मौत हो गयी। मृतक के भाई पातीराम ने उसके मरने की सूचना थाने पर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई पातीराम का कहना है कि उसने परौर थाने पर दो आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी। घटना के तीसरे दिन परिवार का कोई भी घर पर नहीं थे, सिर्फ औरतें थी। आरोपी जबरन सरसों और गेहूं की बोरी उठाकर ले गए। प्रभारी निरीक्षक सोनी शुक्ला ने बताया कि दो लोगों के खिलाफ एनसीआर दर्ज की गयी थी और दोनों आरोपियों का शांतिभंग में चालान किया गया था। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। उसकी पत्नी का नाम धनका है और एक पुत्री है, जिसकी शादी हो चुकी है। मौत की खबर से रोना पीटना मच गया।

● **खेत में बकरी जाने पर हुआ था विवाद, पुलिस ने नहीं दर्ज की रिपोर्ट**

● **एसओ ने कहा, शांतिभंग में किया था चालान**

# हत्यारोपी महिला को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पुवायां, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव की किशोरी ने केस दर्ज कराया था कि गांव निवासी आरोपी सुरजीत उसकी मां को अपने साथ जबरन रखना चाहता था। मना करने पर आरोपियों ने उसकी मां के साथ मारपीट की।

जिसके बाद उसकी मां ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। विवेचना में मामला हत्या का निकला था। इसके बाद मंगलवार को पुलिस ने आरोपी सुरजीत और राजेश को बंडा रोड पर जुझारपुर मोड़ पर से गिरफ्तार कर लिया था। इसी मामले में बुधवार को पुलिस ने एक महिला आरोपी मुन्नी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अभी चार आरोपी फरार हैं।

# पुवायां में भी डॉक्टर के खिलाफ भड़का गुस्सा, परिजनों ने लगाया जाम

संवाददाता, पुवायां/शाहजहांपुर

● **गलत इंजेक्शन लगाने से किशोरी की मौत का आरोप**

● **बुखार आने पर निजी अस्पताल में कराया था भर्ती**

● **घंटे से अधिक समय तक राजीव चौक पर होता रहा हंगामा**

● **नायब तहसीलदार ने डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई का दिया भरोसा**



राजीव चौक पर पुलिस से आक्रोश व्यक्त करते परिजन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** किशोरी की तबीयत खराब होने पर परिवार वाले उसे निजी अस्पताल ले गए। डॉक्टर ने किशोरी को दवा देकर इंजेक्शन लगाया। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। परिवार वालों का आरोप है कि गलत इंजेक्शन लगाने से किशोरी की मौत हुई है। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार शाम शव पुवायां पहुंचा तो राजीव चौक पर परिजनों ने जाम लगा दिया। परिजन डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई और अस्पताल सीज किए जाने की मांग कर रहे थे। नायब तहसीलदार और इंस्पेक्टर के आश्वासन के बाद शांत हुए। राजीव चौक पर शाम सात बजे से आठ बजे तक हंगामा होता रहा।

पुवायां क्षेत्र के मोहल्ला छावनी निवासी विनोद कुमार चाट का ठेला लगाता है। उसकी बेटी निशा(15) को काफी तेज बुखार आया। मंगलवार की दोपहर निशा की मां उसे एक निजी अस्पताल ले गई। डॉक्टर ने उसे दवा दी और इंजेक्शन लगाया और कुछ देर बाद किशोरी की मौत हो गई। मृतका निशा के पिता विनोद कुमार का आरोप है कि डॉक्टर से जो दवा ली थी, वह उन्होंने वापस ले ली। साथ ही डॉक्टर ने उसकी बेटी का बनाया गया पर्चा भी वापस ले लिया और वाहन से शव को घर भेज दिया। आरोप है कि गलत इंजेक्शन लगाने से उसकी बेटी की मौत हुई है। उन्होंने थाने में तहरीर दी। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार शाम सात बजे शव पुवायां पहुंचा तो राजीव चौक पर परिजनों ने जाम लगा दिया। परिजन डॉक्टर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज गिरफ्तार और अस्पताल सीज किए जाने की मांग कर रहे थे। नायब तहसीलदार सृजित निगम और इंस्पेक्टर हरपाल सिंह बालियान के आश्वासन के बाद शांत हुए। राजीव चौक पर शाम सात बजे से सवा आठ बजे तक हंगामा होता रहा। घटना को लेकर कश्यप समाज में आक्रोश है।

> पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा और मामले की जांच की जा रही है।, ताकि घटना को लेकर स्थिति साफ हो सके।
> **- हरपाल सिंह बालियान**, प्रभारी निरीक्षक

## सार-संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत



**जलालाबाद, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव डहर में बुधवार सुबह नौ बजे सुखदेवी पत्नी अमित कुशवाहा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मायके पक्ष के लोगों ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी की शादी 12 जुलाई 2024 को की थी और ससुराल पक्ष लगातार बाइक व नगदी की मांग कर रहे थे। मृतका के पिता वेदराम ने बताया उन्होंने दहेज की मांग पूरी नहीं होने के कारण हत्या कर दी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**पुवायां, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव मरेना निवासी राजेंद्र प्रसाद ने 22 अप्रैल को पुत्री पूजा पटेल की शादी लखीमपुर खीरी जिले के मैलानी थाना क्षेत्र के गांव नगरिया निवासी नीरज कुमार के साथ की थी। शादी के बाद ससुराल पक्ष के लोग नवविवाहिता को घायल हालत में 30 अगस्त दोपहर बाद घर छोड़ कर चले गए। संदिग्ध परिस्थितियों में घायल महिला को इलाज के बरेली भर्ती करवाया था। इलाज के दौरान मंगलवार रात में मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह बालियान ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट आने पर मृत्यु का कारण स्पष्ट हो जाएगा।

### भट्ठा संचालक से रंगदारी मांगने का आरोप

**रौसर कोठी, अमृत विचार :** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के एक ईंट भट्ठा संचालक से रंगदारी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने एसपी को पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। रामचंद्र मिशन क्षेत्र के पुत्तू लाल चौराहा निवासी तगम्मुल हुसैन खां ने एसपी को दिए पत्र में बताया कि 30 अगस्त को उनके पुत्र शाह हुसैन मां व छोटे भाई के बरेली जा रहा था। सुबह करीब 9 :30 बजे मोहल्ला रेती में रहने वाले एक व्यक्ति ने उन्हें रोक लिया और गाली गलौज करते हुए 50 हजार रुपये रंगदारी मांगने लगे। विरोध करने पर भट्ठे में तोड़फोड़ की धमकी दी। पूर्व में भी यह लोग रंगदारी वसूल चुके हैं। भट्ठा स्वामी ने आरोपियों से पूरे परिवार को जान माल का खतरा बताया है। इंस्पेक्टर आरसी मिशन चंद्र प्रकाश शुक्ला ने बताया कि भट्ठा स्वामी के पुत्र व आरोपी पक्ष के बीच गाड़ी टकराने को लेकर विवाद हो गया था। जिसमें दूसरे पक्ष की ओर से पूर्व में तहरीर दी जा चुकी है। मामले की जांच की जा रही है।

### बाइक की टक्कर से छात्रा घायल

**निगोही, अमृत विचार :** नगर निवासी राजपाल की पुत्री ज्योति(14) कक्षा नौ की छात्रा है। वह बुधवार सुबह 7 : 30 बजे साइकिल से हमजापुर स्थित सुभद्रा देवी इंटर कॉलेज जा रही थी, तभी हमजापुर चौराहे पर तेज गति से बाइक चालक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास के दुकानदारों ने छात्रा को सीएचसी भेज दिया। तब तक बाइक चालक बाइक लेकर भाग गया।

### ससुराल में रही तो जान से मार डालेंगे

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला गदियाना निवासी ओमकार सक्सेना ने बताया कि उसने अपनी पुत्री मुस्कान की शादी जुलाई 24 में अमित कुमार निवासी रोजा अड्डा के साथ की थी। उसकी पुत्री का पुराना सहपाठी अंकज पाल निवासी तेरा थाना सिंधौली उसकी पुत्री व दामाद को इंस्टाग्राम के माध्यम से धमकी देता है कि तुम ससुराल में रही तो जान से मार डालेंगे। उसकी पुत्री के ससुर को भी कचहरी में जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने आरोपी अंकज पाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# ट्रक की चपेट में आकर श्रमिक की मौत

संवाददाता, अल्हागंज

**अमृत विचार :** फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे पर मंगलवार रात ट्रक की चपेट में आकर एक श्रमिक की मौत हो गई।

कस्बे के बगिया द्वितीय निवासी दिवारीलाल गुप्ता(45) मंगलवार रात 11 बजे अपने घर के बाहर बैठा था। इसी दौरान फर्रुखाबाद की तरफ से आ रहे ट्रक ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर गांव के लोगों की भीड़ लग गई। उन्हें गंभीर घायल अवस्था में परिजन और गांव वाले फर्रुखाबाद अस्पताल ले जा रहे थे लेकिन दिवारीलाल ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। दिवारी लाल मूंगफली के गोदाम पर मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। उनके पांच बच्चे हैं। सबसे बड़ा पुत्र 10 वर्ष का है। बच्चों के सिर से पिता का साया उठने के बाद इनके भरण पोषण की भी समस्या पैदा हो गई है। पत्नी भी मूक बधिर है। सूचना पाकर पुलिस रात में ही मौके पर पहुंच गई थी। चालक को हिरासत में लेने के साथ ही ट्रक को कब्जे में ले लिया।

● **फर्रुखाबाद हाईवे स्थित घर के बाहर बैठा था दिवारीलाल**

### बैक करते समय ट्रक से घायल हुए युवक की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बुधवार सुबह सीतापुर रोड पर जमुही गांव के सामने ट्रक बैक करते समय एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने घायल को मेडिकल कॉलेज भेजा। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। लखीमपुर के कस्बा मैगलगंज निवासी विजय कुमार(40) की बहन जयदेवी रामचंद्र मिशन क्षेत्र के मोहल्ला रेती में रहती है। वह अपनी बहन के पास दस साल से रहकर शादी आदि पार्टी में खाना बनाने का काम करता था। मंगलवार शाम विजय बहन को बिना बताए घर से निकला था। बुधवार सुबह छह बजे वह सीतापुर रोड पर जमुही गांव के सामने खड़ा था। बताते है कि एक चालक ट्रक बैक कर रहा था, वह अचानक ट्रक की चपेट में आकर घायल हो गया। उसे मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को उसकी जेब से आधार कार्ड मिला उसके आधार पर परिजनों को सूचना दी गई। बहन ने शव की शिनाख्त की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि उसकी ट्रक से दबकर मौत हो गई है। परिवार वालों की तरफ से तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। उसकी बहन ने बताया कि उसकी शादी नहीं हुई थी। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

# चार वाहन चोर गिरफ्तार, आठ बाइकें बरामद

**शाहजहांपुर अमृत विचार:** एसपी के निर्देश पर चलाए गए अभियान के दौरान खुदागंज पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। खुदागंज के प्रभारी निरीक्षक आरपी सिंह को बुधवार की सुबह सूचना मिली कि वाहन चोर कमलापुर पुलिया के निकट एक मंदिर के पास खड़े है।

पुलिस ने घेरा बंदी करके चार वाहन चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े वाहन चोर रुचित सिंह निवासी चिनौर थाना सदर बाजार, आलोक निवासी कलुआपुर थाना सिंधौली, सतेंद्र निवासी अमनपुर गौटिया थाना तिलहर, वरुण निवासी गदियाना थाना सदर बाजार है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की आठ बाइकें, 690 रुपये, तीन मोबाइल फोन बरामद किए है। अभियुक्त रुचित पर विभिन्न धाराओं के सात मुकदमें दर्ज है। पुलिस ने अभियुक्तों का चालान कर दिया।

**हाय बिजली** | **लोगों ने आधी रात मच्छरों से लड़ते कटी, सुबह आठ बजे शुरू हुई सप्लाई, मोहल्ला दिलाजाक में फुंकी बंच लाइन**

# रात ढाई बजे अचानक गुल हो गई बिजली, गर्मी ने किया बेहाल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** शहर के कई मोहल्लों में रात ढाई बजे अचानक बिजली गुल हो गई। लोगों की आधी रात मच्छरों से लड़ते-लड़ते कटी, सुबह आठ बजे तब सप्लाई शुरू हुई जब लोग बच्चों को स्कूल भेजने की तैयारी कर चुके थे। वहीं मोहल्ला दिलाजाक में बंच लाइन फुंक जाने से बिजली गुल हो गई। मोहल्लेवासियों ने पावर हाउस पर शिकायत दर्ज कराई तब दो घंटे बाद बिजली सप्लाई शुरू हो गई लेकिन आधी रात के बाद फिर बिजली गुल हो गई। बिजली गुल होने बच्चों की नींद पूरी नहीं हो पाई, सुबह स्कूल भेजने के लिए जगाने पर सिर दर्द का रोना रोने लगे।

मंगलवार को दिन में तेज धूप की वजह से गर्मी से लोगों का बुरा हाल होता रहा। शाम को भी गर्मी बरकरार रही। रात में जब लोग घरों में गहरी नींद में सो रहे थे, तभी मघईटोला, चौभुर्जी, चारखंभा, बक्सरियां, तारीन बहादुरगंज, खिरनीबाग, सिंजई, हुंडालखेल आदि मोहल्लों में बिजली रात करीब ढाई बजे गुल हो गई। कमरों में लेटे जब लोग पसीना से तरबतर हो गए, तब उन्हें पता लगा कि बिजली कट हो गई। बिस्तर पर लेटे इस उम्मीद में करवट बदलते रहे कि थोड़ी-बहुत देर में बिजली आ रही होगी लेकिन भोर होने पर भी बिजली नहीं आई। बिजली जाने के बाद लोगों को मच्छर भी परेशान किए रहे। वहीं जिन घरों में इनवर्टर लगे थे, वह डाउन हो गए। जब पंखा बंद हुआ, तब उन्हें बिजली कट हो जाने का अहसास हुआ। आधी रात के बाद बिजली गुल रहने की वजह से छोटे-छोटे बच्चों की नींद भी पूरी नहीं हो पाई। जैसे-तैसे रात कटी। भोर होने पर बच्चे गहरी नींद में चले गए। सुबह उन्हें स्कूल जाने के लिए बड़ी मुश्किल से उठाया। वहीं प्राइवेट कंपनियों में देर तक काम करके लौटने वाले कर्मचारियों और देर से दुकान बंद कर लौटने वाले व्यापारियों की भी नींद पूरी नहीं हो पाई। इससे सुबह उनकी दिनचर्या भी अस्त-व्यस्त हो गई। बिजली गुल होने का खेल में दिन में भी होता रहा। चौभुर्जी में दोपहर करीब 12 बजे बिजली गुल हो गई। करीब एक घंटे बाद बिजली आई, तब लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं मोहल्ला दिलाजॉक में मंगलवार रात करीब 11 बजे अचानक बंच लाइन फुंकने लगी। तेज चिंगारी उठने के कुछ देर बाद बिजली गुल हो गई। इससे मोहल्ले में अंधेरा हो गया। मोहल्ले के लोग घरों के बाहर निकल आए और निगोही रोड स्थित पावर हाउस पर कर्मचारियों और अधिकारियों को फोन कर शिकायत दर्ज कराई, तब करीब दो घंटे बाद लाइन दुरूस्त कर बिजली सप्लाई शुरू की गई लेकिन आधी रात के बाद फिर बिजली गुल हो गई। बुधवार शाम पांच बजे ट्रिपिंग शुरू हो गई। इसी तरह पुवायां, निगोही और कलान में भी बिजली कटौती का खेल चल रहा है। इन क्षेत्रों में भी रात और दिन की कटौती और ट्रिपिंग लोगों को परेशान किए है। कई बार शिकायत किए जाने के बाद भी कटौती में सुधार नहीं हो पा रहा है।



● **बच्चों की पूरी नहीं हो पाई नींद सुबह जागने पर होने लगा सिर दर्द**


### अक्सर लो वोल्टेज की बनी रहती है दिक्कत

शहर में यदि कभी-कभार ठीक तरह से बिजली आ भी जाए, तब फिर लो वोल्टेज की समस्या खड़ी हो जाती है। पंखा इस तरह से चलते हैं कि एक-एक पर गिन लिया जाए, कूलर और एसी तो चलने का सवाल ही नहीं उठता। लो वोल्टेज की यह समस्या उस समय ज्यादा होती है, जब तेज गर्मी पड़ रही होती है।

### ...फिर भी बनी रही समस्या

तिलहर कस्बे में बिजली कटौती की समस्या का समाधान बिजली उपकेंद्र पर हंगामा किए जाने के बाद भी नहीं हो पा रहा है। रात नौ बजे जब लोग या तो खाना खा रहे होते हैं, या फिर बिस्तर पर जाने की तैयारी में होते हैं, बिजली गुल हो जाती है। रात 11 बजे आती है। सुबह पांच बजते ही गुल हो जाती है। फिर चार घंटे बाद आई और दोपहर एक बजे फिर कट हो जाती है। शाम को पौने पांच या साढ़े पांच बजे के बीच आती है।

> बिजली तो बेहतर तरीके से सप्लाई की जा रही है, कभी-कभी लोकल फॉल्ट या तकनीकी कमियों की वजह से बिजली कट जाती है, लेकिन हर संभव प्रयास है कि उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से बिजली मिलती रहे।
> **-जेपी वर्मा**, अधीक्षण अभियंता।


गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु
गुरुर्देवो महेश्वरः।
गुरुर्साक्षात् परब्रह्म
तस्मै श्री गुरवे नमः

# शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

Happy Teacher's Day

आप सभी को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


डॉ. अनीता सिंह
प्रधानाचार्य
राजाराम महिला इंटर कॉलेज, बदायूं

आप सभी को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


मनीष कुमार
(राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक)
उच्च प्राथमिक विद्यालय दहेमू, वि. क्षे. उझानी

आप सभी को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Teacher's Day!


प्रदीप भदौरिया

आप सभी को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


चंद्रकेश यादव
(गुरु जी)
जिलाध्यक्ष
समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा, बदायूं

आप सभी को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


सैफउद्दीन

आप सभी को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ


आयुष भारद्वाज
जिला मीडिया प्रभारी
उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, बदायूं

आप सभी को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Teacher's Day!


सौरभ सक्सेना

शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


दीपक मिश्रा
शिक्षक बेसिक शिक्षा विभाग


शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश कुमार यादव (प्रधानाचार्य)
पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज टिम्बरपुर सोरों

सर्वहितकारी परिवार
जसूपुरा, अमाँपुरा
की ओर से समस्त शिक्षकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


धीरेंद्र सोलंकी
ए.आर.पी. विकास क्षेत्र अमाँपुर, जनपद कासगंज
डॉ. मंजू चौहान
प्रधानाध्यापिका
उच्च प्राथमिक विद्यालय सुजरई, अमाँपुर

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ
जनपद कासगंज की ओर से समस्त शिक्षकों, शिक्षिकाओं एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनायें


शुभनेश यादव
जिलाध्यक्ष


मुनेश राजपूत
जिला महामंत्री


दिलीप कुमार यादव
वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष


गजेन्द्र प्रताप यादव
जिला उपाध्यक्ष/ब्लाक अध्यक्ष सोरों


अंकित पुंढीर
जिला उपाध्यक्ष


राजवीर सिंह गौतम
जिला कोषाध्यक्ष

# उत्कृष्ट कार्य के लिए सात शिक्षिकाओं का सम्मान



शिक्षिकाओं को सम्मानित करतीं इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष ज्योति शर्मा। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● रैना बाग कॉलोनी में इनरव्हील क्लब ने सभी को दुपट्टा ओढ़ाकर भेंट किए उपहार

**अमृत विचार :** इनरव्हील क्लब की ओर से शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सात शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया।

बुधवार को रैना बाग कॉलोनी में क्लब की वरिष्ठ सदस्य रीना अग्रवाल के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में मेघना खन्ना, अंशु टंडन, रुचि गुजराती, अर्चना सिंह, सीता आनंद, अर्पण महावर आदि शिक्षिकाओं के साथ शांतिकुंज हरिद्वार की सदस्य अर्चना गुप्ता को सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। क्लब अध्यक्ष ज्योति शर्मा ने सभी को दुपट्टा ओढ़ाकर और उपहार भेंटकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। क्लब की वरिष्ठ सदस्य मिथिला अंचल, सुनीता गर्ग, कंचन खन्ना, आदर्श सक्सेना, रीना अग्रवाल, विभा अग्रवाल ने अलग-अलग शिक्षकों के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। इसी मौके पर जरूरतमंद बालिका को रेनू अरोरा ने पाठ्य सामग्री प्रदान की। सुमन पाठक और विथिका कपूर के संयोजन में हुए कार्यक्रम में सचिव निधि मिश्रा ने आभार व्यक्त किया। सुधा प्रसाद, माधुरी रस्तोगी, सरिता अग्रवाल, पूनम टंडन, राजेंद्र कौर, गीता गुप्ता, ज्योति गुप्ता, ममता अरोड़ा, अनुराधा अग्रवाल, मंजुला आदि का योगदान रहा।

# तिलहर, जैतीपुर बीडीओ और दो लेखाकारों का वेतन रोका

## मनरेगा से नियम विरुद्ध रुपये फर्मों को बांटने में कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● सात दिन में मांगा जवाब, प्रधानों ने सीडीओ से की थी आवंटित धनराशि को लेकर शिकायत

**अमृत विचार:** सीडीओ ने मनरेगा से ज्यादा पैसा निकाल कर फर्मों को बांटने के मामले में तिलहर और जैतीपुर के बीडीओ मनीष दत्त का वेतन रोक दिया है। साथ ही तिलहर ब्लॉक के लेखाकार दीपक चंद्र भट्ट व जैतीपुर ब्लॉक के लेखाकार दानिश का भी वेतन रोका है। दोनों से सात दिन में जवाब मांगा गया है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर इनके खिलाफ आगे भी कार्रवाई हो सकती है।

राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के कार्यकारी जिला अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह से मिलकर मनरेगा की आवंटित धनराशि को लेकर शिकायत की थी। उन्होंने बताया था कि मनरेगा योजना के तहत सामग्री की धनराशि लंबे समय के बाद प्राप्त होती है। यह पैसा फर्मों को बांटा जाता है। पहले यह धनराशि केंद्र से प्रदेश के लिए आया करती थी और एक ही खाते से प्रदेश के सभी जिले इस धनराशि का आवंटन किया करते थे। जिसमें कुछ जिले ज्यादा और कुछ जिले कम पैसा ले पाते थे। सभी को समान पैसा मिले इसके लिए इस बार प्रदेश सरकार ने व्यवस्था में बदलाव करते हुए जिला बार बजट का वितरण किया। सभी जिलों को एक निश्चित पैसा दिया गया। शाहजहांपुर को 13 करोड़ चार लाख रुपये की धनराशि उपलब्ध हुई। इस पैसे का वितरण 30 अगस्त को किया गया।

प्रदेश सरकार के कार्य की भांति ही मुख्य विकास अधिकारी ने 15 ब्लॉक को बराबर अनुपात के हिसाब से धनराशि आवंटित करने को पत्र जारी किया, लेकिन जनपद के कुछ खंड विकास अधिकारियों ने इस आदेश की खुली अवहेलना की। अपने टारगेट से ज्यादा धनराशि का वितरण फर्मों को कर दिया। जबकि सीडीओ का साफ आदेश था कि सभी ब्लॉक अपने वितरण लक्ष्य के अनुसार ही पैसा बांटेंगे। तिलहर ब्लॉक को 75 लाख रुपये का वितरण करना था, लेकिन उन्होंने दो करोड़ 12 लाख रुपये बांट दिए। इसी तरह जैतीपुर ब्लॉक ने भी लक्ष्य से ज्यादा पैसा बांट दिया। सिंधौली ब्लाक को एक करोड़ तीन लाख रुपये मिलना था, लेकिन सिंधौली को केवल 33 लाख रुपये ही मिल पाए। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने सख्त कार्रवाई करने की बात कही थी। जिसके बाद बुधवार को तीनों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

### मनीष दत्त पर है दो ब्लॉकों का चार्ज

वर्तमान में तिलहर और जैतीपुर दोनों ब्लॉकों का चार्ज एक ही बीडीओ मनीष दत्त के पास है। ऐसे में सीडीओ ने मनीष दत्त का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोक दिया है। साथ ही सात दिन में जवाब मांगा गया है। इसके साथ तिलहर ब्लॉक के लेखाकार दीपक चंद्र भट्ट और जैतीपुर ब्लॉक के लेखाकार दानिश का भी वेतन रोक कर जवाब मांगा है।

> मनरेगा का ज्यादा पैसा खर्च करने में तिलहर, जैतीपुर बीडीओ व दो लेखाकारों का वेतन रोका गया है। तिलहर व जैतीपुर दोनों जगह के वीडियो मनीष दत्त ही हैं। जबकि तिलहर लेखाकार दीपक चंद्र भट्ट व जैतीपुर लेखाकार दानिश का वेतन रोका गया है। इनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है।
> – **पवन कुमार सिंह**, डीडीओ।

## एक नजर

### एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम सात को

**शाहजहांपुर।** संस्कृति विभाग लखनऊ और समीक्षा सांस्कृतिक मंच के संयुक्त तत्वावधान में सात सितंबर को काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में एक शाम शहीदों के नाम नामक समारोह का आयोजन किया जाएगा। समीक्षा सांस्कृतिक मंच के मुखिया और कार्यक्रम के मुख्य संयोजक संजीव सोनू ने बताया कि शनिवार को शाम छह बजे गांधी भवन प्रेक्षागृह में अमर शहीदों की स्मृति में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

### विभिन्न खेलों के चयन ट्रायल कल से

**शाहजहांपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय सीनियर पुरुष–महिला वर्ग प्रतियोगिता के लिए विभिन्न खेलों के जिला स्तरीय चयन ट्रायल छह सितंबर से स्पोर्ट्स स्टेडियम हथौड़ा में होंगे। जिला क्रीड़ा अधिकारी एसपी बमनिया ने बताया कि छह सितंबर को पुरुष फुटबाल और वॉलीबाल, 12 सितंबर को पुरुष कबड्डी, 20 सितंबर को महिला–पुरुष जिम्नास्टिक और टेबिल टेनिस व 27 सितंबर को महिला–पुरुष बैडमिंटन का चयन ट्रायल होगा। सभी चयन ट्रायल शाम चार बजे से होंगे।

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
ROHILKHAND AYURVEDIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL BAREILLY Excellence towards profession
पता: सेक्टर -7, रामगंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली मो. 8077808309
फ्री कैम्प 2 सितम्बर से 7 सितम्बर 2024 तक
कायचिकित्सा विभाग :- शुगर, रक्तचाप व हृदय सम्बन्धित रोग, फैटी लीवर, हैपेटाइटिस एवं पेट सम्बन्धित रोग, त्वचा रोग, बालों का झड़ना, मोटापा, सिरदर्द, माइग्रेन, मुँह टेढ़ा होना, फालिज, नस सम्बन्धित बीमारियाँ तथा मलेरिया, टायफायड, डेंगू तथा जीर्ण ज्वर एवं सभी प्रकार के जोड़ो के दर्द, गठिया, स्पांडिलाइटिस, सियाटिका का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज
शल्यतंत्र विभाग :- बवासीर, भगन्दर व फिशर का क्षार-सूत्र विधि द्वारा सफल इलाज, पैरों की नसों में नीलापन/सूजन वेरीकोज वेन्स, कोर्न, कुठारी/पैर के तल में गांठ, चर्बी की गांठ, सिस्ट और पुराने से पुराने जख्म का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज
पंचकर्म विभाग :- शरीर की अशुद्धियों को दूर करना (Detoxification) फालिज, सियाटिका, गठिया का स्वेदन, शिरोधारा, बस्ति, जलौका, वमन, नस्य आदि प्रक्रिया द्वारा इलाज
कौमारभृत्य/बाल रोग विभाग :-बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने के लिये स्वर्ण प्राशन संस्कार, हाइट बढ़ाना, ऑटिज्म (Autism), loss of concentration या ADHD विकार तथा वंशानुगत मांसपेशी विकार, मायोपैथी आदि बीमारियों का आयुर्वेदिक इलाज
शालाक्य तंत्र विभाग :- तर्पण विधि द्वारा बच्चों के नज़र के चश्में का नम्बर कम करना । नाक के अन्दर मांस बढ़ जाना व कान के पर्दे के छेद का आयुर्वेदिक औषधियों द्वारा बिना ऑपरेशन सफल इलाज
गले, कान, नाक व आँख के रोग का इलाज
प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग :- नार्मल डिलीवरी, रसौली, बच्चेदानी के मुख का घाव/सूजन, PCOD, श्वेत प्रदर, स्तन में गांठ आदि रोगों का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज
अगद तंत्र एवं स्वस्थवृत्त विभाग :- ततैया/बर्र, मधुमक्खी/बरसाती कीड़ा, काटने पर आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज
पथ्य (डाईट) व योग सम्बन्धित जानकारी
कायचिकित्सा विभाग | शल्यतंत्र विभाग | पंचकर्म विभाग | कौमारभृत्य/बाल रोग विभाग | शालाक्य तंत्र विभाग | प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग | अगद तंत्र एवं स्वस्थवृत्त विभाग
ब्लड ग्रुप, हीमोग्लोबिन एवं शुगर की निःशुल्क जाँच तथा शेष जाँचो में छूट
निः शुल्क परामर्श
उपलब्ध सुविधाये :-
X-RAY, ULTRASOUND, BLOOD TEST, ECG

# स्वाद के साथ पौष्टिकता का भी ध्यान रखें बच्चे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● जीएफ कॉलेज में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के तहत हुई गोष्ठी व क्विज

● शिक्षकों ने फास्ट फूड से होने वाली बीमारियों से कराया अवगत

**अमृत विचार :** जीएफ कॉलेज के जंतु विज्ञान विभाग की सालिम अली जूलोजीकल सोसाइटी के तत्वाधान में बुधवार को राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के तहत व्याख्यान और क्विज कंपटीशन का आयोजन किया गया। क्विज के विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. मोहसिन हसन खां ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चे पिज्जा, पास्ता, मोमोज़ आदि फास्ट फूड का बहुत अधिक सेवन करने लगे हैं, जिसे खाने से पेट तो भर जाता है, लेकिन न्यूट्रिशन पूरा नहीं मिल पाता है। बच्चों को स्वाद के साथ पौष्टिकता का भी ध्यान रखना चाहिए। विभागाध्यक्ष डॉ अरीब अंजुम रहमान ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों को फास्ट फूड बहुत पसंद है। लगातार फास्ट फूड खाने से कोलेस्ट्रोल, यूरिक एसिड जैसी बीमारियां बहुत कम उम्र में हो रही हैं। इन बीमारियों से बचने के लिए डाइट मैनेजमेंट होना बहुत आवश्यक है। साथ ही विटामिन डी की कमी भी बहुत आम हो गयी, जिससे त्वचा रोग, शरीर में दर्द आदि परेशानियां भी बढ़ने लगी हैं।

इस मौके पर हुई क्विज़ में जंतु विज्ञान विभाग के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। स्वर्णिम बाजपेयी, उरूज फातिमा को प्रथम, अलिया अदीब, इंशा रहमान, सदा फातिमा, हिना कौसर को द्वितीय और अलिशा, गौसिया एवं कसक सक्सेना को तृतीय स्थान मिला। संचालन डॉ सौम्या शर्मा और डॉ शाहिस्ता खान ने किया। इस अवसर पर डॉ मुहम्मद शोएब, डॉ अरशद अली, डॉ राजेश कुमार, प्रोफेसर साजिद खान आदि मौजूद रहे।



जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ अरीब अंजुम रहमान के साथ क्विज विजेता।

# चार शिकायतों में तीन का निस्तारण

संवाददाता, खुटार

● ब्लॉक सभागार में फरियादियों की सुनीं गईं शिकायतें

● प्रार्थना पत्र पर ब्लॉक प्रमुख और बीडीओ ने लिया संज्ञान

**अमृत विचार :** ब्लॉक दिवस का आयोजन बुधवार को ब्लॉक सभागार में किया गया, जिसमें कई फरियादियों ने प्रार्थना पत्र दिए। जहां तीन शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। एक मामले में टीम गठित कर जांच करने के आदेश दिए गए है।

शासन की ओर से अब ब्लॉक स्तर पर भी जनसमस्याओं को लेकर आने वाली शिकायतों का निस्तारण हो सकेगा। इसके लिए प्रशासनिक अधिकारी शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनकर निस्तारण करेंगे। इसके साथ ही अब हर महीने के प्रथम और तृतीय सप्ताह में ब्लॉक दिवस के रूप में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बुधवार को खुटार के ब्लॉक दिवस में चार शिकायतें पहुंची। जहां फरियादियों ने ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित, खंड विकास अधिकारी वीरेंद्र मिश्रा को प्रार्थना पत्र दिया। उन्होंने मामले को संज्ञान में लिया और सचिवों को मौके पर बुलाकर जांच करने के निर्देश दिए। इसके बाद निस्तारण करा दिया गया। इसमें एक शिकायत में रास्ता को लेकर प्रार्थना पत्र दिया गया। जिसमें बीडीओ ने सचिव को जांच करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि अब हर महीने में दो बार ब्लॉक दिवस का आयोजन होगा। इसमें जनसमस्याओं को सुनकर निस्तारण किया जाएगा। ब्लॉक दिवस में एडीओ पंचायत अनुराग शर्मा, एडीओ आई एसबी भक्त दर्शन शुक्ला, पशु चिकित्साधिकारी राजेन्द्र प्रसाद व समस्त सचिव, प्रधान आदि मौजूद रहे।



समस्याएं सुनते ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित, बीडीओ वीरेंद्र मिश्रा व अन्य अधिकारी।

## तीन अवर अभियंताओं को बांटे नियुक्ति पत्र

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** उ.प्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की की भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से 1334 अवर अभियंता, संगणक व फोरमैन को नियुक्ति पत्र लोक भवन में दिए गए। इसी क्रम में बुधवार को जनपद के विकास भवन में नियुक्ति पत्र वितरण का लाइव प्रसारण आयोजित किया गया। जिसमें जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष डीपीएस राठौर, सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह और डीडी कृषि धीरेंद्र सिंह की उपस्थिति में 3 अभ्यर्थियों जीवेश पाल कृषि विभाग, विपिन कुमार ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, अनुज यादव ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अवर अभियंता पद के लिए नियुक्ति पत्र वितरित किए। अतिथियों ने अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर, जिला कृषि रक्षा अधिकारी संजय कुमार, डीपीओ अरविंद रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

## आठ साल के बच्चे का फिर रुका इलाज, मदद की दरकार

**शाहजहांपुर।** उमरिया कल्याणपुर गांव के रहने वाले पंकज कुमार शुक्ला के पुत्र कृष्णा शुक्ला(8) के दोनों गुर्दे खराब है। कई महीनों से चल रहे इलाज के कारण परिवार आर्थिक रूप से बर्बाद हो चुका है। कृष्णा को अब जनसहयोग की आवश्यकता है। उसका इलाज लखनऊ के पीजीआई अस्पताल में चल रहा है। सहयोग संस्था को फेसबुक से मिली सूचना पर संस्था के सचिव निखिल महेंद्रू ने परिवार के खाते में ऑनलाइन रुपये देकर उनकी आर्थिक मदद को अपने हाथ आगे बढ़ाए। उन्होंने आगे भी मदद का आश्वासन दिया। उनकी ओर से की गई इस छोटी सी मदद से उनको कुछ राहत मिली है।

Bareilly International University
{Established under Govt. of U.P. Act No. 26 of 2016, and approved by University Grant Commission u/s. 2 (f) of UGC Act 1956}
Excelled in CUET? Join the Courses:
ADMISSIONS OPEN 2024
ONLINE REGISTRATION https://admissions.biuerp.com/
Courses Available
Under Graduate Courses
- BBA— Finance & Taxation
- B.Com (Hons)
- BCA— IT & Multimedia
- B.A. — Journalism
- B.A. — Mass Communication
- B. Pharm
- B.Sc. Forensic Sciences
- Post Basic B.Sc. Nursing
Diploma Courses
- X-Ray Technician
- MRI Technician
- Emergency & Trauma Care
- Dialysis Technician
- D. Pharm
- Dental Mechanics
- Dental Hygienist
Post Graduate Courses
- M.Com
- M.A. — Pol. Science
- MBA
- MHA
- MPH
- M.A. — English
- M.A. — Hindi
- M.A. — Psychology
- M.A. — Sociology
- M.A. — Journalism
- M.A. — Mass Communication
- M. Pharm (Pharmaceutics / Pharmacology)
- M.Sc. Forensic Sciences
- M.Sc. Medical Sciences
- M.Sc. Clinical Embryology
- Use of integrated pedagogy to train students in the art of interpretation and understanding.
- Use of present-day techniques for transforming imagination, reasoning and thought patterns.
- Use of experimental methods and research tools for teaching-learning process.
Contact for More Details
Admission Cell, Administrative Block
Rohilkhand Medical College and Hospital Campus, BIU
Pilibhit Bypass Road Bareilly-243006 (UP) India
Web: www.biu.edu.in
Email: admission@biu.edu.in
Admission Cell: 9105500202, 9105500404

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Address : Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly, 243006 (U.P.)
FACULTY OF PARAMEDICAL SCIENCES
FACULTY REQUIRED
Application are invited for the post of Associate Professor/ Assistant Professor in the Department of Paramedical Sciences.
Qualification M.Sc. RIT And M.Sc. Optometry Experience As Per UGC Norms.
The candidates with requisite qualification & good academic track can submit their application within 15 days to Email-facultyofparamedicalsciences@gmail.com
Contact Detail:- 8865080485
Principal
Faculty Of Paramedical Sciences

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## सार-संक्षेप

### डोर टू डोर पहुंचे पोषण माह अभियान, सभी को मिले लाभ



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** विकास भवन सभागार में महापौर अर्चना वर्मा ने सातवें पोषण माह का आरंभ किया। कार्यक्रम में उन्होंने 5 गर्भवती की गोद भराई, 2 बच्चों का अन्नप्राशन व 2 बच्चे जोकि सैम श्रेणी से मैम श्रेणी में सुधारीकृत हुए थे, उन्हें खिलौने दिए। बुधवार को पोषण माह के आरंभ पर महापौर ने उत्कृष्ट कार्य करने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। महापौर ने कहा कि पोषण माह अभियान डोर टू डोर पहुंचे। जिससे सभी को इसका लाभ मिल सके। बाल विकास परियोजना अधिकारी राजवीर वर्मा की ओर से माह के संबंध में जानकारी दी गई। इसके बाद प्रदेश स्तर पर से आयोजित मुख्यमंत्री की ओर से राष्ट्रीय पोषण माह के आरंभ का लाइव प्रसारण दिखाया गया। इस दौरान डीडीओ पवन कुमार सिंह, डीआरडीए पीडी अवधेश राम, जिला कार्यक्रम अधिकारी अरविंद रस्तोगी, कन्वर्जेंस विभाग के अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, मुख्य सेविका सेविकाएं, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां आदि मौजूद रहे।

### रामबाबू बने शोभायात्रा समिति के अध्यक्ष



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कटियाटोला स्थित भगवान वाल्मीकि मंदिर पर बुधवार को 17 अक्टूबर की शोभायात्रा समिति गठन के लिए बैठक की गई। जिसमें सर्वसम्मति से शोभायात्रा समिति के अध्यक्ष स्व : बाबूराम दौलतराम के छोटे भाई रामबाबू को बनाया गया। जिनका समाज के लोगों ने माला पहनाकर बधाई दी और नवनियुक्त अध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान रमेश सेठ, अशोक महाजन, गंगाराम प्रेमी, सुरेंद्रनाथ वाल्मीकि, मुरारी लाल भास्कर, रामकृपाल मानू, रोशन लाल मास्टर साहब नरेश सिद्धार्थ, आशुतोष आनंद हरिओम, विकास चंद्र, राजीव सिंह, सचिन प्रेमी, राजकुमार, रवि, लालू महाजन, संजीव चौधरी आदि मौजूद रहे। संचालन आकाश आनंद ने किया।

### भाजपा नेता के निधन पर शोक



**तिलहर, अमृत विचार :** भाजपा के नगर अध्यक्ष राजीव राठौर का मंगलवार रात हृदय गति रुकने से निधन हो गया। बुधवार को फर्रुखाबाद गंगा किनारे अंतिम विदाई दी गई। नगर के मोहल्ला नई बस्ती निवासी भाजपा नगर अध्यक्ष राजीव राठौर राजनपुर क्रय विक्रय समिति के सभापति थे। इससे पूर्व वह सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छह वर्षों तक प्रबंधक रहे थे। उन्होंने वर्ष 2017 में भाजपा से नगर पालिका परिषद अध्यक्ष का चुनाव भी लड़ा था। मंगलवार रात लगभग 11 बजे अचानक उनके सीने में तेज दर्द उठा और परिजन निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। निधन की जानकारी पर उनके आवास पर बड़ी संख्या में लोगों का पहुंचना शुरू हो गया। तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा ने भी परिजनों को ढांढस बंधाया। ज्येष्ठ पत्र सूर्यांश राठौर ने मुखाग्नि दी। राजीव के निधन से उनकी पत्नी विमलेश राठौर, पुत्री भूमि राठौर व सिद्धि राठौर एवं शोभित राठौर का रो–रो कर बुरा हाल है।

## खेत में दिखा भेड़िया, किसान पर हमले का प्रयास

**खुटार, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला बजरिया के रहने वाले राजेश ने बताया कि पंथवारी रोड पर उनका खेत है। खेत में धान के साथ सब्जी लगा रखी है। खेत में रहकर छुट्टा पशुओं से फसल की रखवाली करते है। बुधवार शाम करीब साढ़े पांच बजे खेत में सियार दिखाई पड़ा। बाद में पता चला यह भेड़िया है। डंडे को जमीन में फटकार भागने का प्रयास किया। लेकिन नहीं भागा। इसके बाद अन्य लोगों के साथ लाठी डंडों से भेड़िया को भगाया तो खेतों की तरफ निकल गया। लेकिन इतनी देर में किधर चला गया। इसका पता नहीं चला। आशंका है कि भेड़िया आसपास खेत में छिपा है। इससे किसी भी समय लोगों पर हमला कर सकता है। लोगों को जान का खतरा बना हुआ है। किसानों ने कहा कि खेत में भेड़िया के पगचिन्ह भी है। किसानों ने इसकी सूचना वनकर्मियों नहीं दी है।

# रास्तों में बह रहा गंदा पानी...उठ रही दुर्गंध

## खुटार के इटौआ और कुसुमा गांव के हाल बदहाल, संक्रामक रोग का बढ़ रहा खतरा



सामुदायिक शौचालय के बाहर गंदगी। ● अमृत विचार



इटौआ गांव में सड़कों व खड़ंजों पर गंदगी। ● अमृत विचार

संवाददाता, खुटार

● **सामुदायिक शौचालय व पंचायत घर में पसरी गंदगी, कैमरे गायब**

**अमृत विचार:** ग्राम पंचायत इटौआ में रास्तों पर गंदा पानी बह रहा है। वजह है कि नालियां कुछ स्थानों पर नहीं बनी है, तो कुछ स्थानों पर टूट चुकी हैं। देखभाल के अभाव में यह स्थिति हुई है। जिससे सफाई व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। गंदगी की वजह से संक्रामक रोग फैलने का खतरा बढ़ गया है। कुछ ऐसा ही हाल गांव कुसुमा में भी है।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव इटौआ में खड़ंजा बिछा हुआ है लेकिन नालियों का निर्माण कार्य नहीं कराया गया है। इसके लिए प्रधान से कई बार कहा गया। फिर भी ध्यान नहीं दिया गया। घरों से निकलने वाला पानी खड़ंजा पर बहता है। इससे कीचड़ हो जाती है। सफाई व्यवस्था की ओर भी

> संक्रामक रोग की रोकथाम के लिए गांव में सफाई व्यवस्था पर ध्यान दिया जा रहा है। यदि गांव में गंदगी आदि की समस्याएं है, तो निस्तारण कराया जाएगा। – **वीरेंद्र मिश्रा**, बीडीओ खुटार

ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लोगों को अपने घरों के सामने सफाई खुद करनी पड़ती है। नालियों का निर्माण कार्य को कई माह से कहते आ रहे हैं लेकिन इस बात को अनसुना कर दिया गया है। इसी खड़ंजे के पास मेन रास्ते में भी नाली नहीं है। कच्ची नालियों के सहारे पानी निकास है। इससे कीचड़ और गंदगी खड़ंजे पर हो जाती है। उधर, गांव के बाहर पंचायत घर बना है। जहां परिसर में घास उग आई है और कैमरे नहीं लगे है। इसके पास स्थित सामुदायिक शौचालय में साफ सफाई नहीं है। यहां अव्यवस्था है। सफाई के नाम पर खानापूर्ति कर दी गई। इधर, इसी ग्राम पंचायत के गांव कुसुमा में कई स्थानों पर बनी नालियां ध्वस्त हो चुकी है। जहां गंदा पानी सड़कों पर बहता नजर आ रहा है। इससे लोगों को आने जाने में काफी परेशानी से गुजरना पड़ता है। जबकि नालियां और रास्ते बराबर नहीं बने होने से उबड़ खाबड़ है। जिस कारण लोग परेशान है। ग्रामीणों ने व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराने की मांग की है।

### बंद मिला पंचायत घर

खुटार ब्लॉक की ग्राम पंचायत इटौआ में स्थित पंचायत घर है। जहां बुधवार को बंद मिला। लोगों ने बताया कि जब अधिकारी आते है। तभी पंचायत घर खोला जाता है। जरूरी दस्तावेज बनवाने के लिए लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। साथ ही फरियादियों को अधिकारियों का आने का इंतजार करना होता है। ऐसे में तमाम परेशानी होती है। प्रधान का कहना है कि सभी गांव में स्थित पंचायत घर बंद रहते है।



दोपहर 1 :16 बजे बंद पड़ा इटौआ का पंचायत घर।



गांव कुसुमा की नालियों में भरी गंदगी।

## उर्स में कव्वालों ने बांधा समां



उर्स के दौरान दुआ करते मुस्लिम समुदाय के लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, सिंधौली

**अमृत विचार :** गांव पसियाखेड़ा में नियाज अहमद हसन शाह का 21वां उर्स जोशो खरोश व अकीदत के साथ मनाया गया। सोमवार को महफिलें मिलाद ए पाक का आगाज कुरान शरीफ की तिलावत से शुरु हुआ। जिसमें दूर दराज से आए मौलाना कारी शकील अहमद अमरोहबी ने अपनी तकरीर से लोगों के दिलों को पुरनूर कर दिया।

सज्जादा नशीन अखलाक अहमद उर्फ नौशे मियां की सरपरस्ती में मंगलवार की रात को महफिले शमा (कव्वाली) का कार्यक्रम हुआ। कव्वाल अमीर अहमद नवाबगंज व वहीद कव्वाल गहलुईया शरीफ ने अखलाकी महफिल में कव्वाली पढ़कर शमां बांध दिया, जिससे अकीदतमंदो का दिल बाग-बाग हो गया। बुधवार दोपहर एक बजे कुल शरीफ हुआ। जिसमे में मुल्क के लिए अमन चैन कायम होने की दुआ हाथ उठाकर की गई, साथ ही उर्स ए पाक का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान खादिम सूफी मो. हासिम अखलाकी, मैनेजमेंट कमेटी प्रधान सलीम खान, मुन्ना, सूफी शाकिर खां, बब्लू, मौलाना अकमल रजा, मौलाना मो. रजा आदि सैकड़ों अकीदतमंद मौजूद रहे।

## शिक्षक समायोजन: पोर्टल पर लॉक की गई सूची

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद के परिषदीय स्कूलों में सरप्लस शिक्षकों का जरूरत के स्कूलों में समायोजन के लिए कार्रवाई पूरी कर ली गई है। बुधवार को कलक्ट्रेट में डीएम उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में समिति के सदस्यों ने जारी की गई समायोजन सूची के सापेक्ष प्राप्त आपत्तियों पर विचार किया। इसके बाद देर रात सूची पोर्टल पर लॉक कर दी गई। समायोजन का कार्य प्रदेश स्तर पर किया जाएगा। सचिव बेसिक शिक्षा परिषद ने परिषदीय प्राथमिक स्कूलों में आवश्यकता से अधिक नियुक्त शिक्षक–शिक्षकाओं और 150 से अधिक छात्र नामांकन वाले स्कूलों में नियुक्त प्रधान अध्यापकों को हटाने का निर्णय लिया था। जिले में इस प्रकार के 79 प्रधान अध्यापक और 96 सहायक अध्यापक चिन्हित किए गए थे। समायोजन सूची जारी करते हुए इन पर आपत्तियां भी मांगी गई थी, जिसकी अंतिम तिथि दो सितंबर थी। इस पर नियमानुसार 53 शिक्षकों ने ऑनलाइन आपत्तियां दर्ज कराई थी, साथ ही बड़ी संख्या में ऑफलाइन आपत्तियां भी विभाग को प्राप्त हुईं। ऑनलाइन आपत्तियों पर विचार करने के लिए डीएम की अध्यक्षता में छह सदस्यीय समिति गठित की गई थी, जिसमें सीडीओ, डायट प्राचार्य, बीएसए, विभागीय लेखाधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय शामिल थे। बीएसए दिव्या गुप्ता ने बताया कि फीडिंग कार्य चल रहा है, रात को ही सूची लॉक कर दी जाएगी।

## पुलिस ने पकडा मीट, अफसर का इंकार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रामचंद्र मिशन क्षेत्र के मोहल्ला गाड़ीपुरा में मंगलवार शाम छह बजे एक अज्ञात व्यक्ति ने डायल 112 पर सूचना दी कि एक युवक बंद पड़े मकान में मीट बेच रहा है। सूचना पर डायल 112 की पुलिस पहुंच गई। पुलिस को देखकर आरोपी घर से भाग गया। मौके पर पुलिस को तराजू बांट सहित कुछ मांस बरामद हुआ। डायल 100 की पुलिस ने थाना रामचंद्र मिशन को सूचना दी। दो सिपाही व एक दरोगा ने वीडियो बनाया। उधर, आरसी मिशन प्रभारी निरीक्षक से जब इस मामले की जानकारी की गई तो उन्होंने घटना होने से साफ इनकार कर दिया। जबकि पुलिस कमियों ने घटना की पुष्टि की है।

## सार-संक्षेप

### गोशाला का विस्तार कराकर पशुओं को दें आश्रय



**पुवायां, अमृत विचार :** हिंदू युवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र ने कार्यकर्ताओं के साथ छुट्टा गोवंशीय पशुओं की समस्याओं के समाधान के लिए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार श्रजित निगम को सौंपा। बुधवार को तहसील मुख्यालय पर एकत्रित हुए कार्यकर्ताओं ने कहा कि छुट्टा पशु पुवायां, बंडा, खुटार में जगह–जगह झुंड बनाकर बैठे रहते है, जिससे हादसे में इंसानों की मौत हो रही है। जिसके लिए बंडा और खुटार में गोशाला का निर्माण कराया जाए व पुवायां में बनी गोशाला का विस्तार कराकर इन पशुओं को वहां रखा जाए। सड़क पर छुट्टा घूम रहे गोवंशीय पशुओं की वाहनों से टकराकर मृत्यु हो जाती है। जिनको दफनाने के लिए जेसीबी मशीन की व्यवस्था कराई जाए। दूध देना बंद करने के बाद इन्हें खुला छोड़ देने वाले गो पालको को चिन्हित कर कार्रवाई की जाए। किसानों की फसल का नुकसान करने पर किसानों को मुआवजा देने समेत कई मांगे शामिल रही। इस दौरान अवनीश मिश्रा के साथ रोहित शुक्ला, रितेश मिश्रा, करन शुक्ला, शोभित तिवारी, रितिक गुप्ता, मोहित गुप्ता, संजय कुमार, सौरभ मिश्रा, विनोद वर्मा, अजय बाजपेई आदि मौजूद रहे।

### शरारती तत्वों पर कार्रवाई करने की मांग



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** धार्मिक स्थल की चारदीवारी सामाजिक चंदे से कराए जाने की अनुमति को लेकर मोहल्ले वाले कलेक्ट्रेट पहुंचे और उन्होंने शरारती तत्वों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की। रामचंद्र मिशन के मोहल्ला ख्वाजा फिरोज निवासी विकास शर्मा ने बताया कि घर के सामने पुश्तैनी जमीन है। जिस का कब्जा व दखल मालिकाना हक है। उन्होंने पुश्तैनी जमीन को शिव मंदिर बनाने के लिए दे दी है। मंदिर बनाने को सब लोग तो राजी हैं, लेकिन एक परिवार कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। मोहल्ले वासियों से झगड़ा करने को तैयार रहते हैं, साथ ही जान से मारने की धमकी देते हैं। आरोप है कि कुछ लोगों ने धार्मिक स्थल तक तोड़ने तक की बात कही। जिसके बाद मोहल्लेवासी बुधवार को कलेक्ट्रेट में पहुंचे। इस दौरान कृष्ण कुमार, शिव कुमार, मोहित, विकास, नीरज, आलोक, सुरजीत, अमित, प्रेमनाथ, नरेन्द्र, रामकुमार, राज सिंह, अनुज, शिवा सिंह चांदनी आदि मौजूद रहे।

### गोवंश की समस्या के निवारण को सौंपा ज्ञापन

**जलालाबाद, अमृत विचार :** भारतीय बजरंग दल के प्रदेश महामंत्री मुनिराज के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गोवंश की समस्या के निवारण के लिए एसडीएम डॉ. रविंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपा। बुधवार को दिए ज्ञापन में बताया कि एक सितंबर को फर्रुखाबाद बरेली स्टेट हाईवे पर गांव कटियूली के पास सड़क दुर्घटना में नो गोवंश की मौत हो गई थी। उन सभी ग्रामों को चिन्हित किया जाएं, जहां गोवंश घूमते रहते हैं और संबंधित जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाए। जलालाबाद तहसील में स्थित सभी गोशालाओं के नाम उनकी क्षमता व वर्तमान में उपस्थित गोवंश की सूची एसडीएम कार्यालय के बाहर सार्वजनिक रूप से चस्पा की जाए। जलालाबाद तहसील की अस्थाई गोशालाएं, ढींगरी की स्थाई गोशाला और रूपापुर की स्थाई गोशाला का निरीक्षण किया जाए। उनके संचालकों का नाम सार्वजनिक किया जाए और नगर पालिका परिषद की निर्माणाधीन गोशाला, जो गुरगांव के पास बन रही है उस पर सुचारू रूप से जल्द काम शुरू कराया जाए। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष सचिन पांडेय, अजय चंदेल, राकेश श्रीवास्तव एडवोकेट, विपिन मैथिल एडवोकेट, गुड्डू गुर्जर एडवोकेट आदि लोग मौजूद रहे।

Leading you to blossoming health
खुशलोक हॉस्पिटल
मल्टी सुपर स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
सिन्धी मार्केट, निकट पुलिस चौकी मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली
फोन : 7500875003
0581-2530800/700
HELPLINE 9760701234
मेडिसिन एवं क्रिटिकल केयर विभाग
डा. सुधीर कुमार यादव
एम.डी. (मेडिसिन) गोल्ड मेडलिस्ट (महामहिम राष्ट्रपति द्वारा गोल्ड मेडल से सम्मानित)
कन्सलटेन्ट फिजिशियन एवं क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ
ओ.पी.डी. समय
प्रात: 10 से 4 बजे तक
सायं 7 से 9 बजे तक
कोलेस्ट्रोल, शुगर, ब्लडप्रेशर, थायराइड, कमजोरी, डेंगू, मलेरिया, टाइफायड, एवं खून की बीमारिया
छाती की समस्या: सांस फूलना, दमा, निमोनिया, खांसी, बलगम, टी.बी.
दिल की समस्या: ब्लडप्रेशर, हार्टअटैक, छाती में दर्द, धड़कन बढ़ना, घबराहट
पेट एवं लीवर की समस्या: पीलिया, काला पीलिया, उल्टी, कब्ज, पेट दर्द, लीवर खराब, खाना नहीं पचना, भूख न लगना
खून सम्बन्धित रोग: खून की कमी, खून की गन्दगी, इओसिनोफिलिया
सामान्य रोग
क्रिटिकल केयर सिरियस मरीजों का ईलाज
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
24 घण्टे इमरजेन्सी
आई.सी.यू. व वेंटिलेटर की सुविधा उपलब्ध
Website: www.khushlokhospital.com
Email: khushlokhospital@rediffmail.com

MAXLIFE SUPERSPECIALITY HOSPITAL & PAMMY IVF CENTRE
मैक्सलाइफ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist
डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S., D.G.O D.M.A.S., F.M.A.S
Gynaeecologist, Ivf Specialist
हृदय रोग विभाग
स्थायी/अस्थायी पेसमेकर इम्प्लांटेशन
बैलून माइट्रल वाल्वोटॉमी
2डी ईको कार्डियोग्राफी
टी.एम.टी.
24 Hrs हॉल्टर मॉनिटरिंग
ई.सी.जी.
डिजिटल एक्स–रे
अनुभवी कार्डियोलॉजिस्ट द्वारा संचालित कैथ लैब
कोरोनरी एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
एडवांस आई.सी.यू.
एडवांस एन.आई.सी.यू.
मॉड्यूलर ऑपरेशन
24/7 सुविधा उपलब्ध
निकट ईसाइयों की पुलिया, सिन्धु नगर, सैटेलाइट बरेली
0581-2990926
0581-2990928

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
1499/- ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
ओ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकोमा की जांच उपलब्ध
8077344353
डॉ. आदित्य त्यागी
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयां के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयां द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
मेडिसिन विभाग • सर्जरी विभाग • स्त्री एवं प्रसूति विभाग • मानसिक रोग विभाग • हड्डी रोग विभाग • न्यूरो विभाग • बाल रोग विभाग
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
डॉ. मिनहाज अली खान
एम.डी.
7302532226, 9758044442

डॉ. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड, बरेली।
सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नासूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरुआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ताजुशरिया हॉस्पिटल के सामने, जगतपुर रोड, निकट बीसलपुर चौराहा, बरेली

## एक नजर

### ग्रामीणों के शोर मचाने पर बाइक छोड़ भागे चोर

**कुंवरगांव,अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव हुसैनपुर में ग्रामीणों ने जियारत के पास चोरों को खड़ा देख लाठी डंडे लेकर दौड़ा लिया। चोरी के इरादे से खड़े चोर मोटरसाइकिल छोड़ कर भाग गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चोरों की बाइक अपने कब्जे में ले ली। एक बाइक बदायूं और दूसरी रामपुर के नंबर की है। बदायूं नम्बर मोटरसाइकिल आरिफ के नाम है। थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह का कहना है कि चोरों की तलाश की जा रही है ।

### तंमचे के साथ युवक गिरफ्तार

**करियामई।** थाना उघैती पुलिस ने अवैध शस्त्र रखने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत एक युवक को 315 बोर तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम रितेश पुत्र गट्टू निवासी ग्राम जड़वार थाना धनारी जनपद संभल बताया। पुलिस ने 3/25 (आईबी) की धारा में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय में पेश किया।

# ससुरालीजनों की पिटाई से घायल महिला की दिल्ली ले जाते समय मौत

## मृतका की मां का आरोप,दो लाख रुपये और बाइक मांग रहे थे ससुराली

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **मृतका की मां की तहरीर पर पुलिस कर रही आरोपों की जांच**
- **प्रताड़ना के चलते छह महीने मायके में रही थी रूपश्री**

**अमृत विचार :** थाना जरीफनगर क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर मायका पक्ष मौके पर पहुंचा। ससुरालीजनों के पीटने से महिला की मौत होने का आरोप लगाया। वहीं गांव में महिला के फंदा लगाने की चर्चा रही। मायका पक्ष ने ससुरालीजनों के खिलाफ तहरीर दी है।

कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव कुदरतगंज मजरा मलिकपुर निवासी ज्ञानश्री ने थाना जरीफनगर पुलिस को तहरीर दी कि उन्होंने दो साल पहले अपनी बेटी रूपश्री की शादी जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव बस्तुईया निवासी अरविंद पुत्र मेवाराम के साथ की थी। अपनी हैसियत के हिसाब से खर्च किया था। आरोप है कि शादी के कुछ दिनों के बाद ही दामाद अरविंद, ससुर मेवाराम, सास कमला, देवर राकेश रूपश्री को परेशान करने लगे। उत्पीड़न करना शुरू कर दिया।


मृतका रूपश्री।

दो लाख रुपये और अपाचे बाइक की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर गाली-गलौज और मारपीट करने लगे। रूपश्री ने फोन कर उन्हें बताया। तो उन्होंने बेटी के ससुरालीजनों से कहा कि वह बाइक और रुपये देने में असमर्थ है। इसके बाद ससुरालीजनों ने रूपश्री को पीटकर घर से निकाल दिया। वह मायके में छह महीने तक रही। दोनों पक्षों के संभ्रांत लोगों ने पंचायत कराई तो ससुरालीजन रूपश्री को लेकर गए। कुछ दिन के बाद रूपश्री ने बच्चे को जन्म दिया। इसके बाद फिर से ससुरालीजन रूपश्री से मारपीट करने लगे। आरोप है कि एक सितंबर रात लगभग 8 बजे ससुरालीजनों ने रूपश्री को लाठी-डंडों से पीटा।

रूपश्री चोटिल हो गई तो इलाज के लिए ले गए थे। राजकीय मेडिकल कॉलेज में चिकित्सक ने रूपश्री को रेफर कर दिया। दिल्ली ले जाते समय रात 3 बजे रूपश्री ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## महिला से मारपीट तीन पर रिपोर्ट

**बिल्सी:** थाना क्षेत्र के गांव दीननगर शेखपुर में मंगलवार की रात कुछ लोगों ने रंजिशन एक महिला के घर में घुसकर लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गई। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ घटना की रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव दीननगर शेखपुर निवासी सुनीता देवी पत्नी प्रदीप कुमार पुलिस ने बताया कि मंगलवार रात करीब साढ़े आठ बजे घर पर अकेली थी। गांव के प्रेमबाबू, मनोज, सुधीर उसके घर में घुस आए और लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। उसके चिल्लाने से उसका देवर पवनेश भी आ गया। उसके बाद उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। घटना के बाद घायल सुनीता थाने पहुंची। पुलिस ने पहले उसे इलाज के लिए भेजा और उसकी शिकायत पर उक्त तीनों आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की।

## डॉ. चारु और उनके परिवार के अग्रिम जमानत प्रार्थनापत्र खारिज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **अनुज वार्ष्णेय ने न्यायालय में दायर किया था वाद**

**अमृत विचार:** बिल्सी के सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में गायनी डॉ. चारु वार्ष्णेय, उनके पति प्रसून वार्ष्णेय, ससुर नरेंद्र वार्ष्णेय और रिश्तेदार दिलीप वार्ष्णेय उर्फ मोन वार्ष्णेय की अग्रिम जमानत के प्रार्थना पत्र को डकैती कोर्ट की विशेष न्यायाधीश रेखा शर्मा ने खारिज कर दिया।

बिल्सी निवासी अनुज वार्ष्णेय ने डॉ. नरेंद्र वार्ष्णेय, डॉ. चारु वार्ष्णेय, प्रसून वार्ष्णेय और दिलीप वार्ष्णेय पर लूट, हत्या का प्रयास आदि धाराओं में डकैती न्यायालय में वाद दायर किया था। वादी का कहना था चारु वार्ष्णेय ने बाबा मिशन हॉस्पिटल में संविदा पर कार्य करने के लिए एक लाख रुपए एडवांस लिया था। किसी अन्य अस्पताल में डॉ. चारु का अनुबंध हो गया तो उनके अस्पताल में काम करने से मना कर दिया और अनुबंध राशि नहीं लौटाई। वादी का भाई मेहुल 6 जुलाई 2023 को इस संबंध में डॉ. चारु से मिलने गया तो उससे दुर्व्यवहार किया गया। तब अनुज वार्ष्णेय नरेंद्र के घर पहुंचे जहां डॉ. चारु, डॉ. नरेंद्र, प्रसून आदि लोग मिले। उन्हें देखते ही आरोपियों ने गालियां दीं और मारपीट की। प्रसून ने चाकू नुमा नस्तर को अनुज के सीने में घोंप दिया। डॉ. चारु ने पाईप से सिर पर वार किया और कहा कि जिंदा नहीं छोड़ना है। कुछ समान भी लूट लिया। इस मामले में सभी अभियुक्तों ने अग्रिम जमानत अर्जी लगाई थी। अभियुक्तों के अधिवक्ता और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता एडीजीसी राजेश बाबू शर्मा की बहस सुनने के बाद जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया।





वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
| --- | --- | --- |
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी0) |

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
| --- | --- | --- |
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वद्यिालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.

प्रवेश हेतु संपर्क करें

डॉ. अनिल पाल
(डिप्टी रजिस्ट्रार)
मो. 9956248504

डॉ. अमित सिंह
(डिप्टी मेडिकल सपरिटेन्डेन्ट)
मो. 7521001987


### बारिश से मौसम हुआ सुहाना, जलभराव से लोग परेशान

**बदायूं,अमृत विचार :** शहर में बुधवार की दोपहर मौसम सुहाना हो गया। ठंडी हवाएं चलने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। हल्की बूंदाबांदी भी हुई। जगह–जगह जलभराव के चलते लोगों को आने– जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कृषि विभाग के अनुसार गुरुवार को भी बारिश हो सकती है। बुधवार की सुबह आसमान में बादल छाए थे। दोपहर तक मौसम सुहाना हो गया। करीब दो बजे के बाद कहीं हल्की बारिश भी हुई। लोगों ने राहत की सांस ली। फसलों में भी बरसात के बाद एक ताजगी सी आ गई। शहर में कई स्थानों पर जलभराव हो गया। जिसकी वजह से लोगों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कृषि अधिकारी डीके सिंह ने बताया कि कुछ दिनों ऐसा ही मौसम बना रहेगा। गुरुवार को हल्की बारिश हो सकती है। तेज हवाएं भी चलेंगी।

# देश विरोधी नारेबाजी:पुलिस ने उठाए तीन संदिग्ध

संवाददाता, ओरछी

- **शासन तक पहुंचा मामला अज्ञात में दर्ज की गई रिपोर्ट**
- **वीडियो फुटेज के आधार पर की जा रही आरोपियों की पहचान**

**अमृत विचार :** लाठी-डंडे और तमंचे लेकर देश विरोधी नारेबाजी का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस सक्रिय हो गई। विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने ज्ञापन दिया। पुलिस ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू की है। वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। पुलिस ने तीन संदिग्धों को उठाया है जिनसे पूछताछ की जा रही है।


दारोगा गौरव तेवतिया को ज्ञापन देते विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

वीडियो थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव पिपरिया क्षेत्र का बताया जा रहा है। इसमें युवक और बच्चे हिंदुस्तान मुर्दाबाद के नारे लगा रहे हैं। एक तरफ कुछ युवक और दूसरी कुछ किशोर मिट्टी की ढांग के पास जमीन पर लेटकर फिल्मी स्टाइल में देश विरोधी नारे लगा रहे हैं। मामला जिले के अधिकारियों से लेकर शासन तक पहुंच गया। विश्व हिंदू परिषद के मनु शर्मा, अनित शर्मा, अमित पाराशरी, शिवा गुप्ता, रितिक कोरी, सोनित पाराशरी, अवनीश, शिवांशु, संजीव मौर्य, नीलम मौर्य, रजनी शंखधार, नमन, अभिषेक, यश प्रताप, सोनू शर्मा, रिंकू, नमन गुप्ता ने दारोगा कविराज को ज्ञापन सौंपा। वहीं परशुराम युवा मंच के जिलाध्यक्ष हिमांशु उपाध्याय और करणी सेना के मंडल अध्यक्ष धर्मेश फौजी ने भी आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

> वीडियो दो– तीन महीने पुराना बताया जा रहा है। रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। संदिग्धों को उठाकर पूछताछ की जा रही है। वीडियो फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। जल्द ही सभी को गिरफ्तार किया जाएगा। **– केके सरोज,** एपी ग्रामीण

दारोगा गौरव तेवतिया की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। प्रभारी निरीक्षक जवाहरलाल वर्मा ने बताया कि आरोपियों की पहचान की जा रही है। जल्द ही सभी को गिरफ्तार किया जाएगा।

# खुद को हिंदू बता युवती को फंसाया, दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **चंडीगढ़ में युवती के साथ कॉलसेंटर में काम करता था बिसौली का सोहेल**
- **बिना शादी के युवती ने दिया बच्ची को जन्म, युवक के घर पहुंचने पर पता चली सच्चाई**

**अमृत विचार :** कोतवाली बिसौली क्षेत्र के होली चौकी निवासी सोहेल ने चंडीगढ़ के कॉल सेंटर में काम करने के दौरान एक युवती को अपना नाम सौरभ बताकर प्रेमजाल में फंसा लिया। उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। युवती ने एक बच्ची को जन्म दिया। इसके बाद सोहेल उसे घर ले आया। जहां युवती को असलियत पता लगी। विरोध किया तो सोहेल और उसके परिजनों ने बंधक बना लिया। मंगलवार शाम युवती ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर सोहेल, उसके पिता नियामू और मां रुकसाना को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

फरीदकोट निवासी युवती चंडीगढ़ में एक कॉल सेंटर में काम करती है। वहां बिसौली निवासी सोहेल उसे मिला। सोहेल ने अपना नाम सौरभ बताया। दोनों में मेलजोल बढ़ गया। सोहेल उसे अपने कमरे पर ले जाने लगा। नजदीकियां बढ़ने लगीं। सोहेल ने उससे शादी का वादा कर कई बार उसके साथ संबंध बनाए। युवती गर्भवती हो गई लेकिन सोहेल शादी की बात को टालता रहा। युवती ने एक बच्ची को जन्म दिया तो सोहेल लगभग एक महीना पहले उसे अपने घर ले आया। यहां पता चला कि वह हिंदू नहीं है। युवती ने बताया कि विरोध करने पर सोहेल और उसके परिजनों ने बच्ची छीन ली और बंधक बना लिया। सोहेल, उसके पिता नियामू, मां रुखसाना, बहन रुबीना व जेवा मीट खाने, धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने लगे। मना करने पर मारपीट करते थे। मंगलवार को वह किसी तरह वहां से भाग आई और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने धर्म परिवर्तन, दुष्कर्म, धोखाधड़ी, छल करने, मारपीट आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर सोहेल, उसके पिता नियामू और मां रुकसाना को जेल भेज दिया।

> युवती की तहरीर पर कोतवाली बिसौली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। **– केके सरोज,** एसपी ग्रामीण।

# साधु की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास, जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **एक लाख रुपये न देने पर साधु की चाकू से गोद कर दी हत्या**

**अमृत विचार :** रुपये देने से मना करने पर साधु की चाकू से गोदकर हत्या करने के मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट की न्यायाधीश मिर्जा जीनत ने अभियुक्त को आजीवन कारावास समेत 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

मनोज पुत्र चंद्रपाल शर्मा ने 24 अप्रैल 2019 को थाना जरीफनगर पुलिस को तहरीर दी कि 24 अप्रैल की शाम लगभग 7 बजे गांव कुंवरपुर चंदन निवासी मुनेश पुत्र नवाब सिंह ने शेखूपुरा के हनुमानगढ़ी मंदिर के साधु जगतानंद त्यागी उर्फ दिगंबर से एक लाख रुपये मांगे। साधु ने रुपये देने से मना कर दिया। कहा कि पहले के उधार के रुपये वापस कर दो। इससे गुस्साए मुनेश ने जान से मारने की नीयत से साधु के गले और शरीर पर चाकू से गई वार किया। साधु गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए बरेली ले जाया जा रहा था लेकिन रास्ते में ही मौत हो गई। न्यायालय में मुनेश पर हत्या का मुकदमा चला। अभियोजन पक्ष के एडीजीसी ओम प्रकाश कश्यप और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के बाद न्यायाधीश ने आरोपी को सजा सुनाई।





Rohilkhand
INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.

RiSAA IVF
दिल्ली का जाना माना IVF सेन्टर अब बरेली शहर में

परामर्श शुल्क
₹200/- ₹100/-

प्रत्येक शुक्रवार व सोमवार
प्रातः 09:00 से 03 बजे तक

हेल्पलाइन नं० 6398018900

उपलब्ध सुविधायें :-
- नि:सन्तानता सम्बन्धित सम्पुर्ण इलाज व जाँचें, ● टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर,
- इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड, ● ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच )
- उच्चतम सफलता दर, ● विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब

स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सुरेश शर्मा नगर चौराहा, डेंटल कॉलेज रोड, बरेली


# दो बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत

**बदायूं,अमृत विचार :** थाना कादरचौक क्षेत्र के कस्बा रमजानपुर के पास मंगलवार देर शाम दो बाइकों की आमने-सामने से भिड़ंत में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा जहां चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।


मृतक इसराइल।

कस्बा रमजानपुर निवासी इसराइल उर्फ दन्ना कुरैशी (23) पुत्र भूरा कुरैशी किसी काम से मंगलवार देर शाम गांव असरासी बाइक से जा रहे थे। तेज रफ्तार में आई दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। इसराइल गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस ने घायल को राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष उदयवीर सिंह ने बताया कि दो बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई। दूसरी बाइक के चालक की जानकारी की जा रही है।

# बीएसए ने की जांच, छात्रा ने नहीं खाया था मध्याह्न भोजन

## पोस्टमार्टम में फेफड़ों के संक्रमण से मौत की पुष्टि

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **खांसी और चक्कर आने पर स्टाफ ने प्रधानाध्यापक कक्ष में लिटाया था**

**अमृत विचार :** मध्यान्ह भोजन खाने के बाद छात्रा की हालत खराब होने और मेडिकल कॉलेज में मौत के परिजनों के आरोप बेसिक शिक्षा अधिकारी की जांच में सही नहीं निकले। बीएसए ने स्टाफ और छात्रा के साथियों से जानकारी की तो पता चला कि छात्रा ने विद्यालय में मध्याह्न भोजन नहीं खाया था। तबीयत खराब होने पर प्रधानाध्यापक और स्टाफ ने छात्रा को पंखे के नीचे लिटाकर उसके परिजनों को सूचना दी थी। पिता ही विद्यालय आकर बच्ची को ले गए थे।

विकास क्षेत्र सालारपुर के संविलियन विद्यालय अर्सिस में कक्षा एक की छात्रा अंजलि की सोमवार को विद्यालय में तबियत खराब हो गई थी। परिजनों ने छात्रा को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां देर रात को छात्रा की मौत हो गई थी। मंगलवार को परिजन और ग्रामीणों ने विद्यालय में शव रखकर हंगामा किया। मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता खराब बताई थी। एसडीएम एसपी वर्मा और पूर्ति निरीक्षक ने मध्याह्न भोजन के सैंपल की जांच की। साथ ही बीएसए वीरेंद्र सिंह, बीईओ भूपेंद्र सिंह, बालिका शिक्षा के जिला समन्वयक प्रशांत गंगवार, मध्याह्न भोजन की समन्वयक हिना खान ने स्थलीय निरीक्षण किया। स्टाफ, ग्राम प्रधान और रसोइया के बयान दर्ज किए। उन्होंने बताया कि छात्रा कई दिनों से बीमार चल रही थी। बीएसए ने पीड़ित परिवार के घर जाकर सांत्वना दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फेफड़ों में संक्रमण से मौत की पुष्टि हुई है। बीएसए ने बताया कि मामले की जांच की गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बच्ची की मौत फेफड़ों के संक्रमण से होने की पुष्टि हुई है।

## डीएम ने की चकबंदी के कार्यों की समीक्षा

**बदायूं,अमृत विचार:** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में चकबंदी के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान डीएम ने चकबंदी के कार्यों को ग्रामों में ही करने तथा इसकी सूचना ग्राम वासियों को भी देने के लिए कहा।

जिला बंदोबस्त अधिकारी रामकिशोर ने बताया कि जनपद में मात्र 23 गांव चकबंदी के लिए बचे हैं। इन 23 में से भी चार गांवों में प्रथम चकबंदी का कार्य किया जा रहा है। इन चार गांव की धारा चार के अंतर्गत विज्ञप्ति जारी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि चकबंदी के कार्य प्रथम चकबंदी व द्वितीय चकबंदी में किया जाता है। उन्होंने बताया कि चकबंदी योजना के तहत, नई जोतों पर खातेदारों को कब्ज़ा दिलाया जाता है। रिकॉर्ड (बंदोबस्त) तैयार किया जाता है। चकबंदी योजना की पूरी प्रक्रिया की हर स्तर पर जांच की जाती है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी की वैभव शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
हाजी सलीम अहमद ने अपने साले के लड़के तौफीक व उसकी पत्नी गुलनाज के गलत आचरण, दुर्व्यवहार के कारण अपने सभी रिश्ते व सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है, भविष्य में वे अपने लेन-देन, कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। हमारा उन दोनो से कोई वास्ता न होगा। **हाजी सलीम अहमद पुत्र सादिक अहमद व खुर्शीद बेगम पत्नी सलीम अहमद निवासीगण- मोहल्ला टांडा वार्ड नंबर-16, शेखूपुर कस्बा व थाना बहेड़ी जिला बरेली**

बिकाऊ
147 वर्गगज BDA Approved प्लाट (54'x25')
40000/- प्रति वर्गगज में
100 फुटा से नहर रोड, हरिशंकर यादव वाला रोड, बरेली।
Mob.: 9319325982

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अमित शर्मा उर्फ शानू एवं उसकी पत्नी शिल्पा शर्मा उर्फ लता शर्मा को गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **रामचन्द्र शर्मा पुत्र श्री सुन्दर लाल शर्मा निवासी 86-1/2, बी.डी.ए. कालोनी, करगैना, बदायूँ रोड, बरेली। मो. 7599069555**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

सही परामर्श सही इलाज



डा. कक्कड़
(बी.एच.एम.एस.)
09897052236

नासमझी या जानबूझ कर की गई गलतियों का पता तब लगता है जब आप अपने अन्दर कुछ कमी सी महसूस करते हैं मेरे नौजवान दोस्तों-यदि आप किसी कारणवश आप बुरी आदतों, स्त्री-पुरुष रोग, पेशाब में जलन, उत्साह, आनन्द, जोश की कमी, सिर में चक्कर आना, मर्दाना कमजोरी, शुक्राणु की कमी एव सन्तान न होने के कारण अपने जीवन की सच्ची खुशियों से वंचित है तो अच्छे इलाज के लिए यहाँ से चिकित्सा लें।

यदि आप
- मर्दाना कमजोरी
- शुक्राणु की कमी
- शीघ्रपतन

का अच्छा इलाज करवाना चाहते हैं तो यहाँ से चिकित्सा लें

- जगह-जगह इलाज करवाकर बिगड़े हुए मरीज, लखनऊ, दिल्ली जाने से पहले परामर्श लें।
- क्वालीफाईड अनुभवी चिकित्सक से मिलकर लाभ प्राप्त करें।

डा. आर.पी. कक्कड़
110-सी, मॉडल टाउन, निकट बड़ा गुरूद्वारा, (इन्द्रापार्क के पास) बरेली
09897052236
www.drpkakkarclinic.com
मिलने का समय
प्रातः 10 से 5 बजे तक

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ. आर.एस. सिंह
B.A.M.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic

पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरुष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी
● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना-कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।

डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक:-15 सितम्बर 2024, रविवार
29 सितम्बर 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# फिर खुलेगी घपले की फाइल, नगर पालिका में वाहन खरीद की होगी जांच

## साल 2020 के जुलाई माह में नगर पालिका की ओर से खरीदे गए थे वाहन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** चार साल पूर्व स्वच्छ भारत मिशन के तहत पालिका में खरीदे वाहनों की फाइल एडीएम प्रशासन ने तलब की है। वाहन खरीद में बरती गई अनियमितताओं की जांच मंडलायुक्त के निर्देश पर हुई थी। लेकिन जांच के बाद फाइल को पालिका के कर्मचारी दबा कर बैठ गए। एडीएम द्वारा फाइल तलब करने पर घपले में शामिल रहे कर्मचारियों में खलबली मची हुई है।

वर्ष 2020 जुलाई माह के दौरान स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत नगर पालिका में आधा दर्जन वाहनों की खरीदारी की गई थी। जिससे शहर में निकलने वाले कूड़े का निस्तारण किया सके। शासन की ओर से वाहन खरीद के लिए नियम भी निर्धारित किया गया था।



- **एडीएम प्रशासन ने नगर पालिका कर्मचारियों से मांगी संबंधित फाइल**
- **मंडलायुक्त के निर्देश पर हुई थी वाहन खरीद में अनियमितताओं की जांच**

आदेश था कि बीएस 4 वाहनों को प्रतिबंधित कर दिया गया है। बीएस 6 वाहनों की ही खरीदारी की जाए। परंतु कमीशन के चक्कर में बीएस 4 वाहनों की खरीद की और बीएस 6 वाहनों की खरीद दिखाते हुए भुगतान कर दिया गया। इसकी शिकायत सभासदों द्वारा तत्कालीन डीएम रहे कुमार प्रशांत से की। जिसे गंभीरता से लेते हुए डीएम ने संभागीय परिवहन

> चार साल पूर्व पालिका में स्वच्छ भारत मिशन के तहत वाहनों की खरीद हुई थी जिसमें अनियमितताएं बरती गईं। मंडलायुक्त के आदेश पर जांच हुई थी। इस प्रकरण में आगे क्या कार्रवाई हुई है इसकी किसी को जानकारी नहीं है। फाइल एडीएम ने मांगी है। कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि फाइल ढूंढकर एडीएम के समक्ष प्रस्तुत करें। -**अरुण कुमार**, सिटी मजिस्ट्रेट, प्रभारी ईओ

अधिकारी की अध्यक्षता में जांच कमेटी गठित कर जांच के आदेश दिए। संभागीय अधिकारी डेढ़ साल तक जांच को लटकाए रहे। जांच लंबित होने पर तत्कालीन एडीएम प्रशासन ऋतु पुनिया ने कई बार संभागीय परिवहन अधिकारियों को रिमाइंडर जारी कर जांच पूरी करने के आदेश दिए। इसके बाद भी जांच नहीं की जा सकी। संभागीय परिवहन अधिकारियों द्वारा जांच में हीला हवाली करने पर सभासदों द्वारा बरेली पहुंचकर मंडलायुक्त को शिकायती पत्र सौंपकर जांच की मांग की। शिकायत पर मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांच पूरी करने के आदेश दिए। मंडलायुक्त के आदेश पर जांच तो पूरी कर ली गई। परंतु वाहन खरीद में क्या अनियमितता बरती गईं। साथ ही इस घपले में कौन कौन शामिल था। यह बात आज तक सामने न आ सकी। फाइल पालिका कर्मचारियों द्वारा दबा ली गई। वाहन खरीद में हुए घपले की फाइल को एडीएम प्रशासन ने तलब किया है। निर्देश दिए हैं कि जल्द ही फाइल को ढूंढकर उनके समक्ष प्रस्तुत की जाए। एडीएम से मिले आदेश के बाद वाहन खरीद घपले में शामिल कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान करेगी सपा शिक्षक सभा

**बदायूं, अमृत विचार :** शिक्षक दिवस के अवसर पर गुरुवार को समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा की ओर से पार्टी कार्यालय पर कार्यक्रम रखा गया है। मुख्य अतिथि सांसद आदित्य यादव और सपा जिलाध्यक्ष आशीष यादव जिले के 50 शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित करेंगे।



चंद्रकेश यादव।

सपा शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष चंद्रकेश यादव (गुरु जी) ने बताया कि भव्य आयोजन होगा। इससे पहले पूर्व बदायूं सांसद और वर्तमान आजमगढ़ सांसद धर्मेंद्र यादव ने 2021 में 50 शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया था।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मिला सम्मान, महिलाओं की गोद भराई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** सितंबर को पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है जिसका आरंभ बुधवार से मुख्यमंत्री ने किया। इसका सीधा प्रसारण विकास भवन में दिखाया गया। कार्यक्रम में 10 उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्मानित किया गया। साथ ही गर्भवती महिलाओं की गोद भराई भी की गई।

विकास भवन सभागार में परियोजना निदेशक बलराम कुमार ने 10 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशस्ति प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही पांच गर्भवती महिलाओं को गोदभराई की गई। 6 माह से अधिक आयु के पांच बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। अन्य अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मौजद रहीं।



गर्भवती महिला की गोद भराई करते परियोजना निदेशक बलराम कुमार।

# पांच अवर अभियंताओं को दिए नियुक्ति पत्र

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** प्रदेश भर से 1334 युवाओं का चयन बाढ़ खंड, लघु सिंचाई आदि विभागों में अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा किया गया है। इनमें पांच अभ्यर्थी बदायूं के हैं। चयनित युवाओं को मुख्यमंत्री द्वारा अवर अभियंता पद पर नियुक्ति पत्र दिए गए। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कलेक्ट्रेट में डीएम व अन्य अधिकारियों ने देखा।

जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार को प्रदेश में 1334 अभ्यर्थियों को 12 से अधिक विभागों में अवर अभियंता व अन्य पदों पर नियुक्ति पत्र प्राप्त हुए हैं। इन चयनित अभ्यर्थियों में पांच अभ्यर्थी जनपद बदायूं के भी हैं। जिनमें से तीन की सिंचाई विभाग बाढ़ खंड में नियुक्ति हुई है। एक को ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग में तथा एक को लघु सिंचाई में कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ है। सभी अभ्यर्थियों को अवर अभियंता के पद पर नियुक्ति प्राप्त हुई है। इस दौरान पूर्व विधायक प्रेम स्वरूप पाठक, अपर जिलाधिकारी वित्त वैभव शर्मा, नगर मजिस्ट्रेट अरुण कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए बलराम कुमार सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।



कार्यक्रम का प्रसारण देखतीं डीएम निधि श्रीवास्तव व अधिकारी। ● अमृत विचार

- **लखनऊ में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट में देखा गया सीधा प्रसारण**
- **तीन को मिला बाढ़ खंड, एक को ग्रामीण अभियंत्रण सेवा, एक लघु सिंचाई विभाग में चयनित**

# रोज 11 से एक बजे तक समस्याएं सुनेंगी चेयरमैन फात्मा रजा

**बदायूं, अमृत विचार :** नगर पालिका अध्यक्षा फात्मा रजा रोज सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक कार्यालय में बैठकर सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाइट से संबंधित जनसमस्याएं सुनेंगी और जल्द से जल्द निराकरण कराएंगी। चेयरमैन ने कहा किसमस्याओं के निस्तारण के लिए कोई भी व्यक्ति निर्धारित समय में कार्यालय आकर मिल सकता है। शिकायतों का त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों के साथ दोपहर एक से डेढ़ बजे तक बैठक करेंगी। उन्होंने तीनों समस्याओं के संबंध में समीक्षा की। अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए किए जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



# चार विधायकों ने भेजे साढ़े तीन करोड़ रुपये के प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **ऑनलाइन हुई प्रक्रिया, विधायक भेजने लगे प्रस्ताव**
- **विधायक निधि की अगस्त माह में आ चुकी है प्रथम किस्त**

**अमृत विचार:** विधायक निधि से होने वाले विकास कार्यों के प्रस्ताव ऑनलाइन भेजने की प्रक्रिया को शासन स्तर से लागू किया गया है। इस प्रक्रिया से सभी विधायकों को जोड़ दिया गया है। डीआरडीए द्वारा जनप्रतिनिधियों को प्रशिक्षित करने के बाद पासवर्ड और आईडी दे दी गई है। पासवर्ड और आर्डडी मिलने के बाद विधायकों ने ऑनलाइन प्रस्ताव भेजने शुरू कर दिए हैं। अब तक करीब साढ़े तीन करोड़ के प्रस्ताव भेजे गए हैं।


विधायकों द्वारा विकास कार्य कराने लिए पांच करोड़ की धनराशि आवंटित की जाती है। अभी तक विकास कार्य कराने के लिए विधायकों द्वारा मैनुअल प्रस्ताव भेजे जाते थे।अब ऑनलाइन प्रस्ताव विधायकों द्वारा भेजे जाने हैं। साथ ही अधिकारियों द्वारा भी ऑनलाइन ही प्रस्ताव पर स्वीकृति दी जानी है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में पहली किस्त अगस्त माह में जारी की गई। प्रथम किस्त मिलने के बाद डीआरडीए द्वारा विधायकों से ऑनलाइन प्रस्ताव मांगे गए हैं। जिला परियोजना निदेशक बलराम कुमार ने बताया कि विधायक अब ऑनलाइन प्रक्रिया से जुड़ने लगे हैं। अब तक साढ़े तीन करोड़ के प्रस्ताव विभाग को प्राप्त हुए हैं। जिसमें सदर विधायक एक करोड़, बिसौली विधायक पचास लाख, सहसवान विधायक एक करोड़, बिल्सी और दातागंज विधायक ने पचास-पचास लाख के प्रस्ताव भेजे हैं। प्रस्तावों पर टेंडर की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



**बिल्सी, अमृत विचार :** बाबा इन्टरनेशनल में बुधवार को कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सुंदर-सुंदर कोलाज तैयार किए। ख़ुशी यादव, प्रज्ञा पाठक, प्रिया चौधरी, प्रशंसा शाक्य ने प्रथम स्थान तथा ईशिका माहेश्वरी, आराध्या आर्य, अलीशा, अनामिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय डायरेक्टर अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि इस तरह के आयोजन और नए नए क्रियाकलाप करने से बच्चों की प्रतिभा में निखार आता है। विद्यालय निदेशिका साधना वार्ष्णेय ने कहा कि पढ़ाई के अलावा बच्चों को इस प्रकार की प्रतियोगिता में भाग लेते रहना चाहिए। प्रधानाचार्या रूपा माहेश्वरी ने कहा कि सभी बच्चों में कोई न कोई प्रतिभा जरूर होती है आवश्यकता है उस छिपी हुई प्रतिभा को बाहर लाने की।

# एसीएमओ ने इस्लामनगर और रुदायन के अस्पतालों का किया निरीक्षण, गंदगी पर जताई नाराजगी



इस्लामनगर, अमृत विचार : एसीएमओ ने रुदायन सीएचसी और इस्लामनगर महिला अस्पताल का बुधवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें अस्पताल में अनियमितता मिली। इस्लामनगर मेटरनिटी बिंग महिला अस्पताल का निरीक्षण करने एसीएमओ अब्दुल सलाम पहुंचे। उन्होंने स्टाफ से गंदगी को लेकर नाराजगी जताई। अस्पताल की खिड़कियों पर गुटके की पीक थी। एसीएमओ को डॉक्टर के चैंबर में कुत्ता सोता मिला। उन्होंने दरवाजा खुलवाकर कुत्ते को बाहर निकलवाया। उसके बाद एसीएमओ ने प्रसव रूम को देखा। यहां पर भर्ती प्रसूता से वार्ता की। अस्पताल की सफाई न होने की वजह से दुर्गंध आने से कई महिलाओं ने चक्कर आने की शिकायत की।

# घर में घुसे युवकों को पकड़ा, पुलिस ने जेल भेजा

**बिल्सी/करियामई,अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव बेहटा गुंसाई में सोमवार की रात एक युवक दीवार फांदकर घर में घुस गया। गांव के लोगों ने उसे दबोच लिया। पुलिस ने उसे जेल भेजा। कोतवाल आरसी पुंडीर ने बताया कि गांव बेहटा गुंसाई निवासी दिनेश पुरी के घर में नगर के मोहल्ला संख्या दो निवासी नूर मियां दीवार फांदकर घुस गया। ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया। उसकी पिटाई भी कर दी। बाद में इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने उसे एसडीएम कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया। वहीं उघैती थाना क्षेत्र के गांव करियामई में मंगलवार की रात एक युवक छत के रास्ते रामपाल मौर्य के घर में पहुंच गया। बच्चों के साथ सो रही उसकी पत्नी आवाज सुनकर जाग गई। युवक को सामने देख चीख-पुकार मच गई। पड़ोसी मौके पर पहुंचे और युवक को दबोचकर उघैती पुलिस को सूचना दी। पुलिस युवक को थाने ले आई। थानाध्यक्ष राजेश कौशिक ने बताया कि मामले में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है और जांच की जा रही है।


खेती-किसानी | 150 हेक्टेयर का लक्ष्य मिलने पर विभाग ने किसानों से मांगे आवेदन

# सब्जी की खेती के लिए किसानों को मिलेगा अनुदान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** किसानों को सब्जी की खेती करने के लिए उद्यान विभाग अनुदान मुहैया कराएगा। शासन की ओर से लक्ष्य निर्धारित कर दिया है। टमाटर, गोभी, पत्ता गोभी की खेती 150 हेक्टेयर में करने का लक्ष्य दिया गया है। अनुदान का लाभ लेने को किसानों को विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसके बाद योजना से लाभान्वित किया जाएगा।

निदेशक खाद्य एवं उद्यान प्रसंस्करण ने उद्यान विभाग को जिले में टमाटर, फूलगोभी, पत्तागोभी, कद्दू वर्गीय, शिमला मिर्च का लक्ष्य निर्धारित किया है। विभाग की ओर से टमाटर खेती 50 हेक्टेयर पत्ता गोभी की खेती 40 हेक्टेयर, फूलगोभी की खेती 60 हेक्टेयर पर की जानी है। सब्जी के खेती के लिए किसानों को डीबीटी के माध्यम से 0.4 हेक्टेयर में आठ हजार रुपये का अनुदान विभाग द्वारा दिया जाएगा।



- **सब्जी की खेती को बढ़ावा देने के लिए उद्यान विभाग को मिला लक्ष्य**

> किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए योजना के तहत पात्र किसानों की ओर से की गई सब्जी की खेती का स्थलीय निरीक्षण कराया जाएगा। कृषकों की ओर खेती करना प्रमाणित होने के बाद ही अनुदान मिलेगा। - **सुनील कुमार**, जिला उद्यान अधिकारी

### किसानों को खतौनी व पासबुक करानी होगी अपलोड

उद्यान अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि किसानों को आवेदन के समय खतौनी, पास बुक, आधार कार्ड तथा किसान पंजीयन संख्या अपलोड करनी होगी। आवेदन की जांच के बाद किसानों को स्वीकृति पत्र दिया जाएगा। इसके बाद बीज क्रय व खेती करने पर अनुदान राशि खाते में ट्रांसफर की जाएगी।

# कोलतार के ड्रम चुराने आया चोर ग्रामीणों ने पकड़ा

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** सिलहरी में पटेल धर्म कांटे के पास कई दिनों से एक ठेकेदार के कोलतार से भरे ड्रम रखे हैं। मंगलवार की रात छोटा हाथी वाहन से आए चोर कोलतार के ड्रम को उठाने लगे। लोगों ने देखा लिया और शोर मचा दिया। ग्रामीणों को आता देख चोर भागने लगे। ग्रामीणों ने पीछा कर एक चोर को पकड़ लिया। पकड़े गए चोर ने अपना नाम सत्येन्द्र पुत्र निवासी नगला मसानी थाना बन्ना देवी जनपद अलीगढ़ बताया। उसके साथी रिंकू एवं पप्पू निवासी गली नंबर 1 दिल्ली गेट जनपद अलीगढ़ भाग गए। इसकी सूचना पीआरबी 112 को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने चोर को जेल भेज दिया।



## एक नजर

### घर में घुसकर पीटा, कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

**विजय नगला।** मूसाझाग थाना क्षेत्र के गांव दियोरिया निवासी कृष्ण पाल पुत्र ओमकार ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 23 जुलाई को सुबह लगभग 10 बजे वह अपने मकान की नींव भरवा रहे थे। पड़ोस में रहने वाले रघुनंदन, जय देवी, पिंटू, राजू, संजू गाली-गलौज करने लगे। उसके चाचा हरिश्चंद्र, आराम सिंह ने विरोध किया तो वे लोग उनपर हावी हो गए। चाचा और भाई भागकर अपने घर में घुस गए तो आरोपी लाठी-डंडों से पीटने लगे। ग्रामीण एकत्र होने लगे तो हमलावर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### सभासदों पर रिपोर्ट कराने वाले को जान का खतरा

**बदायूं।** सदर कोतवाली में 27 अगस्त को दो सभासदों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाने वाले मोहल्ला सोथा निवासी जफर आलम ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करके आरोपी सभासद मोहम्मद नईम और फिरोज खां उर्फ पम्मी पर धमकाने का आरोप लगाया है। बताया कि दोनों सभासद अपने परिचितों के माध्यम से उनपर मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। जान से मारने और फर्जी मुकदमा में फंसाने की धमकी दी जा रही हैं। कहा कि वह दोनों सभासद उनके भाई को भी शामिल कर सकते हैं। एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव ने बताया कि जांच की जा रही है।

# शिक्षा को आधुनिकता और नवाचार से जोड़कर बच्चों का भविष्य संवारने में लगे शिक्षक

## शिक्षक दिवसः विद्यालयों में शुरू कराई विज्ञान, गणित और कंप्यूटर की लैब, आधुनिक संसाधन जुटाये

**ऋषिदेव गंगवार, बदायूं**

● सामुदायिक सहभागिता से बच्चों की प्रतिभा निखार रहे मनीष, 2022 में राज्य अध्यापक पुरस्कार से किए गए थे सम्मानित

**अमृत विचार :** विकास क्षेत्र उझानी के उच्च प्राथमिक विद्यालय दहेमू के शिक्षक मनीष कुमार ने सामुदायिक सहभागिता से विद्यालय को आकर्षक व बाल मैत्रिक बनाकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का माहौल तैयार किया। विद्यालय सामुदायिक सहभागिता का मिसाल बन गया है। । उन्हें 2022 में राज्य अध्यापक पुरस्कार मिल चुका है।

मनीष कुमार ने सामुदायिक सहभागिता से विद्यालय में विज्ञान, गणित व कंप्यूटर लैब स्थापित की है। नोडल संकुल शिक्षक के रूप में काम करते हुए शैक्षिक नेतृत्व व आदर्श संकुल बैठकें कराईं। जिसे राज्य स्तर पर बहुत सराहना मिली। आईसीटी, पाठयोजना, टीएलएम प्रतियोगिता, राष्ट्रीय आविष्कार योजना, इंसपायर अवार्ड में बच्चों को पुरस्कृत किया जा चुका है। इसके अलावा विद्यालय में बालिका शिक्षा, नारी सशक्तीकरण, स्काउट-गाइड सेवारत प्रशिक्षण क्षेत्रों में सम्मानित किया जा चुका है।



विद्यालय में कंप्यूटर चलाना सीखतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### सॉफ्टवेयर कंपनी ने दिया नवाचारी शिक्षक सम्मान



शिक्षक मनीष कुमार नवाचार में भरोसा रखते हैं। जानी मानी सॉफ्टवेयर कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने उन्हें नवाचारी शिक्षक का सम्मान दिया। टीएलएम प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर पुरस्कृत हुए। साथ ही शैक्षिक संस्था विद्या भारती द्वारा मानवशिल्पी सम्मान दिया गया। वह डायट में आयोजित अभिनय पर्व पर नवाचार, टीएलएम, आईसीटी में सम्मानित होने के अलावा जिला स्तरीय आईसीटी प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त कर चुके हैं।

एनसीईआरटी के एप दीक्षा पर मनीष कुमार के 11 ई-कंटेंट अपलोड किए गए। जो विद्यालय के नवाचार पर आधारित हैं।

उन्होंने विद्यालय को आधुनिक संसाधनों से परिपूर्ण किया। आईकार्ड, कंप्युटर प्रिंटेड रिजल्ट देते हैं। आकर्षक बाल पेंटिंग, विद्यालय का हरा भरा प्रांगण, सक्रिय पुस्तकालय, प्रयोगशाला, प्रिंटरिच कक्ष, स्मार्ट कक्ष आकर्षित करते हैं। उन्होंने ड्रॉपआउट कम करने के लिए शिक्षण कार्य में आईसीटी का प्रयोग किया। वह अब तक 10 किताबें लिख चुके हैं। इसके लिए उनका नाम आइडियल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। राष्ट्रीय आय आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में उत्कृष्ण प्रदर्शन पर तत्कालीन डीएम ने सम्मानित किया था।

### पहले खुद फिर बच्चों को अभ्यास कराती हैं आयुषी





**बदायूं,अमृत विचार :** बच्चों को बेहतर तालीम देने की फेहरिस्त में विकास क्षेत्र जगत सालारपुर का संविलियन विद्यालय लाही फरीदपुर भी आगे बढ़ रहा है। शिक्षिका आयुषी पाराशरी नवाचार से बच्चों को पढ़ाती हैं। पहले खुद करती हैं और फिर बच्चों से अभ्यास कराती हैं। आईसीटीटी विधा, टीएलएम के प्रयोग और गतिविधियों के चलते बच्चों की उपस्थिति विद्यालय में अच्छी रहती है। उन्होंने इंग्लिश मीडियम स्कूलों की तर्ज पर अपने विद्यालय का यू-ट्यूब चैनल भी बनाया है। इसी का फल है कि साल 2023 में एक छात्रा का राष्ट्रीय आय व योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में चयन हुआ। मेरी उपलब्धि-मेरी कहानी में भी वह जिला स्तर पर पहले स्थान पर रहीं। आईसीटी की महिला वर्ग की जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भी अव्वल रहीं। उनका टीएलएम एससीआरटी द्वारा चयनित किया गया है। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा साल 2022 में शिक्षक सम्मान मिला था। साथ ही 2021 व 2022 में श्री अरविंदो सोसाइटी की ओर से भी वह सम्मानित हो चुकी हैं।

## संविदा कर्मचारियों ने अधिशासी अभियंता के खिलाफ किया प्रदर्शन



विद्युत वितरण खंड तृतीय में प्रदर्शन करते संविदा कर्मचारी। ● अमृत विचार

**संवाददाता,बिसौली**

**अमृत विचारः** संविदा कर्मचारियों ने अधिशासी अभियंता के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। संविदा कर्मचारी अधीक्षण अभियंता के आदेश का अधिशासी अभियंता द्वारा पालन न किए जाने पर आक्रोशित थे।

विद्युत वितरण खंड तृतीय बिसौली के अधिशासी अभियंता की कार्यप्रणाली को लेकर संविदा कर्मचारियों ने 22 अगस्त को अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर प्रदर्शन किया था। अधीक्षण अभियंता ने अधिशासी अभियंता को व्यवहार में सुधार लाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद भी व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष ठाकुर धीरेंद्र कुमार सिंह गौतम एवं डिवीजन अध्यक्ष मुकेश कुमार सागर के नेतृत्व में संविदा कर्मचारियों ने अधिशासी अभियंता के कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। अधिशासी अभियंता पीके सागर ने कर्मचारियों से अपने व्यवहार के लिए क्षमा मांगी।

हर्षवर्धन, हरीश चंद्र यादव, प्रेमपाल प्रजापति, टीटू पटेल, अवध पटेल, अभय यादव सहित अन्य संविदा कर्मचारी मौजूद रहे।

## शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर शिक्षकों को किया सम्मानित



शिक्षकों को सम्मानित करते बैंक अधिकारी। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

● प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक ने आयोजित किया शिक्षक सम्मान कार्यक्रम

**अमृत विचारः** शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय में वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक राम अवतार शर्मा ने शिक्षकों को सम्मानित किया। वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक ने परिषदीय विद्यालयों के कायाकल्प एवं शैक्षिक संवर्धन हेतु शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। साथ ही अपने छात्र जीवन के संस्मरणों को शिक्षकों के साथ साझा किया।

इस दौरान उप क्षेत्रीय प्रबंधक भानु प्रताप सिंह द्वारा बैंक द्वारा शिक्षकों के लिए चलाई जा रही योजनाओं से अवगत कराया। इस दौरान 51 शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अविनाश बाजपेई, संजीव शर्मा, शाखा मुख्य प्रबंधक प्रदीप मोहन दीक्षित, पुष्पेंद्र कुमार सिंह, सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## गणेश चौथ मेले के दौरान 16 ट्रेनों में लगेंगे अतिरिक्त कोच

**बरेली, अमृत विचारः** चंदौसी में गणेश चौथ मेले के दौरान रेलवे ने मुरादाबाद मंडल की बरेली-अलीगढ़ एक्सप्रेस समेत 16 ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाने की घोषणा की है।

उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता के मुताबिक चंदोसी में गणेश चौथ मेला 5 से 25 सितंबर तक चलेगा। इस दौरान 04361, 04363 हरिद्वार-ऋषिकेश पैसेंजर और 04360 ऋषिकेश-चंदौसी पैसेंजर में तीन-तीन अतिरिक्त सामान्य कोच लगाए जाएंगे। 04376,04378 बरेली- अलीगढ़ एक्सप्रेस में भी दो सामान्य अतिरिक्त कोच लगेंगे। 04344 नजीबाबाद-गजरौला पैसेंजर और 04394 गजरौला-अलीगढ़ पैसेंजर में एकए-एक अतिरिक्त सामान्य कोच लगेगा। 04358 नजीबाबाद मुरादाबाद पैसेंजर में भी एक अतिरिक्त सामान्य कोच लगाया जाएगा।

## धूमधाम से मनाया श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रकाश पर्व



श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रकाश पर्व पर आयोजित कीर्तन में महिला संगत।

**कार्यालय संवाददाता,बदायूं**

**अमृत विचार :** गुरुद्वारा जोगीपुरा में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रकाश पर्व बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हजूरी रागी जत्था भाई कुलदीप सिंह व जसप्रीत सिंह सागर ने शब्द-कीर्तन द्वारा संगत को गुरवाणी के साथ जोड़ा।

चंडीगढ़ के रतवाड़ा साहिब से आए रागी जत्था देवेंद्र सिंह ने गुरवाणी के शब्द कीर्तन द्वारा संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया। दीवान की समाप्ति पर गुरुद्वारे के प्रधान सरदार प्रतिपाल सिंह ने सभी संगत को प्रकाश पर्व की बधाई देते हुए धन्यवाद किया। अंत में सर्वसंगत ने गुरु महाराज का लंगर छका। वरिष्ठ समाजसेवी अशोक खुराना जी का विशेष सहयोग रहा। बड़ी संख्या में संगत शामिल रही।



शब्द कीर्तन करते रागी जत्था के देवेंद्र सिंह व अन्य।

## सराफ से टप्पेबाजी, महिलाओं को भेजा जेल

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

● मंगलवार को सर्राफा व्यापारी की दुकान से ले जाने लगी थीं पाजेब और सोने की अंगूठियां

**अमृत विचार :** सर्राफा व्यापारी की दुकान पर टप्पेबाजी करने आईं दो महिलाओं को व्यापारी ने पकड़ लिया था। पुलिस ने दोनों महिलाओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेज दिया।

मंगलवार शाम दो महिलाएं सर्राफा व्यापारी जितेंद्र महाजन की दुकान पर पहुंचीं । व्यापारी के बेटे को बातों में लगाकर पाजेब और सोने की दो अंगूठी पार कर लीं। आभूषण पसंद न होने की बात कहकर वहां से जाने लगीं। व्यापारी के बेटे ने आभूषणों का वजन किया तो कम निकला। शक होने पर महिलाओं को पकड़ लिया और सदर कोतवाली पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह पहुंचे। महिलाओं के पास से चोरी का माल बरामद हो गया। प्रभारी निरीक्षक महिलाओं को कोतवाली ले गए। महिलाओं ने अपने नाम हाथरस के थाना सिकंदरारऊ क्षेत्र के मोहल्ला साहबुउद्दीनगंज निवासी रिहाना पत्नी चांद और कल्लो पत्नी सत्तार बताया। उन्होंने कहा कि वह छोटे सरकार की ज्यारत पर आते हैं। आभूषण की खरीदारी के बहाने जेवर चोरी कर लेते हैं।



कोतवाली सदर में टप्पेबाजी करने की आरोपी दोनों महिलाएं। ● अमृत विचार

### डांटने पर बेटे ने माता-पिता से की मारपीट

**उसहैत, अमृत विचार :** डांटने पर एक बेटे ने अपने माता और पिता को बुरी तरह से पीटा। पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने बेटे से माफीनामा लिखवाकर छोड़ दिया। मंगलवार देर रात उसहैत के वार्ड 10 निवासी एराफ ने अपने बेटे जुनैद को डांट दिया था। जुनैद का गुस्सा आ यगा और उसने अपने माता-पिता से मारपीट की। एराफ ने पुलिस से शिकायत की। थाना प्रभारी विवेक कुमार सिंह ने जुनैद को पकड़वा लिया। बाद में चेतावनी देकर कि आगे कभी भी ऐसी शिकायत आई तो जेल भेज दिया जाएगा, उसे छोड़ दिया।

## एसआरएम आयुर्वेदिक कॉलेज में इस बार 66 सीटों पर होंगे प्रवेश

**बरेली, अमृत विचार :** एसआरएम आयुर्वेदिक कॉलेज में इस बार बीएएमएस में 66 सीटों पर प्रवेश होंगे। भारतीय चिकित्सा प्रणाली के लिए राष्ट्रीय आयोग (एनसीआईएसएम) ने चार सीटें कम कर दी हैं। कॉलेज में नीट की काउंसिलिंग के आधार पर सेंट्रल कोटे से 6 सितंबर से प्रवेश शुरू होंगे। 15 प्रतिशत सीटें सेंट्रल और 85 प्रतिशत सीटें राज्य कोटे की हैं।

पिछले वर्ष कॉलेज में बीएएमएस की सीटें 70 थीं। कॉलेज के प्रवेश प्रभारी डॉ. अतुल ने बताया कि एनसीआईएसएम के अपने मानक होते हैं, जिसके हिसाब से वह सीटें हर साल कम या ज्यादा कर देते हैं। शिक्षकों की संख्या कॉलेज में पूरी है। वहीं डॉ. संतोष कुमार ने बताया कि आयुष युनिवर्सिटी गोरखपुर की परीक्षाएं 6 सितंबर से ही शुरू होंगी।

## स्कूल से ले जाकर छात्रा से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

● मंगलवार को स्कूल पहुंचा था युवक, पिता के बुलाने की बात कह छात्रा को ले गया

**अमृत विचार :** जरीफनगर थाना क्षेत्र के एक स्कूल में जाकर पापा द्वारा बुलाने की बात कह कक्षा छह की छात्रा को लेजाकर युवक ने कार में उसके साथ दुष्कर्म किया और घर के पास छोड़कर भाग गया। छात्रा की मां ने तहरीर दी। स्कूल के प्रधानाचार्य और स्टाफ पर भी लापरवाही का आरोप लगाया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

जरीफनगर क्षेत्र के कस्बा दहगवां निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर दी कि उनकी 13 साल की बेटी कस्बा के एक स्कूल में कक्षा 6 में पढ़ती है। मंगलवार को लगभग 11 बजे विवेक नामक युवक स्कूल पहुंचा। प्रधानाचार्य से कहा कि छात्रा के पिता ने उसे घर पर अचानक बुलाया है। प्रधानाचार्य ने बिना सोचे-समझे छात्रा को उसके साथ भेज दिया। विवेक कार में बैठाकर छात्रा को सूनसान जगह पर ले गया और दुष्कर्म किया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दे वह छात्रा को घर के पास छोड़कर भाग गया। मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी रविकरन ने बताया कि आरोपी को गुरुवार को जेल भेज जाएगा। प्रधानाचार्य के खिलाफ भी जांच करने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## बरेली कॉलेजः स्नातक तृतीय और पंचम सेमेस्टर के नहीं हुए प्रवेश

**बरेली,अमृत विचारः** बरेली कॉलेज में अभी स्नातक और परास्नातक में प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश पूरे हो गए हैं लेकिन तृतीय और पंचम सेमेस्टर में प्रवेश शुरू नहीं हुए हैं, जबकि करीब 15 दिन पहले विश्वविद्यालय ने परिणाम जारी कर दिए हैं। इसकी वजह से विद्यार्थियों को परेशानी हो सकती है, क्योंकि कुछ दिनों बाद ही मिड टर्म परीक्षा शुरू हो जाएगी।मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि स्नातक तृतीय और पंचम सेमेस्टर के प्रवेश की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। वर्तमान में कॉलेज में परास्नातक में प्रवेश हो रहे हैं। सत्र समय पर पूरा कराने के लिए कॉलेज प्रशासन इस महीने के अंत तक मिड टर्म परीक्षा भी आयोजित कराएगा। कॉलेज प्रशासन ने सभी विभागाध्यक्षों को कक्षाएं संचालित करने के निर्देश दिए हैं।

## कई महीनों से अनुपस्थित तीन सफाई कर्मी निलंबित

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

● विभाग द्वारा भेजे गए नोटिस का भी सफाई कर्मचारियों ने नहीं दिया जवाब

**अमृत विचारः** ग्राम पंचायतों में कार्यरत तीन सफाई कर्मचारी कई माह से अनुपस्थित चल रहे थे। इन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था परंतु नोटिस का जवाब नहीं दिया गया। डीपीआरओ ने तीनों सफाई कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है।

इस्लामनगर ब्लॉक की ग्राम पंचायत नरेनी में सफाई कर्मचारी विजयपाल, दहगवां ब्लॉक की ग्राम पंचायत कैशोपुर में सफाई कर्मचारी जुगेंद्र सिंह और विद्यावती कई माह से अनुपस्थित चल रहे थे। एडीओ पंचायत ने इनसे स्पष्टीकरण मांगा परंतु सफाई कर्मचारियों द्वारा स्पष्टीकरण का कोई जवाब नहीं दिया। जिस पर एडीओ पंचायत ने सफाई कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति डीपीआरओ से कर दी। डीपीआरओ ने अनुपस्थित चल रहे सफाई कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया। विभाग से मिले नोटिस का भी जवाब नहीं दिया गया। जिस पर डीपीआरओ ने दोनों सफाई कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। निलंबित सफाई कर्मचारियों को ब्लॉक मुख्यालय से संबंद्ध करते हुए एडीओ पंचायत को जांच के आदेश दिए हैं।

## सार-संक्षेप

### आरसी शर्मा कॉलेज को मिली विज्ञान संकाय की मान्यता



**बिल्सी, अमृत विचार :** गांव अंबियापुर में पंडित रामचंद्र शर्मा महाविद्यालय में विज्ञान संकाय की स्थायी मान्यता मिलने पर बुधवार को सुन्दर काण्ड का पाठ का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के अध्यक्ष योगेन्द्र पाल शर्मा ने सभी के सहयोग का आभार व्यक्त किया। प्रबंधक प्रशांत शर्मा ने कहा कि उच्च शिक्षा में पिछड़ेपन को दूर करने के उद्देश्य से इस कॉलेज की स्थापना कराई है। सुंदरकांड का पाठ एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान पंडित राजीव शर्मा द्वारा संपन्न कराए गए। प्राचार्य डॉ राजकुमार वर्मा, डॉ नेहा शर्मा, अरविन्द देव सिंह, मोहनी राठौर, सुमन रानी, अनिल दीक्षित, अरविंद शर्मा, हेमसिंह, मोहित माहेश्वरी, जॉनी शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर ट्राली खनन अधिकारी ने किए सीज



**ककराला, अमृत विचार :** मुहम्मदगंज क्षेत्र में व्यापक पैमाने पर खनन किया जा रहा है। दिन निकलते ही कादरचौक क्षेत्र की पुलिस चौकी मुहम्मदगंज से पुलिस की नाक के नीचे अवैध बालू लदे ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रॉली फर्राटा भरते हुए ककराला होते हुए अलापुर जाते हैं। बुधवार को खनन अधिकारी ने माफियाओं पर शिकंजा कसते हुए दो ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में ले लिया। दोनों ट्रॉली और ट्रैक्टरों को सीज कर पुलिस चौकी ककराला के सुपुर्द कर दिया गया। सूत्रों की माने तो खनन माफिया कस्बा अलापुर से संबंधित है।

### बुखार से बच्ची की मौत, स्वास्थ्य विभाग ने लगाया शिविर



**विजय नगला, अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्र में बुखार का कहर बढ़ता जा रहा है। बुखार से एक बच्ची की मौत हो गई। परिजनों के अनुसार बच्ची का प्राइवेट चिकित्सक से इलाज चल रहा था। थाना बिनावर क्षेत्र के गांव भगवानपुर निवासी सर्वेश कुमार की 8 साल की बेटी परी कक्षा 3 की छात्रा थी। उसे तीन दिनों से बुखार आ रहा था। सर्वेश के अनुसार निजी चिकित्सक से उसका इलाज चल रहा था। चिकित्सक के कहने पर उन्होंने जांच कराई गई तो उसे फेल्सीफेरम मलेरिया बुखार निकला। बुधवार को छात्रा की तबीयत ज्यादा बिगड़ गई थी। परिजन उसे दूसरे चिकित्सक के पास ले जा रहे थे लेकिन उसने रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर समरेर सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रामेश्वर मिश्रा और डॉ. दिनेश गंगवार पहुंचे। परिजनों से बात की। गांव में शिविर लगाकर जांच करके अन्य रोगियों को दवा दी। डॉ. दिनेश ने बताया कि छात्रा को तीन दिन से बुखार आ रहा था। परिजन झोलाछाप से उसका इलाज करा रहे थे। गांव में लगभग तीन दर्जन लोग बुखार की चपेट में हैं।

## एलएलबी में फर्जी प्रवेश की कोशिश करने वाले छात्र नहीं आए पक्ष रखने

**बरेली कार्यालय**

**अमृत विचारः** बरेली कॉलेज में एलएलबी में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा के अंकों को एडिट कर आवेदन करने वाले छात्र-छात्राएं बुधवार को अपना पक्ष रखने नहीं आए। प्रवेश समिति ने उन्हें एक दिन का और समय दिया है, गुरुवार को पक्ष नहीं रखने पर उन्हें प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

प्रवेश समिति ने मंगलवार को जांच के दौरान फर्जीवाड़ा करने वाले दो छात्र और दो छात्राओं को पकड़ा था। बीसीए कर चुके छात्र के प्रवेश परीक्षा में सिर्फ 89 अंक आए लेकिन उसने एडिट कर 176 कर दिया। इसके अलावा ओपन रैंक को एडिट कर 89 और वर्ग रैंक को 42 कर दिया। बीए करने वाले छात्र के सिर्फ 54 अंक आए थे लेकिन उसने 150 अंक कर लिए। उसकी ओपन रैंक 2286 और वर्ग रैंक 554 है लेकिन उसने 138 और 109 कर दिया। रैंक बढ़ने से उनका प्रवेश सुनिश्चित था लेकिन गोलमाल पकड़े जाने के बाद अब प्रवेश मुश्किल हो गया है।बीबीए पास कर चुकी छात्रा के प्रवेश परीक्षा में 84 अंक और ओपन रैंक 1259 थी। उसने अंको एडिट कर 139 और रैंक 285 कर दी। बीए पास छात्रा ने प्रवेश परीक्षा के 60 अंक को एडिट कर 140 और ओपन रैंक 2051 को 284 और फीमेल रैंक को 507 से 47 कर दिया।

## सेक्शन आवंटन के लिए समितियों का हुआ गठन

**बरेली, अमृत विचारः** बरेली कॉलेज में नियमित कक्षाएं संचालित करने के लिए कई विभागों में सेक्शन आवंटन और परिचय पत्र वितरण के लिए समिति गठित कर दी गई है। गणित समूह के लिए गठित समिति में संयोजिका प्रो. शालिनी सिंह, सदस्य डॉ. रुचि अग्रवाल, डॉ. अशना कुरैशी, योगेश पांडेय, अजहर हुसैन, आशुतोष उपाध्याय नामित किए गए हैं। वहीं प्राणी विज्ञान समूह में संयोजिका डॉ. आशा सिंह, सदस्य डॉ. नीरज पाल सिंह, सुषमा राम, विष्णु शर्मा, डॉ. शालिनी, डॉ. गौरव भूषण नामित किए गए हैं। अमृत विचार ने समय सारिणी और परिचय पत्र वितरित न होने की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी।

## गुंडाराज स्थापित करना चाहते हैं अखिलेश

**संभल कार्यालय**

● जिले के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने बुलडोजर को लेकर सपा प्रमुख के बयान की निंदा की

**अमृत विचार :** संभल जिले के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने अखिलेश यादव के बुलडोजर को लेकर दिए बयान पर कहा कि समाजवादी पार्टी नीति वाली नहीं बल्कि गुंडागर्दी वाली पार्टी है। यह नीति, सिद्धांत, कानून को ध्वस्त करने वाली पार्टी है। अखिलेश यादव का बयान संदेश देता है कि उत्तर प्रदेश में वह पुनः गुंडाराज स्थापित करना चाहते हैं।

मुरादाबाद मार्ग पर एकता विहार में भाजपा जिला कार्यालय पर पत्रकार वार्ता में प्रभारी मंत्री ने कहा कि उपचुनाव में भाजपा दस सीटें जीतेगी। जब से अखिलेश यादव प्रदेश में कुछ सीटें जीते हैं, उन्होंने माहौल बिगाड़ने का काम किया है। भाजपा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपराध और अपराधियों को नेस्तनाबूत करने का संकल्प ले चुके हैं। उन्होंने कहा कि बुलडोजर उन पर चला है जिन्होंने सरकारी जमीनों पर कब्जे किए हैं। जिन्होंने नियमों को तोड़ा मरोड़ा है, गरीबों की जमीनें जबरदस्ती कब्जाने का काम किया है। सरकार ने कोई बदले की भावना से काम नहीं किया है। योगी आदित्यनाथ ने वहीं बुलडोजर चलाया है जिन अपराधियों ने अपराध करके अमन, चैन को भंग करने काम किया है। गरीबों की संपत्ति को छीनने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन ने जो भ्रामक प्रचार किया उत्तर प्रदेश और देश में कि संविधान खत्म कर देंगे, आरक्षण खत्म कर देंगे, प्रजातंत्र को खत्म कर देंगे। जनता इन्हें पूरी तरह से समझ चुकी है। आने वाले चुनाव में जनता इन्हें सबक सिखाने का काम करेगी। जम्मू कश्मीर में कांग्रेस और नेशनल कांग्रेस के गठबंधन के सवाल पर कहा कि यह गठबंधन जो हुए हैं, इससे भाजपा को कोई फर्क नहीं पड़ेगा। वहां जो आतंकवाद की गतिविधियां बढ़ गई हैं, उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही समाप्त कर सकते हैं।

व्यसने वार्थकृच्छ्रे वा भये वा जीवितान्तगते।
विमृशंश्च स्वया बुद्ध्या धृतिमान नावसीदति॥

शोक में, आर्थिक संकट में या प्राणों का संकट होने पर, जो अपनी बुद्धि से विचार करते हुए धैर्य धारण करता हैं, उसे अधिक कष्ट नहीं उठाना पड़ता।

## संपादकीय

# अगले चरण की ओर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को ब्रुनेई की अपनी पहली द्विपक्षीय यात्रा समाप्त करने के बाद दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्र सिंगापुर पहुंचे। व्यापार और निवेश के लिहाज से प्रधानमंत्री का सिंगापुर दौरा काफी अहम है। सिंगापुर दुनिया भर में भारत का छठा सबसे बड़ा व्यापार भागीदार और पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान एफडीआई का सबसे बड़ा स्रोत है। पिछले साल सिंगापुर से एफडीआई 11.77 बिलियन डॉलर था। प्रधानमंत्री करीब छह साल बाद सिंगापुर गए हैं। सिंगापुर की उनकी आखिरी यात्रा प्रधानमंत्री के रूप में उनके पहले कार्यकाल में थी। उनके तीसरे कार्यकाल के दौरान की यात्रा का सिंगापुर ने विशेष रूप से स्वागत किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वे सिंगापुर के साथ विशेष रूप से उन्नत विनिर्माण, डिजिटलीकरण और सतत विकास के नए एवं उभरते क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के उपायों पर बातचीत को लेकर उत्सुक हैं। दो दिवसीय यात्रा का उद्देश्य सिंगापुर के साथ रणनीतिक साझेदारी को गहरा करना और निवेश आकर्षित करना है। 2015 में, भारत और सिंगापुर ने रणनीतिक साझेदारी पर हस्ताक्षर किए। अब लगभग एक दशक हो गया है, दोनों देश व्यापक रणनीतिक साझेदारी में हुई प्रगति की समीक्षा करके संबंधों को अधिक उन्नत करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। आसियान देशों के साथ भारत का मुक्त व्यापार समझौता है और उस पर समीक्षा चल रही है। महत्वपूर्ण है कि आसियान के साथ संबंधों के आर्थिक पहलुओं पर चर्चा के लिए सिंगापुर हमारा समन्वयक है। भारत उत्सुक है कि 2025 तक उस समीक्षा को समाप्त कर ले। इस मुद्दे की दृष्टि से भी यात्रा को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

गौरतलब है कि सिंगापुर वैश्विक सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र में अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। इस क्षेत्र में उसका 20 वर्षों से अधिक का अनुभव है। यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां भारत प्रवेश करने के लिए उत्सुक है। दोनों प्रधानमंत्री सेमीकंडक्टर विनिर्माण केंद्र का दौरा करेंगे। सेमीकंडक्टर क्षेत्र में जनशक्ति कौशल की दिशा में सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। उम्मीद है कि इस यात्रा से इस विशेष क्षेत्र को वास्तव में बल मिलेगा। सिंगापुर और भारत के सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र में तालमेल बढ़ेगा। कुल मिलाकर भारत और सिंगापुर के संबंध पिछले 10-15 वर्षों में आगे बढ़े हैं। यह रिश्ता अगले चरण की ओर बढ़ रहा है। क्योंकि दोनों देश अब द्विपक्षीय सहयोग के क्षेत्रों की पहचान करने के अगले स्तर पर चले गए हैं, चाहें वह खाद्य सुरक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, अर्धचालक में हो। ये सभी ऐसे क्षेत्र हैं जहां वास्तव में दोनों देश एक दूसरे के पूरक हो सकते हैं।

# वैषम्य का सामना करने को शिक्षक समाज पहल करे


डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

> राधाकृष्णन आयोग की एक महत्वपूर्ण संस्तुति त्रिवर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम संचालित करने की थी बिडंबना यह हुई कि इस संस्तुति का क्रियान्वयन लगभग तीस साल बाद विश्वविद्यालयों द्वारा संभव हो सका।

भारत के महान शिक्षक, दार्शनिक, विचारक और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राधाकृष्णन ने भारतीय दर्शन की तर्क व विज्ञान के आधार पर व्याख्या की और उसे पूरी दुनिया तक पहुंचाया। आजादी के बाद विश्वविद्यालयों के सुधार के लिए और देश में उच्च शिक्षा को गति देने के लिए डॉ. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में भारतीय विश्वविद्यालय आयोग का गठन किया गया।

इस आयोग ने अपनी संस्तुति में आजाद भारत के लिए विश्वविद्यालय एवं प्रौद्योगिकी तथा प्रबंधन के संस्थानों के अस्तित्व को मानववाद के लिए सहिष्णुता एवं विवेक के लिए विचारगत साहस और तत्व की खोज के लिए आवश्यक समझा। आयोग का मत था कि राष्ट्र और जनता का श्रेय इसी में है कि विश्वविद्यालय अपने दायित्व का समुचित निर्वाह करते रहें, जिससे मानव जाति उच्चतर उद्देश्यों के लिए कदम बढ़ा सके। इस आयोग की संस्तुतियों के आधार पर ही प्रथम आईआईटी की स्थापना 1951 में खड़गपुर में की गई, दूसरा आईआईटी मुंबई में 1958 में स्थापित हुआ। तीसरा और चौथा आईआईटी 1959 में कानपुर और चेन्नई में स्थापित हुआ, 1963 में पांचवां आईआईटी दिल्ली में स्थापित हुआ। राधाकृष्णन आयोग संस्तुतियों के फलस्वरूप 1956 विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अस्तित्व में आया तथा शैक्षिक प्रबंधन के लिए 1961 में एनसीआरटी का गठन किया गया। भारतीय प्रबंधन संस्थान अहमदाबाद और कोलकाता में 1961 तथा बैंगलोर में 1963 स्थापित किए गए। इस आयोग ने अपनी संस्तुति में विश्व भारती, गुरुकुल कांगड़ी, अरविंदाश्रम, जामिया मिलिया, विद्या भवन तथा वनस्थली विद्यापीठ को आधुनिक भारतीय शिक्षा के प्रयोग के रूप में उच्च शिक्षा केंद्रों के रूप विकसित करने पर बल दिया था।

राधाकृष्णन आयोग की एक महत्वपूर्ण संस्तुति त्रिवर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम संचालित करने की थी बिडंबना यह हुई कि इस संस्तुति का क्रियान्वयन लगभग तीस साल बाद विश्वविद्यालयों द्वारा संभव हो सका। इस महान शिक्षाविद की अपेक्षा थी कि आजाद भारत में विश्वविद्यालयों का स्वरूप कुछ ऐसा विकसित होगा, जो सृष्टि के और दैहिक, मानसिक तथा आध्यात्मिक सभी धरातलों पर मनुष्य के बोध को गहराई देगा तथा मानव जाति की सेवा लिए उसका उपयोग करेगा, जहां विचारों को आश्रय मिलेगा तथा छात्र व शिक्षक आचरण और निष्ठा के ऊंचाई की ओर अग्रसर होंगे तथा सत्य और उत्कर्ष के विभिन्न रूपों की खोज में जुटे रहेंगे। यही शिक्षा का अर्थ होगा।



> नई शिक्षा नीति हो या पुराने शिक्षा आयोग के प्रतिवेदन, सभी ने इस बात पर बल दिया कि आधुनिकीकरण की दौड़ में आस्थामूलक चारित्रिक मूल्यों से परिपक्व चेतानावाद का अनिवार्य रूप से आश्रय लिया जाना चाहिए। नई शिक्षानीति के क्रियान्वयन में शिक्षकों, शिक्षाविदों के समक्ष क्या यह चुनौती नहीं है कि इस साइबर युग में परिवर्तन के किसी भी विकल्प में भारत की आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक तथा सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक समस्यायों पर समरसता से विचार किया जाए। मानव स्वत : साध्य है, जिसे उस शिक्षा प्रतिमान की खोज है, जो उसकी पहचान बरकरार रखते हुए प्रकृति और समाज के साथ तादात्म बनाए रखे।

शिक्षा मानव के समग्र विकास के लिए एक महत्वपूर्ण साधन है, जिसका संबंध पूरी संस्कृति और उसकी विरासत से है। वर्तमान शिक्षा प्रणाली उस शिक्षा प्रणाली का भग्नावशेष है, जो परंपरागत सीमा रेखा में साम्राज्यवादी प्रणाली की आवश्यकता और संरक्षण के लिए गठित की गई थी। आजादी के बाद तमाम प्रयत्नों के बावजूद शिक्षा की उस मूल प्रवृत्ति में परिवर्तन नहीं किया जा सका है, जो शिक्षा का उपयोग एवं उपभोग शासन करने के परमाधिकार तथा अपनी श्रेष्ठता बनाए रखने के साधन के रूप में करते हैं। शिक्षा का वर्तमान प्रतिमान व्यक्ति की महत्ता को बढ़ा रहा है, समाज और राष्ट्र की महत्ता को गौण कर रहा है। क्रूर सत्य यह है कि शिक्षा के वर्तमान प्रतिमान ने सामाजिक और राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा देने के बजाय विघटन एवं विभाजक प्रवृत्तियों को बढ़ावा दिया है। प्रकारांतर से स्वस्थ प्रवृत्तियों, रुचियों, मूल्यों के आधार को ही संकीर्ण किया है, जो एक लोकतांत्रिक समतामूलक समाज के लिए आवश्यक है।


शिक्षक दिवस के अवसर पर वर्तमान वैषम्य एवं चुनौतियों का सामना करने के लिए शिक्षक समाज को आगे आकर पहल करनी होगी। उन्हें छात्र के मन में ऐसे बुद्धि का विकास करना होगा, जिसमें जीवन और उसके अस्तित्व की जटिल समस्याओं के निदान का वे स्वयं प्रयास कर सकें। शिक्षित वर्ग स्वतंत्र रूप से बिना किसी भय के बिना किसी सूत्र के अपनी शैक्षिक क्षमता से यह ज्ञात कर सके कि सत्य क्या है, यथार्थ क्या है। विद्या ददाति विनयम-विद्या का परिणाम विनम्रता का विचार लोप कैसे होता जा रहा है? सा विद्या या विमुक्तये-विद्या का प्रयोजन सभी प्रकार की रुढ़ियों, कुंठाओं, अज्ञानों से मुक्ति पाना है। यह प्रयोजन ही कैसे लुप्त होता जा रहा है? इन विचारों और आदर्शों को सही अर्थों में पुनः प्रतिस्थापित करने के लिए शिक्षा में परिवर्तन के अर्थ को आध्यात्मिक और भौतिक मूल्यों के संश्लेषण के परिप्रेक्ष्य मेंसमझाना होगा।

भौतिक प्रगति आज के युग की यथार्थता है, इसे प्रतिकूल शक्ति नहीं समझा जा सकता। भौतिक मूल्यों में अध्यात्मिक आधार की जो कमी होती है, वही उसे प्रतिकूल बना देती है। वैज्ञानिक विभिन्न उपग्रहों पर बसने का प्रयास कर रहे हैं पर पृथ्वी को बर्बाद करके। देशकाल की बड़ी से बड़ी दूरियां मिटा देना चाहते हैं, पर अपने पड़ोसी के हृदय की व्यथा की उपेक्षा करके। क्या यह सत्य नहीं है कि आज के शिक्षा के प्रतिमान से वह उपयोगितावादी संस्कृति का प्रभुत्व बढ़ता ही जा रहा है, जिसे भाव-शून्य, हृदयहीन, पथ भ्रष्ट मानवों के वर्चस्व की आवश्यकता है। विज्ञान से प्रौद्योगिकी, फिर पूंजीवादी निजीकरण की स्पर्धा से सतत मानवता का ह्रास हो रहा है। मानव जाति को इस दयनीय स्थिति से उबारने के लिए सुसंगत शिक्षा का प्रतिमान ही सक्षम है।

नई शिक्षा नीति हो या पुराने शिक्षा आयोग के प्रतिवेदन, सभी ने इस बात पर बल दिया कि आधुनिकीकरण की दौड़ में आस्थामूलक चारित्रिक मूल्यों से परिपक्व चेतानावाद का अनिवार्य रूप से आश्रय लिया जाना चाहिए। नई शिक्षानीति के क्रियान्वयन में शिक्षकों, शिक्षाविदों के समक्ष क्या यह चुनौती नहीं है कि इस साइबर युग में परिवर्तन के किसी भी विकल्प में भारत की आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक तथा सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक समस्यायों पर समरसता से विचार किया जाए। मानव स्वतः साध्य है, जिसे उस शिक्षा प्रतिमान की खोज है, जो उसकी पहचान बरकरार रखते हुए प्रकृति और समाज के साथ तादात्म बनाए रखे। व्यक्ति में उचित सामर्थ्य और शक्ति तथा विवेक विकसित कर सके, जिससे वह अहंकारों, उन्मादों, पूर्वाग्रहों तथा उन सभी ताकतों के विरुद्ध क्रांति का उदघोष कर सके जो शाश्वत मानव मूल्यों को विनष्ट करना चाहते हैं।

## प्रसंगवश

# लगेगी आग तो...


ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

फरीदाबाद (हरियाणा) से एक पीड़ादायक समाचार है। इंटरमीडिएट का विद्यार्थी आर्यन मिश्र, उनकी मां व परिवार के अन्य लोग, मार्केट से खा-पीकर देर रात कार से घर वापस जा रहे थे। पीछे से एक दूसरी गाड़ी में सवार लोगों ने राजमार्ग पर चौबीस किलोमीटर तक उनका पीछा किया और गाड़ी न रोकने पर कई फायर किए, जिससे आगे की सीट पर बैठे आर्यन को गर्दन में गोली लगी।

घायल अवस्था में गाड़ी रुकने पर कार का पीछा करने वालों ने कार के खुले शीशे से आर्यन पर क्लोज रेंज से फायर किया और फरार हो गए। अस्पताल पहुंचते-पहुंचते आर्यन की मृत्यु हो गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज व अन्य साक्ष्यों के आधार पर पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जो गोरक्षा समिति से संबंधित बताए जाते हैं। उनका कहना है कि उन्हें गाड़ी में गोवंश तस्करों के होने के शक हुआ, उन्होंने गाड़ी का पीछा किया और गाड़ी के न रुकने पर उन्होंने फायरिंग की। हरियाणा में स्वयंभू गोरक्षक मॉब लिंचिंग आदि के लिए अपने को लाइसेंसशुदा मानकर चलते हैं। इस घटना की पृष्ठभूमि में कई प्रश्न उभरते हैं, लेकिन सबसे प्रमुख बात यही है कि इस तरह के स्वयंभू लोग किसके दम पर कानून को अपने हाथ में लेने का दुःस्साहस करते हैं? शक पर गोली मार देने जैसे अधिकार, जो कानूनी तौर पर पुलिस को भी नहीं दिया गया है।

ऐसे अराजक तत्व कितनी आसानी से अपना लेते हैं। अगर कोई संदिग्ध बात थी तो चौबीस किलोमीटर तक पीछा करने के दौरान पुलिस को सूचित किया जा सकता था। अभियुक्त गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके हैं। अभियुक्तों द्वारा प्रयुक्त असलहे लाइसेंसी थे या नहीं, उन असलहों की बरामदगी हुई अथवा नहीं, ऐसे प्रश्न अनुत्तरित हैं।

इन अभियुक्तों के घर बुलडोजर आदि जाने से रहे, लेकिन विवेचना की कार्यवाही खानापूरी तक सीमित न रह जाए। इन्हें पुलिस रिमांड पर लेकर इनके कारनामों का चिट्ठा-पत्रा खोला जाए। अंत में इस परिप्रेक्ष्य में स्वर्गीय राहत इंदौरी की कुछ इसी तरह की निम्न पंक्तियां कौंध जाती हैं-लगेगी आग तो आएंगे घर कई जद में,/यहां पे सिर्फ हमारा मकान थोड़ी है।

# बहुजन को जोड़ने के लिए संघ का फार्मूला


महेश शर्मा
कानपुर

> अब देखना है कि पिछड़ों, दलितों व आदिवासियों की बढ़ी हुई आबादी के अनुपात में आरक्षण के लिए 50 फीसदी से ज्यादा आरक्षण बढ़ाने पर संघ का क्या रुख होता है?

केरल के पलक्कड़ में समन्वय बैठक में जातीय गणना पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत का बयान सामाजिक और राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बन गया है। सत्ता पक्ष पर विपक्ष का बढ़ते दबाव के चलते इस मामले में मोदी सरकार भी लगभग असमंजस की स्थिति में है। ऐसे में संघ का यह निर्णय समसामयिक तथा भाजपा संगठन और सरकार के मार्गदर्शन के लिए आवश्यक भी था। अभी तक शशोपंज की हालत में रही केंद्र सरकार में चैतन्यता आ गई। माना जा रहा है कि जातीय जनगणना पर सरकार शीघ्र ही निर्णय लेगी। श्रेय को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष टंग ऑफ वॉर शुरू होना अवश्यंभावी है।

हालांकि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के साथ ही इंडी अलायन्स के घटक दल चीख-चीखकर कहेंगे कि विपक्ष के इस मुद्दे से भयभीत होकर लगभग बैक फुट पर मोदी सरकार हो गई थी, पर अब संघ की मुहर लगने के बाद जातीय जनगणना का रास्ता खुल गया है। उम्मीद है कि अगली जनगणना जातिगत आधार पर होगी। भारत में ऐसा पहली बार 1931 की जनगणना में हुआ था। मनमोहन सरकार के दौरान 2011 में जनगणना जातिगत आधार पर थी, पर रिपोर्ट अब तक साया नहीं की गई। अबकी जातीय जनगणना मुकम्मल तौर पर होने की संभावना है। हालांकि इतनी जल्दी संघ से हरी झंडी की उम्मीद शायद भाजपा को भी नहीं रही होगी। अब चूंकि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने जाति आधारित जनगणना को कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में अहम बताया है तो भाजपा को इस मामले में फैसला लेने में आसानी हो सकती है। इस निर्णय की एक वजह यह भी हो सकती है कि लोकसभा चुनाव में विपक्ष जनता को खासकर पिछड़ा और दलित, आदिवासियों को यह समझाने में सफल हो गया था कि मोदी सरकार के रहते संविधान खतरे में है। अखिलेश यादव का पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) फार्मूला कारगर साबित हुआ तभी तो लोकसभा में विपक्षी पार्टियों में समाजवादी पार्टी कांग्रेस के बाद दूसरे नंबर पर है।

अभी तक भाजपा ने जातीय जनगणना पर मुखर विरोध नहीं किया है और न ही उसने इस पर कोई टिप्पणी की है। हां दबी जुबान में इसके पक्ष पिछड़ी लॉबी के नेता जब तब बयान देते थे। भाजपा को लगता था कि जातीय जनगणना में उसका हिन्दू वोट बैंक बिखर सकता है। भाजपा ने विपक्ष पर हिंदू समाज को बांटने की कोशिश करने का आरोप लगाया था। सुर मद्धम होने के कारण बयान ने ज्यादा तूल नहीं पकड़ा। जातीय जनगणना पर संघ का यह बयान इसलिए भी अहम है, क्योंकि इस मुद्दे पर भाजपा विपक्ष के निशाने पर है। संघ का जातीय जनगणना के पक्ष में कुछ परहेज के साथ पक्ष में बयान आते ही कांग्रेस के अध्यक्ष, प्रवक्ता एक्स पर राय व्यक्त करने लगे। यही नहीं बयान को लेकर संघ की प्रसंगिकता पर सवाल उठाने लगे। सब जानते हैं कि भाजपा का पितृ संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ही है। कांग्रेस का यह भी कहना है कि संघ ने दलितों, आदिवासियों और ओबीसी के लिए आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा को हटाने के लिए संवैधानिक संशोधन की आवश्यकता पर रहस्यमय चुप्पी क्यों साध रखी है? कुछ उसे ब्राह्मणों का संगठन बताते हैं। हिंदुत्व पर चिंतन करने वाले इसे डॉ. बीआर आंबेडकर के नेतृत्व वाली दलित चेतना की प्रतिक्रिया स्वरूप गठित संगठन खतें हैं।

एक जानकारी के अनुसार हिंदुत्व की राजनीति पर गहरी नजर रखने वाले फ्रांसीसी विद्वान क्रिस्टोफर जेफरलो ने साल 2020 में अपने एक लेख में लिखा था कि मराठी ब्राह्मणों द्वारा बनाए गए संघ ने सभी जातीय पृष्ठभूमि वाले हिंदुओं को धीरे-धीरे अपनी ओर आकर्षित करने की कोशिश की है। संघ आंबेडकर के दलितोत्थान आंदोलन की प्रतिक्रया स्वरूप मजबूत किया गया। संघ को पता है कि सत्ता में बने रहना है तो बहुजनों को साथ जोड़ना होगा। इसी के तहत भाजपा अब संगठन और सरकार में जाति का ख़ासा ख्याल रख रही है। देशकाल व सामाजिक तथा राजनीतिक परिस्थितियों वश जातीय जनगणना के पक्ष में संघ मुखर हुआ है।

अब देखना है कि पिछड़ों, दलितों व आदिवासियों की बढ़ी हुई आबादी के अनुपात में आरक्षण के लिए 50 फीसदी से ज्यादा आरक्षण बढ़ाने पर संघ का क्या रुख होता है? संघ के करीब दो हजार प्रचारकों में 20 फीसदी दलित हैं। करीब सौ वर्ष के संघ में 6 सर संघचालक रहे हैं, जिनमें एक ठाकुर (राजेन्द्र सिंह 'रज्जू भैया') थे बाकी पांच ब्राह्मण हुए। तो क्या कभी किसी दलित या पिछड़े को सर संघ चालक का ओहदा मिलेगा? यह विचारणीय प्रश्न है। दूसरी तरफ आरक्षण को लेकर संघ के स्टैंड पर कुछ कहना अभी जल्दी है, पर इस पर राष्ट्रीय बहस ने तो जन्म ले लिया है।

## सोशल फोरम

# लोकतंत्र खतरे में...


तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

सोच रहा हूं कि स्टैंडर्ड दिखाने के लिए एक कुत्ता पाल ही लूं। इसमें मेरी समस्या ये है कि कौन सा कुत्ता पालूं? जर्मन शेफर्ड, लेब्राडोर, ग्रे हाउंड, डॉबरमैन, बुलडॉग या फिर ग्रेट डेन। मुझ गरीब के लिए तो कोई रोडेशियन ही ठीक रहेगा, जिसे चार दिन की बासी रोटी भी दे दो तो नाचता फिरेगा। सारे मुहल्ले के रोडेशियनो में मेरा गुण गान करेगा।


वैसे कुत्ते की जिस अदा पर सब मोहित होते हैं, वही मुझे उसकी सबसे बड़ी कमजोरी लगती है। स्वामिभक्ति, सही गलत का निर्णय किए बगैर मालिक के शू शू करते ही झपट पड़ना या टुकड़े डालते ही दुम हिलाने लगना। इनका सबसे बड़ा अवगुण है। इनकी सोच 5 किलो गेहूं और एक किलो चना तक ही है। इसी में ये चिल्ला-चिल्ला कर आसमान सर पर उठा लेंगे कि मालिक बहुत दयालु है।

इस देश की सारी समस्या इन रोडेशियन के कारण ही है। चंद टुकड़ों में ही ये आपके पैरों के पास आकर अपनी दुम हिलाने लगते हैं। अब इनसे जो चाहे आप करवा लीजिए। वैसे सच कहिए तो इनमें इनका भी दोष नहीं। अभावों में जीने वाली इस प्रजाति के लिए चंद टुकड़े भी बहुत कीमत रखते हैं। यही टुकड़े इनके जीने और मरने में अंतर पैदा कर देते हैं, जहां जीवन जीना भी एक उपलब्धि हो वहां इन टुकड़ों के लिए दुम हिलाना मजबूरी बन जाती है। वैसे लोकतंत्र में इनको इस हाल में बनाए रखना भी चाणक्य नीति कहलाती है। आखिर कुछ टुकड़े डाल कर जै जै कार के लिए भीड़ भी तो चाहिए? यही वजह है कि रोडेशियन के बजाय मेरी असल शिकायत ब्रांडेड यानी बढ़िया नस्ल से है। अच्छी भली बोटियां मिलने के बावजूद इनकी तृष्णा नहीं जाती। वैसे कुत्ते भेड़ियों की प्रजाति से हैं, लेकिन मनुष्यों के साथ ने इनकी दुर्गति कर दी।

इनकी स्वामिभक्ति के बावजूद आज कुत्ता शब्द एक गाली बन गया है। यही अंतर होता है आजाद होने और परतंत्र होने में। भेड़िए आजाद हैं, इसलिए सम्मान पाते हैं और जो किसी के गुलाम हैं, उन्हें कुत्ता कहते हैं। ध्यान रहे, लोकतंत्र में ब्रांडेड, सक्षम भी जब कुत्तों की तरह पूंछ हिलाने लगें तो समझ जाइए की लोकतंत्र खतरे में है।

-फेसबुक वॉल से

# विज्ञान के क्षेत्र में नई प्रतिभा


डॉ.राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

> न्यूरोसाइंस की इस विधा में जेनेटिक रूप से चुने हुए न्यूरॉन्स के सेट की क्रियाओं को नियंत्रित किया जाता है और इस प्रकार यह समझा जाता है कि किस प्रकार वह न्यूरॉन्स निर्णय लेते हैं, सीखते हैं, याद रखते हैं, डरते हैं, प्यार करते हैं।

मुजफ्फरपुर (बिहार) की 29 वर्षीय वैज्ञानिक सपना सिन्हा ने विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण परिणाम प्राप्त किए हैं। उनकी इन खोजों के कारण उन्हें प्रतिष्ठित फोर्ब्स पत्रिका की 30 वर्ष से कम आयु के 30 एशियाई लोगों की सूची में स्थान मिला है। सपना का जन्म सन 1995 में शैक्षिक रूप से योग्य माता-पिता की पुत्री के रूप हुआ था। सपना ने जापान की नागोया यूनिवर्सिटी से केमिकल इंजीनियरिंग में बीटेक की उपाधि प्राप्त की है।

ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से डॉक्टरेट के बाद जापान की ओकाया यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में कार्यभार ग्रहण किया, जहां वह सन 2021 में शिमड्ट साइंस फेलो के रूप में नामित हुईं। इसके बाद उन्होंने प्रतिष्ठित मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी), कैम्ब्रिज मैसाचुसेट्स, अमेरिका में कार्य प्रारंभ किया। यहां उन्होंने ऑप्टोजेनेटिक्स के क्षेत्र में कार्य प्रारंभ किया और इसमें भी उन्होंने उल्लेखनीय खोजें कीं। उन्होंने ऐसी खोजें कीं, जिनसे हमारे मस्तिष्क की कार्यविधि पर प्रकाश पड़ता था और उन्होंने ऐसी तकनीकें विकसित कीं, जिनसे मस्तिष्क और मेरुरज्जु की चोटों को ठीक करने में बहुत मदद मिलती है। इन खोजों से भविष्य में हो सकने वाले सिर और मस्तिष्क के प्रत्यारोपणों में भी बहुत मदद मिलेगी। उन्होंने 'ऑप्सिन्स' का विकास किया और उनके शरीर में उपयोग की विधियां विकसित कीं। अपनी पीएचडी के दौरान उन्होंने केमिस्ट्री, फिजिक्स और मैटीरियल साइंस के योग का विषय चुना। उन्होंने नैनोमैटीरियल्स-जैसे ग्राफीन के व्यापक सॉलिड स्टेट और सॉल्यूशन फेज केमिस्ट्री को विकसित किया। उन्होंने ग्राफीन के फिजिकल और इलेक्ट्रॉनिक गुणों का अध्ययन किया। साथ ही एडवांस्ड ट्रांसमिशन इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कॉपी के लिए आवश्यक अत्यंत महीन ग्राफीन को विकसित किया। शिमड्ट साइंस फेलो के रूप में उन्होंने मैटीरियल साइंस के क्षेत्र से हटकर, प्रोफेसर एड बॉयडन के साथ न्यूरोसाइंस के क्षेत्र में प्रवेश किया। यहां उन्होंने ऑप्टोजेनेटिक्स की मदद से न्यूरल इंटरफेस और बायोनिक्स के क्षेत्र में काम किया। ऑप्सिन्स ऐसे प्रोटीन्स होते हैं, जिनको मानव शरीर के अनुकूल बना दिया गया होता है। ये मानव शरीर में इम्यून रेस्पांस पैदा नहीं करते हैं और इनकी अधिकतम बायो कॉम्पैटिबिलिटी होती है। डॉ. सपना सिन्हा ने इनका विकास एक नए ऑप्टिकल इनपुट और आउटपुट इंटरफेस को बनाने के लिए किया, जिससे मस्तिष्क और शरीर के संबंध का अध्ययन किया जा सकता था। इस अध्ययन और तकनीक का प्रयोग कठिनाई से ठीक हो सकने वाली विकलांगताओं और लकवे के उपचार, शरीर के अंग के कट जाने के बाद नकली अंग को लगाकर उसे चलाने में, मस्तिष्क और स्पाइनल कॉर्ड को हानि पहुंचने और मस्तिष्क के डिजेनरेशन और अनेक प्रकार के मानसिक रोगों और इम्यूनिटी से संबंधित रोगों के उपचार में किया जा सकता है। ऑप्टोजेनेटिक्स यह न्यूरॉन्स और शरीर की दूसरी कोशिकाओं को प्रकाश के माध्यम से नियंत्रित करने की विज्ञान की शाखा है।

न्यूरोसाइंस की इस विधा में जेनेटिक रूप से चुने हुए न्यूरॉन्स के सेट की क्रियाओं को नियंत्रित किया जाता है और इस प्रकार यह समझा जाता है कि किस प्रकार वह न्यूरॉन्स निर्णय लेते हैं, सीखते हैं, याद रखते हैं, डरते हैं, प्यार करते हैं, घृणा करते हैं, किसी नशे के आदी हो सकते हैं, पोषण और सेक्स की भावनाओं को नियंत्रित करते हैं और किस प्रकार वह बोलने, चलने एवं शरीर की अन्य क्रियाओं को नियंत्रित करते हैं। यह समझा जाता है कि किस प्रकार इन न्यूरॉन्स की क्रियाविधि और उनमें एकत्र स्मृतियां मनुष्य का 'मैं' बनाती हैं। ऑप्टोजेनेटिक्स का प्रयोग करके रेटिनाइटिस पिगमेंटोसा नामक रोग से ग्रस्त एक दृष्टिहीन व्यक्ति की दृष्टि आंशिक रूप से वापस ले आई गई है। विज्ञान के इस क्षेत्र में मस्तिष्क की संवेदी कोशिकाओं अर्थात् न्यूरॉन्स के शेष शरीर की कोशिकाओं और अंगों के साथ क्रियात्मक संबंध को भी देखा जाता है। कुछ जेनेटिकली चुने हुए न्यूरॉन्स की क्रियाविधि को बदलकर प्रकाश का उपयोग करके और इमेजिंग और इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी जैसी तकनीकों और विधाओं का उपयोग करके मस्तिष्क के विभिन्न क्षेत्रों और शरीर के विभिन्न कार्यों के बीच संबंध जाना जा सकता है। विज्ञान का यह एक उभरता हुआ क्षेत्र है, जिसमें अनेक संभावनाएं हैं। डॉ. सपना सिन्हा के विज्ञान और मानवता के प्रति इस योगदान ने मानवहित के अनेक मार्ग खोले हैं।

# केरल-त्रिपुरा को बाढ़ राहत में मिला देश का साथ


विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

कुदरत के कोप ने इस साल केरल और त्रिपुरा में भीषण तबाही मचाई। बाढ़, बारिश और भूस्खलन से इन दोनों राज्यों में बेहद गंभीर हालत पैदा हो गई थी। इस कारण इनमें जान-माल का भारी नुकसान हुआ। दरअसल इस बार स्थिति चुनौतीपूर्ण हुई, क्योंकि देश के दो राज्य एक साथ मिलती-जुलती प्राकृतिक आपदा की चपेट में आ गए थे। इस संकट की हालत में केरल और त्रिपुरा में राष्ट्रीय आपदा राहत बल (एनडीआरएफ) की टीमों ने दिन रात कड़ी मेहनत कर बचाव और राहत कार्य अभियान चलाया।

केरल के वायनाड में 30 जुलाई की रात को आए भूस्खलन में कुछ घंटों में ही भारी संख्या में लोगों की मौत हो गई। इस दौरान चल-अचल संपत्तियों का व्यापक नुकसान हुआ। सबसे ज्यादा क्षति वायनाड जिले के गांवों में हुई। हालात की गंभीरता को देखते हुए राहत और बचाव कार्यों की कमान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने खुद संभाली। केरल में आई इस आपदा में अब तक करीब 415 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और 200 से ज्यादा लोग अब भी लापता हैं। केरल के इतिहास में 2018 के बाद आई यह सबसे घातक तबाही है। अफसोस कि इतनी बड़ी विपदा आने पर भी विपक्ष लगातार केंद्र पर सवाल उठाता रहा। हालांकि यह समय राजनीति करने का नहीं था। संसद में विरोधी दलों के नेताओं के सवालों का जवाब देते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने बताया कि केंद्र ने केरल सरकार को बारिश से होने वाली प्राकृतिक आपदा की आशंका के बारे में कई बार चेतावनी दी थी। पहली चेतावनी पिछली 23 जुलाई को ही जारी कर दी गई थी। उन्होंने सदन को बताया कि 23 जुलाई को एनडीआरएफ की नौ टीमें राज्य में भेजी गई थीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने चेतावनी पर ध्यान नहीं दिया और यही कारण है कि मरने वालों की संख्या बढ़ गई।

दूसरी तरफ त्रिपुरा में बाढ़ की वजह से राज्य में भारी नुकसान को देखते हुए गृह मंत्रालय ने राहत और बचाव कार्यों में राज्य सरकार की सहायता के लिए नावों और हेलीकॉप्टरों के अलावा, एनडीआरएफ की 11 टीमों को मौके पर भेजा। केंद्र सरकार ने त्रिपुरा में राहत और बचाव कार्यों में स्थानीय सरकार की सहायता के लिए एनडीआरएफ की टीमों के अलावा नावों और हेलीकॉप्टरों को भी भेजा। एनडीआरएफ की टीमें त्रिपुरा सरकार की मशीनरी के साथ मिलकर इस अभूतपूर्व प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रही हैं। केरल और त्रिपुरा में संकट के समय जिस तरह से केन्द्र सरकार ने राज्य सरकारों का साथ दिया है, उससे साफ है कि सियासी मतभेदों के बावजूद संकट में भारत एक है और केन्द्र प्रभावित राज्यों के साथ मजबूती से खड़ा रहता है।

**आज का मौसम**

बादल छाए रहने के साथ बारिश

31.0° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान

**शहर में आज**

- पटियाली के सेंटकेएम इंटर कॉलेज में संगीत प्रतियोगिता सुबह दस बजे से।
- सोरों हरपदीय गंगाकुंड में माह आरती शाम साढ़े छह बजे से।
- बहुजन समाज पार्टी की बैठक अशोक नगर कैंप कार्यालय में अपराह्न तीन बजे से।
- एनआर पब्लिक स्कूल प्रहलादपुर में पौधरोपण कार्यक्रम सुबह नौ बजे से।

### श्री वराह प्राकट्योत्सव कल

**कासगंज।** सोरों तीर्थ नगरी में भगवान विष्णु के तृतीय अवतार क्षेत्राधीश भगवान वराह का प्राकट्योत्सव हरितालिका तीज 6 सितंबर को मनाया जाएगा। छह सितंबर को सुबह सवा नौ बजे भगवान वराह का पूजन व दुग्धाभिषेक किया जाएगा। सुबह सवा 11 बजे विष्णु महायज्ञ होगा। शाम साढ़े चार बजे भगवान वराह का भव्य फूल बंगला सजाकर 56 भोग लगाया जाएगा। शाम 7 बजे भगवान वराह की महाआरती होहगा। रात्रि आठ बजे भव्य भजन संध्या का आयोजन होगा। यह जानकारी वराह मंदिर के महंत विदेहानंद गिरि ने दी है।

# दिनभर चला हंगामा, रात को मिली हत्या की सूचना, सन्न रह गए लोग

## महिला अधिवक्ता के लापता होने का मामला, वकीलों ने कचहरी में किया प्रदर्शन, कासगंज बार एसोसिएशन ने की हड़ताल, सोरों के व्यापारियों ने किया बाजार बंद

कार्यालय संवाददाता, कासगंज


घटना के खुलासे की मांग को लेकर न्यायालय परिसर में एकत्र वकील। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** आखिरकार वही हुआ जिसका सबको डर सता रहा था। कचहरी परिसर से मंगलवार दोपहर लापता हुई महिला अधिवक्ता मोहनी तोमर की बरामदगी को लेकर बुधवार को दिन भर हंगामा होता रहा। वकीलों ने कचहरी परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। कासगंज बार एसोसिएशन ने हड़ताल करने के साथ आंदोलन तेज करने का ऐलान किया। सोरों कस्बे के व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद रखीं और विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस दिनभर अधिवक्ता मोहनी तोमर की तलाश में जुटी रही। मगर मोहनी तोमर की जान नहीं बीच। बुधवार रात करीब साढ़े नौ बजे सोरों थाना क्षेत्र में नहर में मोहनी तोमर का शव मिला। इसका पता चलने पर लोग सन्न रह गए।

शहर के नदरई गेट मोहल्ला माधोपुरी कॉलोनी निवासी अधिवक्ता मोहनी तोमर पत्नी बृजतेंद्र तोमर कासगंज कचहरी में प्रैक्टिस करती है। मंगलवार तीन सितंबर की सुबह वह घर से 11 बजे स्कूटी पर कचहरी गई थीं। दोपहर को उन्होंने पति को फोन करके कलेक्ट्रेट जाने के लिए कार मंगाई। दोपहर 12:30 बजे वह कार में पति के साथ कलेक्ट्रेट गईं। इसके बाद दोपहर 2:30 बजे पति उन्हें कचहरी के गेट पर छोड़ा और घर चले गए।

शाम को मोहिनी घर नहीं पहुंचीं तो पति ने उनके मोबाइल पर फोन किया, लेकिन मोहिनी का मोबाइल स्विच ऑफ था। इसके बाद उन्होंने तलाश शुरू कर दी। मगर काफी खोजबीन के बावजूद मोहिनी का कुछ पता नहीं चला। उनकी स्कूटी न्यायालय परिसर में खड़ी मिली। मंगलवार शाम को कासगंज कोतवाली जाकर बृजतेन्द्र ने गुमशुदगी दर्ज करा दी। महिला अधिवक्ता के गायब होने से वकीलों और परिजन काफी चिंतित थे। उन्हें अनहोनी की चिंता सता रही है। वकीलों ने मोहनी की सकुशल गिरफ्तारी की मांग को लेकर कचहरी में एकत्र होकर प्रदर्शन किया।

### व्यापारियों में आक्रोश, बाजार बंद कर जताया विरोध

अधिवक्ता मोहिनी तोमर के लापता होने से सोरों के व्यापारियों में आक्रोश है। बुधवार को व्यापारियों ने बाजार बंद कर घटना का जल्द खुलासा करने की मांग की। रामलाल हलवाई वाली गली से लेकर चंदन चौक का बाजार पूरी तरह बंद रहा। बाजार बंद होने की सूचना पर पहुंचे इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने व्यापारियों को समझाकर दुकानें खुलवाने के प्रयास किया। व्यापारियों का कहना था कि अधिवक्ता मोहिनी तोमर सभ्य विचार की थीं। वह पीड़ितों की मदद करती थीं। उनका केस लड़ा था। उनकी इस तरह हत्या किया जाना एक बड़ी घटना है। व्यापारियों का कहना है कि जब दूसरे को न्याय दिलाने वाले ही सुरक्षित नहीं हैं तो आम जनता क्या हाल होगा?

### दूसरे समुदाय के लोगों पर अगवा करने का शक

पिछले दिनों हिंदू समाज के एक पीड़ित को न्यायालय परिसर में दूसरे समुदाय के अधिवक्ता ने पीटा था। हिंदू पक्ष की ओर से पैरवी मोहिनी तोमर ने की थी। हालांकि बाद में न्यायालय से आरोपी को जमानत मिल गई। अधिवक्ता के पति का कहना है कि मोहिनी को दूसरे समुदाय के लोगों के इशारे पर अगवा किया गया है। इस पहलू पर भी जांच होनी चाहिए।


पोस्टमार्टम हाउस पर घटना की जानकारी लेते न्यायिक अधिकारी। ● अमृत विचार

### अधिवक्ताओं ने दी आंदोलन तेज करने की चेतावनी

कासगंज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश शर्मा, महासचिव चेतन चौहान एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सत्येंद्र पाल सिंह वैस का कहना है कि मोहिनी तोमर हत्यारों को गिरफ्तार किया जाए। पुलिस गंभीरता दिखाए, अन्यथा आंदोलन को आगे बढ़ाया जाएगा। इधर, अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन भी किया। अधिवक्ताओं के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना के खुलासे का भरोसा दिया है।


सोरों का बाजार बंद करने पर व्यापारियों को समझाते कोतवाल भोजराज अवस्थी। ● अमृत विचार

महिला अधिवक्ता गुमशुदगी पहले से दर्ज है। मंगलवार दोपहर 2:31 बजे उनका मोबाइल बंद हो गया था। सोरों इलाके में उनकी लाश मिली है। घटना किसने और क्यों की इस बारे में छानबीन की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाए गा।
–**विजय सिंह राणा**, सीओ सदर

# 13 वर्षीय किशोर का शव कब्रिस्तान में पेड़ पर लटका मिला, मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** ढोलना थाना क्षेत्र में बकरी चराने गए किशोर का शव कब्रिस्तान में पापडी के पेड़ पर लटका मिला। इससे घर में कोहराम मच गया। परिजन घटना की वजह नहीं बता पा रहे हैं। पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार है।


मृतक महेश चंद्र।

ढोलना क्षेत्र के गांव घिनौना निवासी सुबोध कुमार का 13 वर्षीय पुत्र महेश चंद्र मंगलवार दोपहर बकरी चराने गया था। वह देर शाम तक घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन की। रात में करीब नौ बजे ग्रामीण ने उसका शव कब्रिस्तान में खड़े पापडी के पेड़ पर फंदे से लटका देखा। इसका पता लगने पर परिजन और ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम की जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने शव नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ विजय राणा ने बताया कि किशोर की मौत के मामले में जांच पड़ताल की जा रही है। परिजनों के तहरीर देने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।


पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृत किशोर के परिजन। ● अमृत विचार

● **घटना की वजह स्पष्ट नहीं, पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार**

# ब्यूटी पार्लर संचालिका ने फंदे से लटककर खुदकुशी की

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** शहर के मोहल्ला दुर्गा कॉलोनी में ब्यूटी पार्लर ने घर में फंदे पर लटककर जान दे दी। मायके वालों की सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।


मृतका संगीता।

अलीगढ़ जनपद के थाना दादों क्षेत्र के गांव नवाबपुर निवासी 24 वर्षीय संगीता की शादी पांच वर्ष पूर्व सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव धंतूरिया निवासी अशोक के साथ हुई थी। संगीता शहर के गढ़ी अड्डे पर ब्यूटी पार्लर चलाती थी। वह दुर्गा कॉलोनी में खजान सिंह के मकान में किराए पर रहती थी। बुधवार को संगीता का फुफेरा भाई प्रवीण कमरे पर आया हुआ था। उसने संगीता के शव को कमरे में लटका देखा तो दंग रह गए। इसकी सूचना संगीता के ससुराल और मायके वालों को दी गई। सूचना मिलते ही दोनों पक्षों के लोग पहुंच गए। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। इस पर सदर कोतवाल लोकेश भाटी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए।पुलिस शव फंदे से उतारने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

फुफेरे भाई प्रवीण ने पुलिस को बताया कि संगीता थायराइड की बीमारी से ग्रस्त थी। जिसकी वजह से वह परेशान रहती थी।उसने बीमारी से तंग आकर आत्महत्या कर ली।


घटना के बारे में परिजनों से पूछताछ करते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

● **मायके वाले बोले- थायराइड की बीमारी से परेशान थी संगीता**

अभी परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। मायके पक्ष के लोगों ने बताया कि संगीता को थायराइड की बीमारी थी। इससे वह परेशान रहती थी। मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर पता चलेगा।
–**विजय सिंह राणा**, सीओ सदर

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत



**कासगंज।** सोरों कोतवाली क्षेत्र में 32 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। एटा देहात कोतवाली क्षेत्र के बडेरा गांव निवासी टीकाराम ने अपनी पुत्री मीना की शादी सोरों कोवताली क्षेत्र के नगला झद्दी निवासी राजवीर सिंह के साथ की थी। बुधवार को मीना की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर मीना के पिता टीकाराम परिजनों संग मौके पर जा पहुंचे। घटना की जानकारी मिलने पर पहुंचे सोरों इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने ग्रामीणों और मायके पक्ष के लोगों से पूछताछ की। सोरों थाना प्रभारी भोजराज अवस्थी ने बताया मृतका के पिता की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार है।

# तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक को रौंदा, युवक की जान गई

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** अमांपुर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार बुलेरों ने बाइक में पीछे टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार युवक की मौत हो गई, दूसरा गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल युवक को जिलाअस्पताल से अलीगढ मेडिकल कॉलेज को भेजा गया है।मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।


मृतक युसूफ।

यह हादसा मंगलवार रात नौ बजे हुआ। अमांपुर थाना क्षेत्र के गांव करसाना निवासी 40 वर्षीय युसूफ और 37 वर्षीय सोबी बाइक पर अमांपुर से गांव लौट रहे थे। उनकी बाइक लखमीपुर चौराहे के समीप पहुंची होगी। तभी पीछे से तेज रफ्तार में आई बोलेरो कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार दोनों युवक बुरी तरह से घायल हो गए। सूचना मिलते ही घायलों के परिजन मौके पर पहुंच गए। फिर दोनों घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने युसूफ को मृत घोषित कर दिया। सोबी को प्राथमिक उपचार के बाद अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। मृतक के पिता यूनिस ने बताया युसुफ की शादी एक वर्ष पूर्व हुई थी। अमांपुर थाना प्रभारी चंचल सिरोही ने बताया कि मृतक के परिजनों ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है। टक्कर मारने के बाद चालक बोलेरो समेत फरार हो गया। उसकी तलाश जारी है।

# पुलिस ने गिरफ्तार किए तीन वारंटी

**कासगंज, अमृत विचार :** एसपी अपर्णा रजत कौसिक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस ने तीन वारंटी गिरफ्तार किए हैं। पुलिस ने वारंटियों के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया है। एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि कासगंज कोतवाली पुलिस ने वारंटी सुरेश पुत्र रोहन सिंह निवासी पानसहाय कोटला रोड फिरोजाबाद, थाना सिकन्दरपुर वैश्य पुलिस ने वारंटी जबर सिंह पुत्र रामनिवास निवासी नगला दुर्ग सिकन्दरपुर वैश्य, थाना पटियाली पुलिस ने वारंटी सन्तोष पुत्र सोनेलाल निवासी लालगढी पटियाली को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की है।

# बच्चों में फैल रहा गलाघोंटू रोग कई बीमार, लोगों में दहशत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** बच्चों में गलाघोंटू बीमारी फैल रही है, ग्रामीण दहशत में है। बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कई गांवों में शिविर लगाकर बच्चों का चेकअप किया और सैंपल लिए। सैंपल प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

गांव नागर कंचनपुर, नगला रते और नगला वजीर के तीन बच्चों में गलाघोंटू रोग के लक्षण पाये गए। इनमें नगला कंचनपुर की रिषिका (10), नगला रते की डिम्पल यादव (6) और नगला बजीर का सौकेत (8) हैं। इससे स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में डेरा जमाए है। रोग से पीड़ित बच्चों के नमूने लेकर जांच को भेजे गए है। इनके संपर्क में आने वाले परिजनों व अन्य लोगों को भी एहतियातन दवा दी जा रही है। जिसका उपयोग लगातार 14 दिन तक करना होगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अद्यीक्षक डॉ. आकाश कुमार ने बताया विभिन्न गांवों के तीन बच्चों मे गलघोंटू बीमारी के लक्षण पाये गए हैं। जिसके बाद बच्चों के ब्लड सैंपल संकलित कर लैब भेजे गए है।


गंजडुंडवारा के गांव में गलाघोंटू रोग की जांच करते स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी।

● **तीन बच्चों में मिले बीमारी के लक्षण, स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सैंपल लेकर प्रयोगशाला भेजे**

# वराह महोत्सव के उपलक्ष्य में कवि सम्मेलन आयोजित

संवाददाता, सोरों जी

**अमृत विचारः** तीर्थ नगरी में वराह महोत्सव के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय कवि सम्मलेन का आयोजन हुआ, जिसमें देर रात तक श्रोता डटे रहे। कवियों ने अपनी अपनी रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को तालियां बजानेपर मजबूर कर दिया।

कवि सम्मलेन श्री वराह व महाकवि तुलसीदास के चित्र के समक्ष मन्दिर प्रबन्धक विदेहानन्द गिरि ने द्वीप प्रज्वलित कर आरंभ किया। वराह मन्दिर के महामंडलेश्वर आसतोषानन्द गिरि ने आशीष वचन दिए। मां शारदे की वंदना के साथ कवियत्री डॉ. अल्का गुप्ता व कवि अजय अटल ने काव्य पाठ की शुरूआत की। इनके अलावा कवि अजय अटल, डॉ. प्रभाकर पाराशरी, शेखर असोफा, शिवकुमार चंदन, अशोक कुमार दुबे, मनोज मधुवन, नीरज सक्सेना, अंजलि श्रीवास्तव, डॉ. अल्का गुप्ता, यश कीर्ति गंगवार, गौरी पांडेय, विपिन शर्मा, विवेक झा, राजीव उपाध्याय, मनोज मंजुल, आतिस सोलंकी, अब्दुल कदिर, शिव आशीष दौनेरिया, गणेश यादव आदि ने काव्य पाठ किया।

सर्व मानव कल्याण संस्थान के प्रबंधक विक्रम पांडेय, संरक्षक राजीव तिवारी, नगर अध्यक्ष शिवम भारद्वाज ने अतिथियों और कवियों को सम्मानित किया। संचालन आतीस सोलंकी ने किया। इस अवसर पर गंगा सभा अध्यक्ष कैलाश चन्द्र कटारे, आसतोष महेरे, नरेश त्रिगुनायत, मानवेन्द्र गिरि, कन्हैया लाल त्रिवेद्धी, शरद पांडेय, राजवैभव महेरे, मुकेश राजपूत, राकेश कुमार खीर वाले, नरेश बरबारिया, वैशनवी गुप्ता, मुकेश निर्भय, शिवम स्वामी आदि रहे।


श्री वराह महोत्सव में काव्य पाठ करते कवि। ● अमृत विचार

● **संस्था पदाधिकारियों ने अतिथियों और कवियों को प्रतीक चिह्न देकर किया सम्मानित**

# पार्टी को ऊंचाइयों तक पहुंचाना भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता का लक्ष्यः पूनम बजाज

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी को ऊंचाइयों तक पहुंचाना हर कार्यकर्ता का लक्ष्य होना चाहिए। इसके लिए जीतोड़ मेहनत करने की जरूरत है। सदस्यता अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी करने के लिए सब आगे आएं। भारतीय जनता पार्टी की जिला प्रभारी पूनम बजाज ने बुधवार को जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकारों से वार्ता में ये बातें कहीं। इससे पूर्व उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान जनपद व मंडल स्तर पर बुधवार को आरंभ हुआ। जिला कार्यालय पर सदस्यता अभियान के तहत एकत्रित हुए सभी लोगों को एक साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई गई। पार्टी के अन्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से क्षेत्रीय लोगों को सदस्य बनाकर संगठन मजबूती के लिए कार्य करने को कहा।

इस मौके पर भाजपा प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी पूनम बजाज ने सबसे पहले अपने मोबाइल से नंबर डायल कर सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान अन्य लोगों से मिस्ड कॉल कराकर अभियान के तहत सदस्यता ग्रहण कराई गई। इस मौके पर प्रदेश मंत्री पूनम बजाज ने कहा कि भाजपा एक व्यवस्था, विचार, संगठन और आंदोलन है। जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी ने नगर व क्षेत्र के आमजन और पार्टी कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में सदस्यता लेने की अपील की। सदर विधायक देवेंद्र राजपूत, अमांपुर विधायक हरिओम वर्मा, पूर्व विधायक ममतेश शाक्य, डा. ज्ञान प्रकाश गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल पुंढीर, नीरज शर्मा, राजवीर भल्ला, शिवकुमार भारद्वाज, संजय सोलंकी, कौशल साहू, रामनिवास राजपूत ने भी बैठक को संबोधित किया। संचालन संजय सोलंकी ने किया। इस दौरान महेंद्र सिंह बघेल, सुरेश माहेश्वरी, संजीव चौहान, उत्तमचंद पाथरे, अनुरोध प्रताप सिंह, डॉ. योगेंद्र चौहान, कृष्णकांत वशिष्ठ, रविन्द्र ब्रह्मचारी, प्रदीप वर्मा, केपी सिंह, डॉ. शिव प्रताप सिंह, डॉ. खूब सिंह, संपूर्णानंद भारद्वाज, शरद गुप्ता, डॉ. शैलेंद्र यदुवंशी, रानू वर्मा, मनोज शर्मा, नीरज मिश्रा, शिव प्रताप सोलंकी, अनीता उपाध्याय, विजयलक्ष्मी कश्यप, संजय दुबे, हिमांशु उपाध्याय, अभिषेक भारद्वाज, शिवप्रताप सोलंकी, जिला मीडिया प्रभारी केके सक्सेना मौजूद रहे।



सदस्यता अभियान कार्यक्रम में मंच पर मौजूद भाजपा नेता। ● अमृत विचार

### संगठन की रीढ़ की हड्डी होते हैं कार्यकर्ता

**सोरों जी, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी नगरिया मंडल की सदस्यता अभियान कार्यशाला सेंट वीएन पब्लिक स्कूल मिर्जापुर नगरिया में मंडल अध्यक्ष मनोज चौहान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कार्यशाला में 20 हजार सदस्य बनाए जाने का लक्ष्य दिया गया। कार्यशाला पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामाप्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर आरंभ की गई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी डॉ. योगेन्द्र चौहान ने कहा कि कार्यकर्ता किसी भी संगठन की रीढ़ की हड्डी होते हैं। कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी के लिए ज्यादा से ज्यादा सदस्यों को जोड़ें। मंडल अध्यक्ष मनोज चौहान ने कहा कि मंडल में 20000 सदस्य बनाए जायेंगे। जिसके लिए प्रत्येक बूथ पर 250 सदस्य बनाए जाने जरूरी हैं। क्षेत्रीय विधायक हरिओम वर्मा ने कहा कि सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता पूरी लगन और मेहनत के साथ लग जाएं। कार्यशाला में पूर्व ब्लॉक प्रमुख बृजेन्द्र सिंह गौर और सदस्यता अभियान के सह संयोजक हरजीत सोलंकी ने भी संबोधित किया। इस दौरान मंडल महामंत्री सत्यवीर कश्यप, देवेन्द्र पचौरी, मंडल उपाध्यक्ष अभय प्रताप सोलंकी, धीर सिंह राठौर, कर्मवीर सोलंकी, सत्यपाल सिंह, अंकित मिश्रा, रामबहादुर गौर, जयविंदर यादव, रमन दिवाकर, जितेन्द्र सोलंकी, सौदान कश्यप, किशोर चौहान आदि उपस्थित रहे।



# स्कूल में रेडीनेस गतिविधियां आयोजित

**कासगंज, अमृत विचार :** सिढ़पुरा के प्राथमिक विद्यालय ताजपुर में 15 अप्रैल से अगस्त माह के तृतीय सप्ताह तक कक्षा एक के विद्यार्थियों के लिए स्कूल रेडीनेंस गतिविधियां हुईं। बुधवार को इन गतिविधियों से संबंधित शिक्षण कार्य का समापन हुआ। नोडल शिक्षिका मीनू शाक्य ने बच्चों द्वारा सीखी गई गतिविधियों का प्रदर्शन कराया और अभिभावकों के साथ बैठक कर बच्चों की प्रगति से अवगत कराया। बच्चों ने कला संबंधी गतिविधियों को अपने पोर्टफोलियो में संग्रहीत कर अभिभावकों के सामने प्रस्तुत किया। इसके अलावा बच्चों ने कविता पाठ, कहानी सुनाना और रोल प्ले जैसी गतिविधियों में भी हिस्सा लिया। इस अवसर को उत्सव के रूप में मनाया गया।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन लखनऊ में किया राष्ट्रीय पोषण माह का आरंभ

# स्वस्थ समाज के लिए जाति, मत और मजहब से ऊपर उठें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोकभवन में राष्ट्रीय पोषण माह की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में शामिल लोगों को पोषण का मंत्र देते हुए कहा कि बच्चों की सेहत सुधरेगी तो पीढ़ी संवरेगी। योगी ने कहा कि कुपोषित बच्चा समाज के सामने एक चुनौती है। स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र के निर्माण के लिए हमें जाति, मत और मजहब से उठकर एक-एक बच्चे पर ध्यान देना पड़ेगा। तभी हम 2047 तक भारत को विकसित बना पाएंगे।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह से द्वापर युग में माता यशोदा ने भगवान श्रीकृष्ण का लालन-पालन किया था। उसी तरह से आज के समय में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं की भूमिका भी है, उन्हें मां यशोदा की तरह बच्चों का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी बहनें उद्धरण के माध्यम से तीन से पांच वर्ष के बच्चों को शिक्षित करें तो बच्चे तेजी से सीखेंगे।

योगी ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान कुछ लोग विदेश भाग गए थे तो कुछ लोग छुट्टी मनाने निकल गए थे। उन्होंने कहा कि कोरोना के दौरान प्रदेश की आंगनबाड़ी बहनें, आशा बहुओं और एनएम ने कदम से कदम मिलाकर कोरोना प्रबंधन का उदाहरण प्रस्तुत किया। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार बेबी रानी मौर्य, महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार की राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला एवं अन्य लोग मौजूद रहे।


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को लोकभवन, राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण/ शिलान्यास के बाद बच्चे को दुलारते हुए।

### 45 हजार नई भर्तियों की प्रक्रिया शीघ्र : मुख्यमंत्री

**फूलपुर/प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दावा किया कि उप्र. पुलिस सेवा में आरक्षी भर्ती के लिए साठ हजार दो सौ पदों के लिए ली गई लिखित परीक्षा के परिणाम जल्द आने वाले हैं। इससे युवाओं के पुलिस बल का हिस्सा बनने का मार्ग प्रशस्त होगा। इस भर्ती प्रक्रिया के पूरा होने के बाद करीब 45 हजार नई भर्तियों की प्रक्रिया भी शीघ्र शुरू होगी। उन्होंने कहा कि अकेले अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से चालीस हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र देने के क्रम में आगे बढ़ रहे हैं। योगी के अनुसार, जल्द ही इतनी ही और नौकरी देने की प्रक्रिया को शुरू करने जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में युवाओं के लिए नौकरी की कमी नहीं होगी। बेसिक, माध्यमिक, उच्च, तकनीकी, व्यवसायिक व मेडिकल एजुकेशन में साठ हजार से अधिक नियुक्तियां इंतजार कर रही हैं। अलग अलग विभागों में नियुक्ति की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ेगी।मुख्यमंत्री बुधवार को प्रयागराज के फूलपुर स्थित इफको परिसर के केंद्रीय विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय रोजगार एवं ऋण वितरण मेले में शामिल होकर विचार प्रकट कर रहे थे।


यूपी महिला आयोग की उपाध्यक्ष स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की बहू अपर्णा यादव बुधवार को सपा नेता शिवपाल यादव एवं उनकी पत्नी से उनके लखनऊ स्थित आवास पर जाकर आशीर्वाद लेती हुई। ● अमृत विचार

## छात्रा को एंबुलेंस से अगवा करने का प्रयास, गिरफ्तार

**हरदोई, अमृत विचार।** सहेलियों के साथ स्कूल से पैदल घर लौट रही छात्रा को युवक ने एम्बुलेंस से अगवा करने का प्रयास किया। हालांकि साथ मौजूद अन्य छात्राओं ने शोर मचा दिया और आस-पास मौजूद लोगों ने युवक को घेरकर पकड़ लिया। पुलिस आरोपी युवक से पूछताछ कर रही है। कोतवाली देहात के मढ़िया फकीरन की रहने वाली कुछ किशोरियां लाल राष्ट्रीय विद्यालय पेनीपुरवा में पढ़ती हैं। बुधवार को छुट्टी के बाद पांचवीं से लेकर आठवीं कक्षा में पढ़ने वाली कुछ छात्राएं पैदल घर जा रहीं थीं। उसी बीच रास्ते में काली मंदिर के पास एक एम्बुलेंस आकर छात्राओं के पास रुकी। चालक ने छात्राओं को लिफ्ट देने का प्रस्ताव दिया लेकिन उन्होंने युवक की बात पर ध्यान नहीं दिया और चलती रहीं। आगे जाकर जीडीसी तिराहे के पास एंबुलेंस चला रहा युवक एक छात्रा का हाथ पकड़ कर उसे खींचने लगा। जिसे देखते ही बाकी छात्राओं ने शोर मचाया। उनका शोर सुनकर लोग दौड़ पड़े। उन्होंने युवक और एम्बुलेंस को पकड़ कर देहात कोतवाली पुलिस को सौंप दिया।

# जेल में अब्बास की मुश्किलें बढ़ीं, हर गतिविधि पर रखी जा रही नजर


### गैंगस्टर की कार्रवाई के बाद सतर्क हुआ कासगंज जेल प्रशासन

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** बाहुबली विधायक अब्बास अंसारी कासगंज जिले की हाई सिक्योरिटी बैरक में बंद है। उसे यहां कड़ी निगरानी के बीच रखा गया है। चित्रकूट में गैंगस्टर एक्ट के तहत की कार्रवाई होने की खबर मिलने के बाद उसकी मुश्किलें और बढ़ गई हैं। वहीं, जिला जेल प्रशासन और भी सतर्क हो गया है। उसकी निगरानी बढ़ा दी गई है।

पूर्वांचल का बाहुबली विधायक अब्बास अंसारी कासगंज जिला जेल में कड़ी निगरानी के बीच रह रहा है। उसने कासगंज जेल में रहते हुए गैंग लीडर होने की सक्रिय भूमिका निभाई। चित्रकूट में उस पर की गई कार्रवाई से कासगंज जेल प्रशासन और अधिक सख्त हो गया है। इधर अब्बास को भी जानकारी मिल गई है कि उस पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। जिससे वह बेचैन है। मगर जेल प्रशासन पल-पल उसकी हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए है।

### अब्बास सहित 5 के खिलाफ गैंगस्टर में रिपोर्ट दर्ज




**बांदा, एजेंसी :** मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे और मऊ सीट से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के विधायक अब्बास अंसारी सहित 5 लोगों के खिलाफ चित्रकूट जिले की कर्वी कोतवाली में मंगलवार को गैंगस्टर अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। चित्रकूट जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अरुण कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी के अलावा उसके वाहन चालक नियाज़ अंसारी, जेल की कैंटीन व्यवस्थापक रहे नवनीत सचान, लेखाकार शहबाज आलम खान और समाजवादी पार्टी के स्थानीय नेता फराज खान के खिलाफ कर्वी कोतवाली में मंगलवार को गैंगस्टर अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। इन पर अब्बास अंसारी के चित्रकूट की रगौली जेल में बंद रहने के दौरान गैंग चलाकर रंगदारी वसूलने और लोगों को डराने–धमकाने के आरोप हैं।

## ज्ञानवापी : सर्वे की मांग वाली याचिका पर सुनवाई 6 को

वाराणसी, एजेंसीः

वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के बचे हुए हिस्सों का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वे कराए जाने का आदेश देने का आग्रह करने वाली याचिका पर फास्ट ट्रैक अदालत ने बुधवार को हिन्दू पक्ष की दलीलें सुनने के बाद सुनवाई की अगली तारीख 6 सितंबर तय की है। दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) की फास्ट ट्रैक अदालत में इस मामले की सुनवाई हो रही है।

हिन्दू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि ज्ञानवापी परिसर के बाकी बचे हिस्सों का एएसआई से सर्वेक्षण कराए जाने का आग्रह करने वाली याचिका पर दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) युगल शम्भू की अदालत में हिन्दू पक्ष ने अपनी दलीलें रखीं।



मुस्लिम पक्ष के प्रतिनिधि अदालत में मौजूद थे। वे अगली सुनवाई के दौरान मामले पर अपनी दलीलें रख सकते हैं। यादव ने बताया कि हिन्दू पक्ष के अधिवक्ताओं ने अदालत से कहा कि ज्ञानवापी परिसर स्थित मस्जिद के गुम्बद के नीचे मध्य में ज्योतिर्लिंग का मूल स्थान है जिसे मुस्लिम पक्ष वजूखाना बताता है। उन्होंने कहा कि भूगर्भीय जल अरघे से निरंतर निकलता रहता था जो ज्ञानवापी कुंड में इकट्ठा होता था। मान्यता थी कि इस जल को पीने से ज्ञान की प्राप्ति होती है। इसलिए इसे ज्ञानोदय तीर्थ भी माना गया है।

### निजी स्कूल संचालक की कुल्हाड़ी मारकर हत्या

**रामनगर (चित्रकूट), अमृत विचार।** निजी स्कूल संचालक की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। हत्या का आरोप पड़ोसी पर लगा है। बताया कि आरोपी ने स्कूल संचालक पर घात लगाकर हमला किया। घायल युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

रैपुरा थानांतर्गत अगरहुंड़ा निवासी अरविंद सिंह (30) पुत्र स्व. शिवकुमार सिंह गांव से लगभग डेढ़ किमी दूरी पर महाराणा प्रताप सिंह प्राथमिक विद्यालय नाम से स्कूल खोले थे। बुधवार की सुबह वह रोजाना की तरह अपनी पत्नी सुषमा सिंह को स्कूल छोड़कर बाइक से घर लौट रहे थे। बताया जाता है कि रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे पड़ोसी ने उनके सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। अचानक हुए वार से अरविंद लहूलुहान होकर गिर पड़े। चिल्लाने पर आसपास से लोग दौड़ पड़े। उधर, आरोपी भाग निकला।

## न्याय प्रणाली सुधारात्मक होनी चाहिएः हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में आजीवन कारावास की सजा को संशोधित करते हुए कहा कि न्याय प्रतिशोधात्मक नहीं बल्कि सुधारात्मक दृष्टिकोण के साथ होना चाहिए। अपराध की गंभीर प्रकृति के अनुसार दंड को संतुलित करते हुए अपराधी के पुनर्वास की संभावना होने पर जोर दिया। कोर्ट ने दंड के आनुपातिकता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अत्यधिक कठोर दंड न्यायपालिका में जनता के विश्वास को कमजोर कर सकता है। न्याय प्रणाली में जनता के विश्वास को बनाए रखने के लिए दंड में अनावश्यक उदारता या कठोरता से बचा जाना चाहिए। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति डॉ. गौतम चौधरी की खंडपीठ ने दुर्वेश



उर्फ पप्पू की आपराधिक अपील को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए पारित किया। अपीलकर्ता के विरुद्ध आईपीसी की धारा 376 और पोक्सो अधिनियम की धाराओं के तहत पुलिस स्टेशन किसनी, मैनपुरी में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। कोर्ट ने मेडिकल रिपोर्ट तथा गवाहों एवं साक्ष्यों पर विचार करने के पश्चात दुष्कर्म के आरोपी अभियुक्त की दोषसिद्धि बरकरार रखा, जबकि ट्रायल कोर्ट द्वारा सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा को अत्यधिक कठोर तथा न्याय के सुधारात्मक सिद्धांतों के विपरीत मानते हुए संशोधित कर उसे 14 साल के कठोर कारावास में बदल दिया।

## महोली और हरगांव में दुष्कर्म और छेड़छाड़

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचारः** जिले के दो स्थानों पर नाबालिग के साथ वारदातें हुई। हरगांव में दस वर्षीया बालिका के साथ गलत हरकत करने वाला 70 साल का वृद्ध निकला, वारदात कैमरे में कैद होते ही वायरल हो गई, ऐसे में तत्काल आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया। उधर, महोली इलाके में एक किशोरी के साथ गन्ने के खेत में जबरन दुष्कर्म हुआ। पुलिस ने दोनों ही मामलों में केस दर्ज करते हुए विधिक कार्रवाई की है। हरगांव थाना क्षेत्र में दस वर्षीया बालिका दुकान पर सामान लेने गई थी। 70 वर्षीय दुकानदार ने उसे सामान दिया, फिर टॉफी का लालच दिया। करीब बुलाकर गलत हरकत की, इसको किसी व्यक्ति ने रिकार्ड कर वायरल कर दिया। उधर, महोली इलाके के एक गांव में किशोरी शौच के लिए घर से निकली थी, इसी दौरान खेत के करीब आरोपी युवक गोलू किशोरी को खेत में घसीट ले गया, फिर दुष्कर्म किया।

# पैर फिसला, नाले में बही बच्ची

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**वजीरगंज का मामला**

- **रेस्क्यू टीम जुटी, अब तक नहीं लग सका कोई सुराग**

**अमृत विचार :** उच्चाधिकारियों के तमाम निर्देशों के बाद भी खुले नाले अब तक बंद नहीं हो सके। नगर निगम की लापरवाही अब कुछ के लिये जानलेवा होती जा रही है। ताजा मामला 6 वर्षीय बच्ची के नाले में बह जाने का है। बुधवार को वजीरगंज क्षेत्र की एक 6 साल की बच्ची खुले नाले के किनारे खेल रही इस उसका पैर फिसल गया और वह नाले के तेज बहाव की चपेट में आ गई। बहकर वह बड़े नाले में पहुंच गई। मोहल्ले वालों ने नाले में उतरकर बच्ची को ढूंढने का प्रयास किया, लेकिन कामयाब नहीं हो सके। बच्ची का पता नहीं चल सका। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बच्ची के पिता इरफान ने बताया कि 6 साल की बेटी नसरा बारिश के दौरान बच्चों के साथ बाहर खेल रही थी। अचानक पैर फिसल जाने से वह गहरे नाले में गिर गई। मौके पर नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह और नगर निगम की टीम भी पहुंच गई। उन्होंने बताया कि पहले बच्ची छोटे नाले में गिरी थी, लेकिन पानी के तेज बहाव के चलते वह बहकर गहरे नाले में पहुंच गई। मौके पर पुलिस और नगर निगम की टीम रेस्क्यू करने में जुटी है।

पुराने लखनऊ में घनी आबादी के बीच खुले नाले जानलेवा साबित हो रहे हैं। नगर विकास मंत्री से लेकर प्रमुख सचिव नगर विकास तक निरीक्षण कर खुले नालों को बंद कराने के निर्देश दे चुके हैं। पाटा नाला हो या हैदर कैनाल आए दिन घटनाएं होती रहती हैं।

# आल इंडिया मोहम्मदी मिशन ने शुरू किया वक्फ बचाओ आन्दोलन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार।** सामाजिक, धार्मिक और आध्यात्मिक संगठन आल इंडिया मोहम्मदी मिशन ने एनडीए सरकार द्वारा प्रस्तावित वक्फ संशोधन विधेयक को भारत में समान लोकतांत्रिक अधिकारों के साथ जीने की आकांक्षाओं पर गहरा आघात बताया है। मिशन ने इसे मुसलमानों की आत्मा पर गहरा आघात बताते हुए इसे नाकाबिले बर्दाश्त कहा है। वक्फ विरासत बचाओ आन्दोलन के तहत मिशन ने बुधवार को लखनऊ में बैठक कर सरकार के इस कदम का विरोध किया।



लखनऊ की बैठक में शामिल तौकीर रजा व अन्य। ● अमृत विचार

बैठक में कहा गया कि वक्फ मुस्लिम समुदाय के सांस्कृतिक, सामाजिक और रूहानियत को मजबूत बनाने का सबसे बड़ा मरकज है, यह खासकर कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए दी गई संपत्ति है, जो मुसलमानों के लिए उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना उनकी खुद की पहचान।

- **मुसलमानों को दिली सुकून से वंचित करना चाहती है सरकार : तौकीर रजा**

मौलाना तौकीर रज़ा बरेलवी ने कहा एक मुसलमान जब समाज के वंचितों, अनाथों और इंसानियत के लिए अपनी सम्पत्ति दान करता है तो उसके दिल को बेहद सुकून मिलता है, मगर दुख की बात है कि सरकार मुसलमानों को इस दिली सुकून से वंचित करने के इरादे में है। फिर भले ही सरकार या उन्हें इस विधेयक के लिए राय देने वाले सरकार को वक्फ के इस नेक मकसद से गुमराह कर रहे हैं। बैठक में शाह अब्दुल रहमान (सज्जादा नशीन मैनपुरी), शाह मोहम्मद अली आरिफ (सज्जादा रुदौली शरीफ), ऑल इंडिया मोहम्मदी मिशन के यूथ अध्यक्ष सैयद मोहम्मद अहमद, सैयद याकूब अशरफ, राशिद मिनाई (सज्जादा नशीन दरगाह शाह मीना), महबूब आलम सिद्दीकी, मौलाना मोहम्मद सुहेल अशरफी आदि तमाम लोग मौजूद रहे।


## वर्ग पहेली-182

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ की बातों में समय बिताने की क्रिया या भाव, बकवाद।
3. जिसे भांग पीने की लत हो, रोज़ाना भांग पीने वाला, भंगड़।
6. शरीर के वे अंग जो संतान को जनने या जनाने का कार्य करते हैं, गुप्तांग
7. 1. विलास करता हुआ 2. शोभित 3. चमकता हुआ 4. व्यक्त 5. विनोदी।

**ऊपर से नीचे**

1. शब्दों के अंत में जुड़कर 'घूमने–फिरने वाले' का अर्थ देता है
2. दुकान आदि पर ख़रीददारी के समय दुकानदार से मोलभाव करने की प्रक्रिया मोलभाव, सौदेबाज़ी।
4. 1. खनिज लवण; धातु लवण 2. कच्ची धातु।
5. चारों ओर, चारों तरफ़, चारों दिशाओं में, चौगिर्द।



### वर्ग पहेली -181 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ग | द | ना | ■ | ■ | 2 म |
| ठ | ■ | ■ | 3 ऐं | ■ | श |
| ड़ं | ■ | ■ | टी | ■ | क |
| 4 ड | 5 ब | ड | बा | ना | ■ |
| ■ | र | ■ | यो | ■ | 6 टा |
| ■ | दा | ■ | टि | ■ | ट |
| 7 गि | र | ह | क | ट | ■ |

## सुडोकू -95

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | 6 | 2 | | | 8 |
| | | 1 | | 7 | 5 | | 3 | |
| | 6 | 9 | | | | 2 | | |
| | | 5 | | 4 | | 3 | | 1 |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| 2 | | 7 | | 9 | | 4 | | |
| | | 8 | | | | 9 | 5 | |
| | 1 | | 2 | 5 | | 8 | | |
| 4 | | | 3 | 8 | | 1 | | |

### सुडोकू -94 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 8 | 6 | 7 | 5 | 3 | 4 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 | 6 | 3 |
| 3 | 1 | 2 | 4 | 9 | 6 | 8 | 5 | 7 |
| 4 | 3 | 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 9 | 2 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 6 |
| 1 | 6 | 7 | 5 | 2 | 9 | 3 | 8 | 4 |
| 7 | 2 | 9 | 3 | 4 | 5 | 6 | 1 | 8 |
| 6 | 5 | 3 | 8 | 7 | 1 | 2 | 4 | 9 |
| 8 | 4 | 1 | 9 | 6 | 2 | 7 | 3 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 सितंबर गुरुवार 2024 संवत–2081, शक संवत 1946 मास–भाद्रपद, पक्ष–शुक्ल पक्ष, तिथि–द्वितीया 12.21 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**–दक्षिण। **ऋतु**–शरद।

चन्द्रबल–मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।

ताराबल–भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र–उत्तराफाल्गुनी 06.14 तक तत्पश्चात हस्त।

**मेष** – आज सहकर्मियों के प्रति आपका व्यवहार अच्छा रहेगा। आपके बौद्धिक गुणों की प्रशंसा होगी। साझेदारी के व्यवसाय में आपको लाभ प्राप्त होगा। व्यवसाय में आपको बड़ा धन लाभ हो सकता है। अपनी इच्छाओं को दूसरों पर न थोपें।

**वृष** – आज किसी मध्यस्थ के कारण से आपका कोई अटका काम बन सकता है। आपके द्वारा कही गई कोई बात सत्य सिद्ध होगी। प्रेम विवाह को लेकर सहमति बन सकती है। नए कार्यों की योजना बनाएंगे। बीमार लोगों की सेहत में सुधार होगा।

**मिथुन** – आज व्यवसाय में कोई बड़ा बदलाव करना पड़ सकता है। लवमेट्स के लिए दिन कुछ खट्टा–मीठा सा होने की संभावना है। दांपत्य संबंधों को लेकर आप काफी भावुक हो सकते हैं। बच्चों के व्यवहार को लेकर थोड़ी चिंता हो सकती है।

**कर्क** – आज माता–पिता का आशीर्वाद मिलेगा। धार्मिक कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताएंगे। बिगड़े रिश्तों को सुधार सकते हैं। सभी कार्यों को आप शांतिपूर्ण तरीके से करेंगे। छोटी दूरी की यात्रा का विचार बनेगा।

**सिंह** – आज जॉब में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए। धार्मिक कार्यों में आप रुचि लेंगे। आप काफी खुश रहेंगे। नए संपर्कों से लाभ मिलेगा। उधार लेन–देन के कारण नुकसान हो सकता है। सरकारी मामलों में आपको बड़ी सफलता मिलेगी।

**कन्या** – आज आपकी व्यवहार कुशलता की प्रशंसा होगी। दांपत्य संबंधों में सामंजस्य बेहतरीन रहेगा। कला और पर्यटन से जुड़े लोगों को बड़ा धन लाभ हो सकता है। आपकी उपलब्धियों की लोग प्रशंसा करेंगे। जॉब में पदोन्नति हो सकती है।

**तुला** – आज वरिष्ठ व्यक्तियों से बहसबाजी न करें। भावनात्मक रूप से मनोबल में कमी महसूस करेंगे। कार्यक्षेत्र में अव्यवस्था हो सकती है। स्वास्थ्य कुछ कमजोर हो सकता है। समाज में कुछ लोग आपका अपमान कर सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज लोगों के बीच आपके किसी अच्छे कार्यों और व्यवहार की चर्चा होगी। अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। समान विचारधारा वाले लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। संपत्ति को लेकर डील आपके पक्ष में हो सकती है।

**धनु** – आज कोई शुभ समाचार आपका दिन बना देगा। परोपकार के कार्यों में आप रुचि लेंगे। पुराने परिचितों से मुलाकात हो सकती है। दूसरों की मदद करने से आपको सुकून मिलेगा। किंतु आत्मसम्मान का सदैव ध्यान रहें।

**मकर** – आज आपकी दिनचर्या काफी व्यवस्थित रहेगी। पिता आपको बहुत अच्छी सलाह दे सकते हैं। आपके रुके हुए कार्य आज संपन्न होंगे। आपकी वाणी में सौम्यता से अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। सहकर्मियों के प्रति विश्वास और सम्मान की भावना में वृद्धि होगी।

**कुंभ** – आज प्रदूषण वाली जगहों से दूर रहें। आलस्य के कारण काम पर ज्यादा मन नहीं लगेगा। घर में बिना बुलाए मेहमान आ सकते हैं। व्यापार में नुकसान की आशंका से परेशान हो सकते हैं। एलर्जी और श्वांस से जुड़ी कुछ समस्या हो सकती है।

**मीन** – आज उत्तम भोजन के शौकीन रहेंगे। कार्यक्षेत्र में हर्ष का माहौल रहेगा। व्यवसाय में बड़ा निवेश करने की योजना बना सकते हैं। परिजनों का भरपूर प्रेम और सम्मान प्राप्त होगा। पुराने मित्र से आपको सहायता मिलेगी।

## आज की फिल्में

B4U Movies
हत्या – सुबह : 08.01
का पे राणासिंघम – रात : 07.01

&pictures
फुकरे रिटर्न्स – सुबह : 10.07
थप्पड़ – रात : 08.00

Sony Pix
स्पाइडर मैन – सुबह : 11.38
वंडर वूमैन – रात : 09.00

Zee Cinema
रिश्ते – सुबह : 10.35
वेधा – शाम : 04.49

Colors Cineplex
भेड़िया – सुबह : 10.11
उग्रम – रात : 07.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टीचर– बच्चों जब तुम सब बड़े हो जाओगे तो इस फोटो को देखकर कहोगे...
ये रहा राजू जो अमेरिका चला गया, ये रहा रवि जो अब लंदन में जॉब करता है और ये रहा नंदू जो यहीं का यहीं रह गया।
ये बात सुनकर नंदू बोला– और ये रही हमारी मैडम, जिनका देहांत हो गया।
नंदू की फिर तगड़ी कुटाई हुई।

बॉयफ्रेंड– तुम इतनी टेंशन में क्यों हो?
गर्लफ्रेंड– यार मैंने 50 पैसे का सिक्का कल निगल लिया था।
बॉयफ्रेंड– इसमे टेंशन की क्या बात है, आजकल 50 का सिक्का लेता कौन है?

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन–तुलसी 2180, राज श्री 1460, फ़ॉर्चून कि. 1780, रविन्द्रा 2060, फॉर्चुन ली. 1630, जय जवान 1570, सचिन 1605, सूरज 1595, अवसर 1685, राग गोल्ड 1720, गृहणी ली 1610, क्लासिक (किलो) 1715, मोर 1715, चक्र टिन 1995, ब्लू 1730, आशीर्वाद मस्टर्ड 2025, स्वास्तिक 2150 । किराना–( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31000, लाल मिर्च 17000–20000, धनिया 8000–10000, अजवायान 15500–23000, मेथी 7400, सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800–900, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 800, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–900 । चावल – ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9600, राजभोग 7350, हरी पत्ती( 1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10400, जेनिथ 10600, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 । दाल दलहन –मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10800, राजमा चित्रा 13700–14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050–7500 मलका दाल 7275–7900, मलका छाँटी 7200, दाल उड़द बिलासपुर 9800–10400, मसूर दाल छोटी 8900–9500, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900, चना काला 8850, दाल चना 9450, लाल हिंदुस्तान 9550, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 8900, डबरा 10200–11200, सच्चा हीरा 13300, मोटा हीरा 15300, अरहर गोला मोटा 13800, अरहर पटका मोटा 14200, अरहर कोरा मोटा 14600, अरहर पटका छोटा 15300–15700, अरहर कोरी छोटी 16100 । चीनी– डालमियां 4100, पीलीभीत 4080, नवाबगंज 4070, बहेड़ी 4080 ।

## सर्राफा

बरेली

| | |
| --- | --- |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 73700 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 72700 |
| सिल्वर ( पक्की) | 840 (अनुमानित) |

# इस्पात आयात शुल्क बढ़ाकर 10-12% करे वित्त मंत्रालय

## चीन के भारत में डंपिंग को लेकर चिंतित, मौजूदा शुल्क 7.5 प्रतिशत को बढ़वाने की कोशिश करेंगे इस्पात मंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी



- भारतीय इस्पात संघ के पांचवें इस्पात सम्मेलन को किया संबोधित
- कई लोगों ने कुमारस्वामी से मुलाकात कर उद्योग की वृद्धि में आ रही समस्याओं पर की चर्चा

केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने बुधवार को कहा कि वह वित्त मंत्रालय को मौजूदा इस्पात आयात पर शुल्क 7.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 10-12 प्रतिशत करने के लिए बात करेंगे। मंत्री ने चीन द्वारा भारत में इस्पात की डंपिंग के तरीके पर चिंता व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि दो महीनों में इस्पात उद्योग से जुड़े कई लोगों ने उनसे मुलाकात की और इस्पात उद्योग की वृद्धि में आ रही समस्याओं पर चर्चा की। भारतीय इस्पात संघ के पांचवें इस्पात सम्मेलन में उन्होंने कहा कि चीन के कारण आपको जो समस्याएं पेश हो रही हैं, उसके लिए मैं वित्त मंत्रालय को समझाने की कोशिश करूंगा कि वह इस्पात आयात पर शुल्क को 7.5 से बढ़ाकर 10-12 प्रतिशत करने पर विचार करे। मंत्री ने वैश्विक मांग में मंदी खासकर चीन में मांग में कमी के प्रभाव जैसी चुनौतियों के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस्पात मंत्रालय यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि इस्पात क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की यात्रा निर्बाध बनी रहे। कुमारस्वामी ने कहा कि भारतीय इस्पात उद्योग नई ऊंचाइयों पर पहुंचने की कगार पर है। उन्होंने कहा कि हमने पिछले तीन वर्षों में मांग में दो अंकों की वृद्धि देखी है और यह इस वर्ष भी जारी है। इस्पात मंत्रालय भारतीय इस्पात की वृद्धि गाथा के प्रति आश्वस्त है। हालांकि, मैं भविष्य में पेश होने वाली चुनौतियों को भी समझता हूं।

### सरकार एक-दो महीने में फेम-3 को देगी मंजूरी

कुमारस्वामी ने कहा कि सरकार अपनी प्रमुख इलेक्ट्रिक परिवहन अपनाने वाली योजना फेम के तीसरे चरण को एक या दो महीने में अंतिम रूप दे देगी। एक अंतर–मंत्रालयी समूह इस योजना के लिए प्राप्त सुझावों पर गौर कर रहा है। साथ ही (हाइब्रिड एवं) इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने व विनिर्माण (फेम) से जुड़ी योजना के पहले दो चरणों में पेश हुईं समस्याओं के समाधान के प्रयास भी जारी हैं। फेम–3 अस्थायी इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्रमोशन स्कीम (ईएमपीएस) 2024 की जगह लेगी। इस योजना की अवधि सितंबर में समाप्त हो रही है। कुमारस्वामी ने कहा कि फेम–3 पर कई सुझाव आ रहे हैं कि फेम–1 और फेम–2 में जो भी खामियां थीं उन्हें कैसे दूर किया जाए हम इस पर काम कर रहे हैं।

### एल्कोहल का निर्यात 1 अरब डॉलर पहुंचाने का लक्ष्य

सरकार भारतीय शराब की वैश्विक स्तर पर बढ़ती मांग के मद्देनजर अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में एल्कोहल और बिना एल्कोहल वाले पेय को बढ़ावा देने की योजना बना रही है। सरकार का लक्ष्य इसके निर्यात को एक अरब अमेरिकी डॉलर (8,000 करोड़ रुपये) तक पहुंचाना है। वाणिज्य मंत्रालय की शाखा कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के अनुसार, भारत वर्तमान में एल्कोहल युक्त पेय पदार्थों के निर्यात के मामले में दुनिया में 40वें स्थान पर है।

### निर्यातकों के लिए ब्याज समानीकरण योजना 30 तक बढ़ाई गई

**नई दिल्ली।** सरकार ने एमएसएमई निर्यातकों के लिए निर्यात से पहले और बाद में रुपये में लिए जाने वाले कर्ज पर ब्याज समानीकरण योजना की अवधि 30 सितंबर 2024 तक बढ़ा दी है। इस योजना का मकसद निर्यात को प्रोत्साहन देना है। निर्यातकों को ब्याज लाभ प्रदान करने वाली यह योजना 31 अगस्त को समाप्त हो गई थी। जून में इसे दो महीने के लिए बढ़ा दिया गया था। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने व्यापार नोटिस में कहा कि व्यापार तथा उद्योग को सूचित किया जाता है कि निर्यातकों के लिए निर्यात से पहले और बाद में रुपये में लिए जाने वाले कर्ज पर ब्याज समानीकरण योजना की अवधि 30 सितंबर 2024 तक बढ़ा दी गई है।

# शीतगृह में नहीं सड़ेगा आलू बाजार में भाव अच्छा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- किसान आलू डंप करने की बजाय बिक्री के लिए करने लगे निकासी
- 2101 शीतगृह में 54 लाख मीट्रिक (40 फीसद) तक हुई निकासी

**अमृत विचार :** प्रदेश में इस बार नवंबर में कोल्ड स्टोर (शीतगृह) में भंडारित आलू सड़ने व फेंकने की नौबत नहीं आएगी। क्योंकि आलू का बाजार भाव अच्छा मिलने से निकासी तेज हो गई है। किसान अभी से फायदा देखकर आलू न रोककर बिक्री करने लगे हैं।

स्थिति यह है कि मार्च में कुल 2101 कोल्ड स्टोर में भंडारित 140 लाख मीट्रिक टन आलू में करीब 54 लाख मीट्रिक टन (40 फीसद) तक निकल चुका है। जबकि पिछले वर्ष 32 फीसद ही कोल्ड स्टोर खाली हो पाए थे। किसानों के पास कोल्ड स्टोर खाली करने के लिए करीब तीन माह का समय है। इसमें 40 फीसद आलू बीज के लिए निकलेगा। जबकि शेष बिक्री में जाएगा। इसी तरह दाम और निकासी हुई तो किसानों को आगे घाटा नहीं होगा। बल्कि मुनाफे के साथ कोल्ड स्टोर समय से खाली हो जाएंगे। निर्यात की बात करें तो झटका लगा है। शुरू से बाजार भाव अच्छा होने की वजह से किसान जिलों व राज्यों में ही आलू की बिक्री कर रहे हैं। इस वजह से आलू का निर्यात न के बराबर है।

> इस बार आलू का बाजार भाव अच्छा है। इससे किसानों ने निकासी तेज कर दी है। आगे कोल्ड खाली करने में समस्या नहीं आएगी। बल्कि किसानों को फायदा होगा।
>
> – कौशल किशोर नीरज, उपनिदेशक, (आलू) उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग

### आलू का थोक भाव

2000–2300 तक रुपये प्रति क्विंटल

### अंत में एक साथ निकासी से कम होते हैं उपज के दाम, फेंकना पड़ता है आलू

हर वर्ष कोल्ड स्टोर नवंबर में आगे की फसल के लिए खाली किए जाते हैं। लेकिन, किसान अधिक मुनाफा के चक्कर में समय–समय पर आलू की निकासी न करके डंप रखते हैं और अंत में घाटा सहते हैं। नवंबर में एक साथ आलू निकासी के कारण बाजार में उपलब्धता अधिक हो जाती है। इस वजह से दाम कम हो जाते हैं। आलू का भाव इतना कम होता है कि कोल्ड का भाड़ा तक नहीं निकलता है। ऐसी स्थिति में किसान भाड़ा चुकाने की बजाय कोल्ड स्टोर में आलू छोड़ देते हैं। जो मशीन बंद होने से सड़ जाता या फिर कोल्ड खाली करने के लिए फेंका दिया जाता है। हुई है। हर तीसरे दिन एक अटल टिंकरिंग लैब खोली गई है। भारत में हर दिन दो नए कॉलेज बने हैं। आज देश में 23 आईआईटी संस्थान हैं। 10 साल पहले 13 आईआईआईएम थे, आज उनकी संख्या 21 है। 10 साल पहले की तुलना में आज करीब 3 गुना यानी 22 एम्स हैं।

# सहारा समूह अपनी संपत्तियों की सूची करे पेश : उच्चतम न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी



- निवेशकों का पैसा लौटाने के लिए सेबी-सहारा रिफंड खाते में जमा की जानी है 10,000 करोड़ की राशि

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को सहारा समूह से अपने शीर्ष अधिकारियों और मौजूदा शेयरधारकों के अलावा बिना रोक वाली उन संपत्तियों की सूची भी पेश करने को कहा जिनकी बिक्री से 10,000 करोड़ रुपये जुटाए जा सकते हैं। निवेशकों का लंबे समय से फंसा हुआ पैसा लौटाने के लिए यह राशि सेबी-सहारा रिफंड खाते में जमा की जानी है।

शीर्ष अदालत ने 31 अगस्त, 2012 को निर्देश दिया था कि सहारा समूह की कंपनियां- सहारा इंडिया रियल एस्टेट कॉरपोरेशन लिमिटेड और सहारा हाउसिंग इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड निवेशकों से जुटाई गई राशि को 15% सालाना ब्याज के साथ सेबी को लौटाएंगी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने कहा कि यह मामला एक दशक से अधिक समय से लंबित है लिहाजा निवेशकों का पैसा लौटाने के लिए न्यायालय को कोई व्यावहारिक समाधान निकालना होगा।

# भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि अगस्त में बढ़कर 60.9 रही

नई दिल्ली, एजेंसी

- मासिक सर्वे के अनुसार मार्च के बाद से पीएमआई में दिखाई दिया तेज विस्तार

भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि अगस्त में जुलाई की तुलना में बढ़ी। इसमें मार्च के बाद से सबसे तेज विस्तार देखा गया। एक मासिक सर्वे में यह जानकारी दी गई है। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक जुलाई में 60.3 से बढ़कर अगस्त में 60.9 हो गया। यह मार्च के बाद सबसे तेज विस्तार है।

खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है। एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) प्रांजुल भंडारी ने कहा कि भारत के लिए समग्र पीएमआई में अगस्त में मजबूत वृद्धि रही जो सेवा क्षेत्र में त्वरित व्यावसायिक गतिविधि से प्रेरित है। इसमें मार्च के बाद से सबसे तेज विस्तार हुआ। यह वृद्धि मुख्य रूप से नए ठेकों खासकर घरेलू ठेकों में वृद्धि से प्रेरित रही। कीमतों की बात करें तो कच्चे माल की लागत में छह महीने में सबसे कम वृद्धि हुई, विनिर्माण तथा सेवा दोनों क्षेत्रों में भी यही रुख देखने को मिला। इससे अगस्त में आउटपुट मूल्य मुद्रास्फीति में कमी आई।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### मद्रास हाईकोर्ट ने बालाजी की याचिका की खारिज

**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट ने सत्र अदालत के फैसले के खिलाफ तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी सेंथिल बालाजी द्वारा दायर याचिका को बुधवार को खारिज कर दिया। सत्र अदालत ने धनशोधन से जुड़े मामले में बालाजी को बरी करने से इनकार कर दिया थ। न्यायमूर्ति एसएम सुब्रमण्यम और न्यायमूर्ति वी शिवगणनम की खंडपीठ ने द्रविड मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता द्वारा दायर याचिका को वापस लिया मानते हुए खारिज कर दिया।

### 4 माओवादियों को एनआईए ने किया गिरफ्तार

**जगदलपुर।** एनआईए ने कार्रवाई करते हुए छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के अतिसंवेदनशील अबूझमाड़ क्षेत्र से चार कट्टर माओवादियों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई 20 मार्च, 2023 को माओवादियों की ओर से सड़क जाम करने की घटना के संबंध में की गई। एनआईए ने ओरछा, कस्तूरमेटा, मंडली और मलकाल गांवों में सघन तलाशी ली। गिरफ्तार लोग रसद आपूर्ति और अन्य कार्यों को अंजाम देने में शामिल थे। एनआईए की जांच में घटना से जुड़े 35 माओवादियों के नाम सामने आए हैं।

### शिक्षक भर्ती घोटाले में बंगाल के मंत्री ईडी के समक्ष पेश

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मत्स्य पालन मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती से जुड़े कथित घोटाले के सिलसिले में बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जांच एजेंसी की ओर से नया समन जारी किये जाने के बाद श्री सिन्हा बुधवार को सुबह करीब 10 .30 बजे यहां साल्ट लेक स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे। कथित घोटाले में धन के स्रोत की जांच कर रही ईडी ने इससे पहले मार्च में मंत्री के बीरभूमि के बोलपुर स्थित घर की तलाशी ली थी और करीब 41 लाख रुपये नकद बरामद किये थे।


### एफसीआई के संवेदक के घर व गोदाम पर छापा

**गिरिडीह।** झारखंड के गिरिडीह में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के एक संवेदक के घर और गोदाम पर छापेमारी की। जिले के सरिया स्थित एफसीआई गोदाम में भारी पैमाने पर गड़बड़ी का खुलासा हुआ था। बताया जाता है कि सरिया एफसीआई के गोदाम से 2928 क्विंटल अनाज की हेरा फेरी हुई थी। इस मामले में जांच के बाद एफसीआई ने सीबीआई जांच की अनुशंसा कर दी थी।

# जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिलाएगा गठबंधन

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावः बनिहाल क्षेत्र के संगलदान में चुनावी रैली में केंद्र सरकार को घेरा

जम्मू, एजेंसी



जम्मू–कश्मीर में सार्वजनिक बैठक में मौजूद राहुल गांधी व फारुक अब्दुल्ला।

- कांग्रेस नेता बोले- दो अरबपतियों के लिए काम कर रही है सरकार

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को जम्मू कश्मीर में चुनाव अभियान के दौरान लोगों को आश्वासन दिया कि विपक्षी गठबंधन की मदद से केंद्र शासित प्रदेश को राज्य का दर्जा दिलाया जाएगा। कांग्रेस नेता ने गठबंधन की सरकार बनने का विश्वास जताया। कांग्रेस ने जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनावों के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस से गठबंधन किया है।

चुनावी सभा के दौरान राहुल गांधी ने केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आत्मविश्वास खो चुके हैं और वह समय दूर नहीं जब उनकी सरकार सत्ता में नहीं रहेगी। जम्मू कश्मीर के बनिहाल विधानसभा क्षेत्र के संगलदान में चुनावी रैली में राहुल गांधी ने दावा किया कि केंद्र सरकार को प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और उनके कॉरपोरेट मित्र चला रहे हैं। इन दो अरबपतियों के लिए सरकार काम कर रही है। गांधी ने कहा कि हम चाहते थे कि विधानसभा चुनाव से पहले जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल हो जाए, लेकिन भाजपा तैयार नहीं थी और वह चाहती थी कि पहले चुनाव हो। हम इसको राज्य का दर्जा वापस दिलाएंगे, चाहे भाजपा माने या नहीं।

### विभाजनकारी राजनीति के जवाब में किया गठबंधन : फारुक

**श्रीनगर/डूरू।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) अध्यक्ष फारुक अब्दुल्ला ने कहा कि उनकी पार्टी ने भाजपा की विभाजनकारी राजनीति के जवाब में जम्मू–कश्मीर में विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस से गठबंधन किया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने दक्षिण कश्मीर की डूरू की चुनावी रैली में यह टिप्पणी की। इस दौरान मंच पर राहुल गांधी भी मौजूद थे। अब्दुल्ला ने कहा कि भाजपा लोगों को धर्म के नाम पर बांट रही है। इसलिए हमने यह गठबंधन किया है। हम सम्मानजनक जिंदगी चाहते हैं। इसलिए हम सभी को एक साथ आना होगा।

### भाजपा के विश्वासघात पर कांग्रेस ने आरोपपत्र किया जारी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के जारी आरोपपत्र में भाजपा के विश्वासघात की वास्तविकता को दर्शाया गया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर आरोपपत्र साझा किया, जिसमें कहा गया है कि दिल्ली से नियुक्त अनिर्वाचित उपराज्यपाल (एलजी) के पास जम्मू–कश्मीर की सारी शक्ति है। वादों के बावजूद जम्मू कश्मीर के लोगों को राज्य का दर्जा बहाल करने से वंचित रखा गया और उनसे दूसरे दर्जे के नागरिक जैसा व्यवहार हो रहा है। बाहरी लोगों को जम्मू कश्मीर में भूमि, संसाधन और नौकरियां दी जा रही हैं, जबकि स्थानीय लोग महंगाई, उच्च करों, पानी की कमी, खराब बिजली आपूर्ति और स्मार्ट मीटर से अधिक बिल की समस्या से जूझ रहे हैं।

# महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण से होगी देश की प्रगति : राष्ट्रपति

उदगीर (महाराष्ट्र), एजेंसी



- बोलीं- पुरुषों को महिलाओं की क्षमताओं को पहचानकर उनके सपनों को हासिल करने में करनी चाहिए मदद

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण से देश की प्रगति और विकास होगा। उन्होंने कहा कि पुरुषों को महिलाओं की क्षमताओं को पहचानकर उनके सपनों को हासिल करने में उनकी मदद करनी चाहिए। महिलाओं का सम्मान भारतीय संस्कृति का हिस्सा है। उन्होंने कार्यबल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त की।

मुर्मू महाराष्ट्र में लातूर जिले के उदगीर में सभा को संबोधित कर रही थीं जहां एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार की मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना तथा शासन आपल्या दारी कार्यक्रमों के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र दिए गए। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत सरकार के अनुसार, देश के कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। सरकार की मदद से महिलाएं हर क्षेत्र में योगदान दे रही हैं। लेकिन इसमें और अधिक प्रयास करने की जरूरत है ताकि उनकी भागीदारी और बढ़े। मुर्मू ने कहा कि एक महिला के लिए पैदा की गईं बाधाएं देश की विकास की गति को कम कर सकती हैं।

सरकारी योजनाओं के बारे में उन्होंने कहा कि सरकार छात्रों को उनकी प्रशिक्षुता के दौरान वजीफा प्रदान कर रही है, जिससे उन्हें आत्मविश्वास मिलेगा। मुर्मू ने कहा कि राज्य सरकार का यह कदम सराहनीय है। यह सामाजिक, वित्तीय, शैक्षिक विकास के लिए काम कर रही है और महिलाओं को इसका लाभ उठाना चाहिए, स्वतंत्र बनना चाहिए और राज्य तथा देश के विकास में योगदान देना चाहिए।

# वाणिज्यिक विवादों में मुकदमेबाजी से पहले मध्यस्थता अनिवार्य : कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी



- हाईकोर्ट ने कहा- ये प्रक्रिया त्वरित सुनवाई को बाधित नहीं करती

दिल्ली हाईकोर्ट ने व्यवस्था दी कि वाणिज्यिक विवादों में जवाबी दावा संबंधी प्रतिवाद दायर करने को वाणिज्यिक न्यायालय अधिनियम (सीसीए) के तहत मुकदमे से पहले मध्यस्थता अनिवार्य है। कोर्ट ने कहा कि जब वाणिज्यिक विवाद से जुड़े प्रतिवाद की बात आती है तो न तो मामले-दर-मामले में अंतर हो सकता है, न ही तत्काल राहत की बात की जा सकती है।

न्यायमूर्ति मनोज जैन ने कहा कि प्रतिवाद से पहले मध्यस्थता का उद्देश्य परोपकारी है। यह प्रक्रिया किसी भी रूप में त्वरित सुनवाई को बाधित नहीं करती है। इसके विपरीत, मध्यस्थता का उद्देश्य ऐसी स्थिति की कल्पना करना है, जहां इस तरह की पूर्व-संस्थागत मध्यस्थता के माध्यम से मामले का निपटारा हो जाने के बाद कोई नया मामला शुरू न हो। इसलिए, इसे निरर्थक नहीं कहा जा सकता है। पीठ ने कहा कि अनिवार्य प्रावधान को व्याख्यायित करने का मतलब नहीं है, क्योंकि यह विधायी जनादेश का खंडन व अवमूल्यन करेगा। ऐसी गलत व्याख्या इसकी प्रकृति को वैकल्पिक श्रेणी में ला देगी।

### इंजीनियरों के लिए पुरानी पेंशन योजना करें लागू

**जालंधर।** अखिल भारतीय विद्युत अभियंता महासंघ (एआईपीईएफ) ने देश भर के बिजली इंजीनियरों को पुरानी पेंशन योजना देने के लिये प्रधानमंत्री सहित कई राज्य के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा है। एआईपीईएफ के अध्यक्ष शैलेंद्र दुबे ने बुधवार को कहा कि राज्य बिजली बोर्डों के निगमीकरण के बाद बिजली क्षेत्र के कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना को खत्म किया गया। विद्युत अधिनियम 2003 या स्थानांतरण योजना में कहीं उल्लेख नहीं है कि निगमीकरण के बाद भर्ती किये गये कर्मचारियों को पुरानी पेंशन नहीं दी जायेगी।

# हड़ताल वापस, वेतन में 6500 की वृद्धि से सहमत सरकार

मुंबई, एजेंसी

- कामगार संगठनों की कार्य समिति ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ बैठक के बाद लिया निर्णय

महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) के कर्मचारियों ने वेतन वृद्धि के सरकार के आश्वासन के बाद दो-दिवसीय हड़ताल वापस ले ली। कर्मचारी संघ के नेताओं ने यह जानकारी दी।

कामगार संगठनों की कार्य समिति ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ बैठक के बाद हड़ताल समाप्त करने की घोषणा की। इनके अनुसार, कर्मचारियों के मूल वेतन में 6,500 रुपये प्रतिमाह की बढ़ोतरी करने पर राज्य सरकार सहमत हुई। मुख्यमंत्री कार्यालय की विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह बढ़ोतरी अप्रैल 2020 से पूर्वव्यापी रूप से लागू होगी।

महाराष्ट्र एसटी कामगार संगठन के नेता संदीप शिंदे ने बैठक के बाद बताया कि हम आंदोलन वापस ले रहे हैं क्योंकि मुख्यमंत्री ने एमएसआरटीसी कर्मचारियों को वेतन वृद्धि का आश्वासन दिया है।

### केजरीवाल से मिलने की अनुमति पर जेल अधिकारियों से जवाब-तलब

- आप सांसद संजय सिंह की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने की सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आप सांसद संजय सिंह की याचिका पर बुधवार को तिहाड़ जेल प्रशासन से जवाब देने को कहा है। सिंह का दावा है कि उन्हें जेल में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने की अनुमति नहीं दी गई थी।

सिंह ने कहा कि जेल प्रशासन ने कहा कि वह पूर्व कैदी हैं और इसी आधार पर उन्हें जेल में बंद केजरीवाल से आमने सामने की मुलाकात की अनुमति नहीं दी गई। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए जेल प्रशासन को तीन दिन का समय दिया और मामला नौ सितंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। केजरीवाल कथित आबकारी नीति घोटाला मामले में न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में हैं।

### दो उग्रवादी समूहों ने शांति समझौता पर किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** त्रिपुरा में बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में केंद्र और प्रदेश सरकार तथा दो उग्रवादी समूहों के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर हुए। हस्ताक्षर के दौरान नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) और ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (एटीटीएफ) के प्रतिनिधियों के साथ त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा, गृह मंत्रालय तथा राज्य के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। गृहमंत्री शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर में शांति और विकास को प्राथमिकता दी है। सरकार ने पूर्वोत्तर में हस्ताक्षरित सभी शांति समझौतों को लागू किया है। समझौता ज्ञापन पर भारत सरकार, त्रिपुरा सरकार और एनएलएफटी तथा एटीटीएफ के प्रतिनिधियों ने हस्ताक्षर किए।

### इमरजेंसी पर तत्काल प्रमाणपत्र देने के निर्देश से हाईकोर्ट का इनकार

मुंबई, एजेंसी

- पीठ ने कहा- मप्र हाईकोर्ट के निर्देश के मद्देनजर वह राहत नहीं दे सकती

कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी को बुधवार को बंबई उच्च न्यायालय से कोई राहत नहीं मिली। उच्च न्यायालय ने सेंसर बोर्ड को फिल्म के तत्काल प्रमाणन संबंधी कोई भी निर्देश देकर तुरंत राहत देने से इनकार कर दिया।

न्यायमूर्ति बीपी कोलाबावाला और न्यायमूर्ति फिरदौस पूनीवाला की खंडपीठ ने कहा कि वह मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा जारी निर्देश के मद्देनजर इस स्तर पर कोई राहत नहीं दे सकती, जिसमें सेंसर बोर्ड को निर्देश दिया गया है कि वह फिल्म के प्रमाणन से पहले आपत्तियों पर विचार करे। अदालत ने कहा कि अगर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय का आदेश नहीं होता तो वह आज ही केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) को प्रमाणपत्र जारी करने का निर्देश दे देती। फिल्म में कंगना ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाई है।

### दंतेवाड़ा में मारे गए नौ नक्सलियों पर था 59 लाख का इनाम

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए नौ नक्सलियों पर कुल 59 लाख रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस अधिकारी ने बुधवार को बताया कि इनमें से सबसे ज्यादा 25 लाख रुपये का इनाम माओवादियों की दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के रणधीर पर था। वह सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में मारा गया डीकेएसजेडसी का दूसरा सदस्य था।

कोचिंग सेंटर में मौत का मामला

### कोर्ट ने आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने ओल्ड राजेंद्र नगर में सिविल सेवा की तैयारी करने वाले तीन छात्रों की कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में डूबने से हुई मौत से संबंधित मामले में गिरफ्तार छह लोगों को बुधवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट निशांत गर्ग ने अभिषेक गुप्ता, देशपाल सिंह, तजिंदर सिंह, हरविंदर सिंह, सरबजीत सिंह और परविंदर सिंह को 18 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। न्यायाधीश ने सीबीआई द्वारा दायर आरोपियों की न्यायिक हिरासत के अनुरोध वाले एक आवेदन पर यह आदेश पारित किया। सीबीआई की चार दिन की हिरासत की मियाद खत्म होने पर आरोपियों को अदालत के समक्ष पेश किया गया था।

### दर्शन के खिलाफ आरोपपत्र दायर

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु पुलिस ने बुधवार को रेणुकास्वामी हत्याकांड में कन्नड़ अभिनेता दर्शन थुगुदीपा समेत 17 आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया।

बेंगलुरु पुलिस आयुक्त बी दयानंद ने बताया कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच करने के बाद पुख्ता आरोपपत्र तैयार किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपपत्र में 231 गवाहों के बयान तथा तकनीकी और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य शामिल हैं।




# पेरिस पैरालंपिक 2024




## आज के मुकाबले

- **निशानेबाजी** : मिश्रित 50 मीटर राइफल प्रोन एसएच1 क्वालिफिकेशन- सिद्धार्थ बसु और मोना अग्रवाल दोपहर 1 बजे
- **तीरंदाजी** : मिश्रित टीम रिकर्व ओपन (प्री क्वार्टरफाइनल), पूजा और हरविंदर सिंह बनाम अमांडा जेनिंग्स और टेमन केंटन-स्मिथ (ऑस्ट्रेलिया) दोपहर 1 :50 बजे
- **पावरलिफ्टिंग** : पुरुषों का 65 किग्रा तक का फाइनल अशोक, रात 10 :05 बजे।

## खेल डायरी

### लुकास सिसजेक को हराकर हरविंदर ने भेदा स्वर्ण

**पेरिस।** भारतीय तीरंदाज हरविंदर सिंह ने बुधवार को पेरिस पैरालंपिक खेलों में एक के एक लगातार मैचों में शानदार प्रदर्शन करते हुए लुकास सिसजेक को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। आज यहां खेले गये फाइनल मुकाबले में हरविंदर ने पोलैंड के लुकास सिसजेक को 6-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इस उपलब्धि के साथ, हरविंदर पैरालिंपिक और ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले और एकमात्र भारतीय तीरंदाज बन गए हैं और पैरालिंपिक के लगातार दो संस्करणों में पदक हासिल किया है। इससे पहले हरविंदर ने ईरान के मोहम्मद अमेरी को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। उन्होंने सेमीफाइनल मुकाबले में ईरान के मोहम्मद अमेरी को 7-3 से हराया। उन्होंने पैरालिंपिक 2024 में पैरा तीरंदाजी में भारत का दूसरा पदक पक्का कर दिया था।



**हैं तैयार हम .... :** बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में भारत ए और भारत बी टीमों के बीच दलीप ट्रॉफी मैच से पहले अभ्यास सत्र के दौरान भारत ए टीम के खिलाड़ी केएल राहुल, रियान पराग, ध्रुव जुरेल, अवेश खान, प्रिसिध कृष्णा और अन्य ने बहाया पसीना।

### प्रांजलि ने विश्व बधिर निशानेबाजी में जीता कांस्य

**नई दिल्ली।** भारत की प्रांजलि धूमल ने जर्मनी के हनोवर में विश्व बधिर निशानेबाजी चैंपियनशिप में महिलाओं के 25 मीटर पिस्टल वर्ग में कांस्य पदक जीता। प्रांजलि ने बधिर विश्व रिकार्ड और चैंपियनशिप रिकॉर्ड के साथ 571 स्कोर करके फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल में उन्होंने आठवीं सीरिज में पांच में से तीन निशाने लगाकर क्रोएशिया की लाना एस को एक अंक से हराया। उनका स्कोर 29 रहा। यूक्रेन की सोफिया ओलेनिच और हालिना मोसिना को क्रमश: स्वर्ण और रजत पदक मिले। भारत की अनुया प्रसाद फाइनल में पांचवें स्थान पर रही जबकि वेदिका शर्मा क्वालीफिकेशन दौर से ही बाहर हो गई। भारत ने अब तक टूर्नामेंट में तीन स्वर्ण, छह रजत और चार कांस्य पदक जीते हैं।

### एशियाई चैंपियनशिप में अगुआई करेंगे शरत-मनिका

**नई दिल्ली।** अनुभवी शरत कमल और स्टार महिला खिलाड़ी मनिका बत्रा अस्ताना में सात से 13 अक्टूबर तक चलने वाली 27वीं एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप में भारतीय टीम की अगुआई करेंगे। पुरुष टीम के कप्तान 42 वर्षीय शरत हैं जिन्होंने हाल में अपने पांचवें और अंतिम ओलंपिक में हिस्सा लिया था। टीम में उनके अलावा मानव ठक्कर, हरमीत देसाई, जी साथियान और मानुश शाह शामिल हैं। मनिका महिला टीम की अगुआई करेंगी जिसमें श्रीजा अकुला, अयहिका मुखर्जी, दिया चिताले और सुतिर्था मुखर्जी शामिल हैं। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ टीटीएफआई ने बुधवार को एक बयान में कहा टीम के लिए चयन प्रक्रिया में टीटीएफआई ने विश्व रैंकिंग, अंतर्राष्ट्रीय अनुभव और राष्ट्रीय स्तर के प्रदर्शन के तरजीह दी। पुरुष टीम : अचंता शरत कमल (कप्तान), मानव ठक्कर, हरमीत देसाई, जी साथियान और मानुश शाह, रिजर्व : एसएफआर स्नेहित और जीत चंद्रा। महिला टीम : श्रीजा अकुला, मनिका बत्रा, अयहिका मुखर्जी, दिया चिताले और सुतिर्था मुखर्जी। रिजर्व : यशस्विनी और पोयमंति बैस्य शामिल हैं।

### राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच बनेंगे द्रविड़



**नई दिल्ली।** टी-20 विश्व कप 2024 जीतने वाली भारतीय टीम के मुख्य कोच रहे राहुल द्रविड़ आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच बनने जा रहे हैं। जून में बारबाडोस में भारत की खिताबी जीत के बाद ब्रेक लेने वाले द्रविड़ इस साल के आखिर में होने वाली नीलामी से पहले खिलाड़ियों के रिटेंशन जैसे अहम मसलों पर काम करना शुरू करेंगे। एक सूत्र ने बताया बातचीत आखिरी चरण में है और वह जल्दी ही मुख्य कोच का पद संभालेंगे। पिछले तीन साल से रॉयल्स के क्रिकेट निदेशक पद पर काबिज कुमार संगकारा इस भूमिका में बने रहेंगे। द्रविड़ 2012 और 2013 में रॉयल्स के कप्तान थे और दो साल मेंटॉर भी रहे। इसके बाद वह 2016 में दिल्ली कैपिटल्स से जुड़े और बेंगलुरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख रहे। वह 2021 में एनसीए से निकलकर रवि शास्त्री की जगह भारतीय टीम के मुख्य कोच बने। इस बीच ईएसपीएन क्रिकइन्फो के अनुसार द्रविड़ के कार्यकाल में भारत के बल्लेबाजी कोच रहे विक्रम राठौड़ रॉयल्स के सहायक कोच बन सकते हैं।

# विश्व चैंपियन सचिन को शॉटपुट में रजत

## 16.32 मीटर के थ्रो के साथ शॉटपुट एफ46 स्पर्धा में एशियाई रिकॉर्ड



पुरूषों की शॉटपुट एफ46 स्पर्धा में थ्रो करते सचिन सरजेराव खिलाड़ी।

**16.38** मीटर के प्रयास से ग्रेग स्टीवर्ट ने जीता स्वर्ण

**11** वां पदक एथलेटिक्स में पेरिस पैरालंपिक में भारत ने जीता

पेरिस, एजेंसी

विश्व चैंपियन सचिन सरजेराव खिलाड़ी ने पेरिस पैरालंपिक में पुरूषों की शॉटपुट एफ46 स्पर्धा में एशियाई रिकॉर्ड 16.32 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता जिससे बुधवार को यहां भारत का ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धा में पदक हासिल करने का सिलसिला जारी रहा।

34 वर्ष के खिलाड़ी ने दूसरे प्रयास में सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंका और मई में जापान में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले 16.30 मीटर के अपने ही एशियाई रिकॉर्ड को बेहतर किया। सचिन खिलाड़ी का यह व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास हालांकि उन्हें पहला स्थान दिलाने के लिए काफी नहीं था और कनाडा के ग्रेग स्टीवर्ट ने 16.38 मीटर के प्रयास से तोक्यो पैरालंपिक में जीता स्वर्ण बरकरार रखा। क्रोएशिया के लुका बाकोविच ने 16.27 मीटर से कांस्य पदक जीता। खिलाड़ी का रजत पेरिस पैरालंपिक में एथलेटिक्स में भारत का 11वां पदक है जिससे देश के कुल पदकों की संख्या 21 पहुंच गई जिसमें तीन स्वर्ण पदक शामिल हैं। एफ46 श्रेणी में वे खिलाड़ी होते हैं जिनकी भुजाओं में कमजोरी है, मांसपेशियों की शक्ति क्षीण है या भुजाओं में निष्क्रिय गति की सीमा क्षीण है। ऐसे एथलीट खड़े होकर प्रतिस्पर्धा करते हैं।

रजत पदक जीतने के बाद सचिन ने कहा मैं स्वर्ण जीतना चाहता था लेकिन ऐसा नहीं हुआ। यह मेरा सर्वश्रेष्ठ प्रयास था लेकिन मैं संतुष्ट नहीं हूं। मुझे लगता है कि मैं बेहतर कर सकता था। आज मेरा दिन नहीं था। कड़ी प्रतिस्पर्धा थी और ग्रेग स्टेवार्ट शानदार खिलाड़ी हैं। मैंने अपनी तकनीक में छोटी सी गलती की। मैं कड़ी मेहनत करूंगा और मुझे उम्मीद है कि अगली बार उसे हराऊंगा। इसमें हिस्सा ले रहे अन्य भारतीयों में मोहम्मद यासेर (14.21 मीटर) और रोहित कुमार (14.10 मीटर) क्रमशः आठवें और नौवें स्थान पर रहे। मैकेनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल कर चुके खिलाड़ी ने पिछले साल चीन में एशियाई पैरा खेलों में स्वर्ण पदक जीता था।

महाराष्ट्र के सांगली जिले के करगानी गांव के एक किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले खिलाड़ी को स्कूल के दिनों में एक दुर्घटना का सामना करना पड़ा। चोट के कारण उनकी कोहनी की त्वचा में गैंग्रीन हो गया। इन सभी बाधाओं के बावजूद उन्होंने इंजीनियर बनने के लिए पढ़ाई के दौरान भाला फेंकना शुरू कर दिया। प्रतियोगिता के दौरान कंधे में चोट लगने के कारण उन्होंने शॉटपुट खेलने के लिए बाध्य होना पड़ा।

### पदक तालिका

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 59 | 42 | 27 | 128 |
| ब्रिटेन | 33 | 25 | 16 | 74 |
| अमेरिका | 25 | 24 | 11 | 60 |
| नीदरलैंड्स | 16 | 7 | 5 | 28 |
| फ्रांस | 15 | 17 | 18 | 50 |
| ब्राजील | 15 | 14 | 27 | 56 |
| इटली | 13 | 9 | 23 | 45 |
| यूक्रेन | 12 | 18 | 21 | 51 |
| ऑस्ट्रेलिया | 11 | 12 | 18 | 41 |
| भारत | 4 | 8 | 10 | 22 |

### पदक विजेताओं को प्रधानमंत्री ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेरिस पैरालंपिक की विभिन्न स्पर्धाओ में पदक जीतने वाले भारतीय एथलीट दीप्ति जीवनजी, अजीत सिंह, सुंदर सिंह गुर्जर, शरद कुमार और मरियप्पन थंगावेलु को बधाई दी। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा पैरालिंपिक 2024 में महिलाओं की 400 मीटर टी-20 स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर दीप्ति जीवनजी को बधाई। वह असंख्य लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उनका कौशल और दृढ़ता सराहनीय है। उन्होंने अन्य पोस्ट शृंखला में भाला फेंक स्पर्धा के विजेताओं को बधाई देते हुए कहा अजीत सिंह की अभूतपूर्व उपलब्धि, उन्होंने पैरालिंपिक 2024 में पुरुषों की भाला फेंक एफ46 स्पर्धा में रजत पदक जीता। खेल के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और दृढ़ता ने भारत को गौरवान्वित किया है।

## भाला फेंक में अजीत को रजत, सुंदर ने जीता कांसा



**65.62** मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ पैरालंपिक की भाला फेंक एफ46 वर्ग की स्पर्धा में पोडियम पर पहुंचे अजीत सिंह, सुंदर सिंह गुर्जर ने किया 64.96 मीटर का थ्रो

पेरिस, एजेंसी

भारतीय एथलीट अजीत सिंह ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पेरिस पैरालंपिक की भाला फेंक एफ46 वर्ग की स्पर्धा में रजत पदक और हमवतन सुंदर सिंह गुजर ने कांस्य पदक जीता। मंगलवार देर रात हुए मुकाबले में अजीत सिंह ने 65.62 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत पदक अपने नाम किया।

स्पर्धा के दौरान सुंदर सिंह गुर्जर 64.96 मीटर के अपने चौथे थ्रो के बाद दूसरे स्थान पर थे, लेकिन अजीत सिंह ने वापसी करते 65.62 मीटर का थ्रो करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। मुकाबले के बाद अजीत ने कहा मैंने टोक्यो (2020) में पैरालंपिक में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था, इसलिए इस बार मैंने पदक पर ध्यान केंद्रित किया उसके रंग के पदक पर नहीं। मेरा ध्यान स्वर्ण पर नहीं था, मैं बस कोई भी पदक जीतना चाहता था, इसलिए मैं बहुत खुश हूं। मैं पिछले वर्ष विश्व चैंपियन था, लेकिन इस साल कोबे में विश्व चैंपियनशिप में मुझे केवल कांस्य पदक मिला। मैं उस समय अच्छी स्थिति में नहीं था, क्योंकि मेरा ध्यान पेरिस के लिए तैयार होने पर था। उन्होंने कहा तो इस एक रजत पदक का मतलब सबकुछ है। अभी भी सुधार की गुंजाइश है, लेकिन यहां मैं एक पदक जीतना चाहता था और रजत पदक बहुत अच्छा है।

### ऊंची कूद में शरद को रजत और मरियप्पन ने जीता कांस्य



**पेरिस।** भारतीय एथलीट शरद कुमार ने पुरुषों की ऊंची कूद में रजत और मरियप्पन थंगावेलु ने कांस्य पदक जीता। मंगलवार देर रात हुई स्पर्धा में शरद कुमार ने ऊंची कूद टी63 के फाइनल में मुकाबले में 1.88 मीटर की छलांग लगाकर पैरालंपिक रिकॉर्ड के साथ रजत पदक जीता। यह शरद कुमार का दूसरा पैरालंपिक पदक था। उन्होंने टोक्यो पैरालंपिक 2020 में 1.83 मीटर की छलांग के साथ कांस्य पदक जीता था। अमेरिका के एजरा फ्रेच ने 1.94 मीटर की छलांग के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। मरियप्पन थंगावेलु ने ऊंची कूद टी63 के फाइनल में 1.85 मीटर की छलांग लगाते हुए कांस्य पदक जीता। इसी के साथ वह लगातार तीन खेलों में पदक जीतने वाले पहले भारतीय पैरा-एथलीट बन गये है। उन्होंने रियो 2016 में 1.89 मीटर की छलांग के साथ स्वर्ण पदक और टोक्यो 2020 में 1.86 मीटर के प्रयास के साथ रजत पदक जीता था।

## मिश्रित 20 मीटर पिस्टल के फाइनल में प्रवेश करने से चूके निहाल- रूद्रांक्ष

**शेटराउ।** भारतीय निशानेबाज निहाल सिंह और रूद्रांक्ष खंडेलवाल को पेरिस पैरालंपिक की मिश्रित 50 मीटर पिस्टल (एसएच1) स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने में विफल रहे।

पिछले साल विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता निहाल छह सीरीज में 522 अंक के स्कोर से क्वालीफिकेशन दौर में 19वें स्थान पर रहे। अपने पहले पैरालंपिक में हिस्सा ले रहे 17 वर्षीय रूद्रांक्ष 517 अंक के स्कोर से क्वलीफिकेशन दौर में 22वें स्थान पर रहे। रूद्रांक्ष आठ साल की उम्र में एक दुर्घटना में अपना बायां पैर गंवा बैठे थे। कोरिया के जो जियोंग्डू पैरालंपिक क्वालीफिकेशन रिकॉर्ड 553 अंक से शीर्ष पर रहे। एसएच1 वर्ग में वो एथलीट हिस्सा लेते हैं जिन्हें अपनी बंदूक उठाने में मुश्किल होती है और वे बैठकर (व्हीलचेयर या कुर्सी पर) या खड़े होकर निशाना लगाते हैं। नियम के अनुसार एसएच1 वर्ग में एथलीट पिस्टल या राइफल का इस्तेमाल कर सकते हैं। भारतीय पैरा निशानेबाजों ने पेरिस पैरालंपिक में चार पदक जीते हैं।

## सबालेंका, टियाफो और फ्रिट्ज सेमीफाइनल में पहुंचे

न्यूयॉर्क, एजेंसी



शॉट लगाते फ्रांसिस टियाफो



फ्रांसिस टियाफो के खिलाफ मैच में ग्रिगोर दिमित्रोव

- **फ्रिट्ज ने ज्वेरेव को हराया, फ्रांसिस टियाफो के खिलाफ खेलते हुए ग्रिगोर को लगी चोट चौथे सेट से हटे**

अमेरिका की एम्मा नवारो ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना आर्यना सबालेंका से होगा। पुरुष वर्ग में अमेरिका के दो खिलाड़ियों 20वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसिस टियाफो और 12वीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां यह दोनों आमने-सामने होंगे। इससे यह सुनिश्चित हो गया कि 18 वर्षों में पहली बार अमेरिका का कोई खिलाड़ी पुरुष एकल के फाइनल में जगह बनाएगा।

पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के अंतिम चार में पहुंचने वाली 13वीं वरीयता प्राप्त नवारो ने मंगलवार को फ्लशिंग मीडोज में हमवतन पाउला बडोसा को 6-2, 7-5 से हराया। नवारो क्वार्टर फाइनल के इस मैच के दूसरे सेट में एक समय पीछे चल रही थी लेकिन उन्होंने आखिरी छह गेम जीत कर पासा पलट दिया। उन्होंने पिछले मैच में गत चैंपियन कोको गॉफ के खिलाफ भी इसी तरह का प्रदर्शन किया था। दूसरी वरीयता प्राप्त सबालेंका को पिछले महीने पेरिस ओलंपिक के स्वर्ण पदक जीतने वाली सातवीं वरीयता प्राप्त झेंग क्विनवेन को 6-1, 6-2 से पराजित करने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई।

ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सबालेंका साल का दूसरा और कुल मि लाकर तीसरा ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीतने की कवायद में हैं। वह अमेरिकी ओपन में लगातार चौथी बार सेमीफाइनल में पहुंची हैं। सबालेंका पिछले साल उपविजेता रही थी। बेलारूस की 26 वर्षीय सबालेंका ने मैच के बाद कहा जब मैंने दर्शकों के बीच फेडरर को देखा तो मुझे लगा कि वह फ्रांसिस टियाफो और ग्रिगोर दिमित्रोव का मैच देखने के लिए पहुंचे हैं। टियाफो ने तब तीन साल में दूसरी बार अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जब क्वार्टर फाइनल में उनके प्रतिद्वंद्वी दिमित्रोव ने चोट के कारण चौथे सेट में मैच से हटने का फैसला किया। उस समय टियाफो आगे चल रहे थे।

इससे पहले फ्रिट्ज ने अमेरिकी ओपन में 2020 के उपविजेता अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 7-6 (2), 3-6, 6-4, 7-6 (3) से हराकर पहली बार किसी बड़े टूर्नामेंट के अंतिम चार में जगह बनाई। एंडी रोडिक के 2003 में चैंपियन बनने के बाद अमेरिका का कोई भी खिलाड़ी वर्ष के अंतिम ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के पुरुष एकल का खिताब नहीं जीत पाया है। रोडिक अमेरिकी ओपन के फाइनल में पहुंचने वाले अमेरिका के अंतिम पुरुष खिलाड़ी भी थे। वह 2006 में खिताबी मुकाबले में फेडरर से हार गए थे।

# बॉलीवुड हलचल



## पूजा ने फिल्म देवा की शूटिंग पूरी की

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने अपनी आने वाली फिल्म देवा की शूटिंग पूरी कर ली है। पूजा हेगड़ ने मुंबई में पिछले चार दिनों में फिल्म देवा के लिए फिल्माए गए एक हाई-एनर्जी गाने के सीक्वेंस के साथ शूटिंग पूरी की, जिससे फिल्म का निर्माण आधिकारिक रूप से पूरा हो गया। फिल्म देवा की टीम ने इस अवसर पर पूजा को एक खास नोट भेजा है। इस खास नोट को पूजा ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम की स्टोरी पर साझा किया है। इस नोट में लिखा है, हाय पूजा, हमारी फिल्म में बेहतरीन और अविश्वसनीय काम और मौजूदगी के लिए धन्यवाद। आपकी प्रतिभा और समर्पण ने सेट में इतनी जान डाल दी और यह वाकई में फिल्म में दिखाई देता है, चमकते रहो, बहुत प्यार। फिल्म देवा में शाहिद और पूजा मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 14 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म में पूजा हेगड़े एक दृढ़ निश्चयी पत्रकार की भूमिका निभा रही हैं, जबकि शाहिद कपूर एक विद्रोही पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं।

### सोते हुए देश को जगाने की कीमत चुकानी पड़ती है : कंगना



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने खुद को फेवरेट टारगेट बताया है। कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी विवादों में फंसी हुई है। इसे सेंसर सर्टिफिकेट न मिलने पर फिल्म के मेकर्स बॉम्बे हाई कोर्ट पहुंचे थे। फिल्म की रिलीज लगभग दो हफ्ते के लिए अटक गई है। कंगना की इस फिल्म को 06 सितंबर को रिलीज होना था। कोर्ट ने सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन को आदेश दिया है कि वह 18 सितंबर तक इमरजेंसी के सर्टिफिकेट पर फैसला ले। इस फैसले के आने के बाद एक्ट्रेस कंगना रनौत ने ट्वीट कर खुद को सभी का फेवरेट टारगेट बता दिया है। कंगना ने एक्स (पहले ट्विटर) पर लिखा आज मैं सभी की फेवरेट टारगेट बन गई। इस सोते हुए देश को जगाने का यही दाम आपको चुकाना पड़ता है। इन लोगों को नहीं पता कि मैं क्या बात कर रही हूं। इन्हें समझ नहीं कि मैं किस बात से चिंतित हूं। क्योंकि ये लोग शांति चाहते हैं। किसी की साइड लेना नहीं चाहते। वो लोग कूल हैं, वो लोग चिल है। हाहा काश सीमा पर खड़े उस बेचारे जवान के पास भी कूल होने की विशेषाधिकार होता। काश उसे साइड न लेनी पड़तीं और पाकिस्तान और चीन को अपना दुश्मन न समझना पड़ता। वो आपकी रक्षा कर रहा है जबकि आप आतंकवादियों या राष्ट्र-विरोधियों पर लालसा रख सकते हैं।

### फरदीन-रितेश की वेबसीरीज विस्फोट का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता फरदीन खान और रितेश देशमुख की वेबसीरीज विस्फोट का ट्रेलर रिलीज हो गया है। वेबसीरीज विस्फोट का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में दो अलग-अलग लोगों की जिंदगी कैसे आपस में उलझ जाती है, इसकी झलक दिखाई गई है। विस्फोट में रितेश देशमुख एक पायलट के किरदार में हैं, वहीं फरदीन खान चॉल में रहने वाले एक गरीब इंसान का किरदार निभाते हैं। थ्रिल से भरपूर क्राइम-सस्पेंस सीरीज विस्फोट अब्बास दलाल और हुसैन दलाल द्वारा लिखित और कुकी गुलाटी द्वारा निर्देशित है। व्हाइट फेदर फिल्म्स के बैनर तले संजय गुप्ता और अनुराधा गुप्ता द्वारा निर्मित इस सीरीज में रितेश और फरदीन के अलावा क्रिस्टल डीसूजा, प्रिया बापट, शीबा चड्ढा जैसे कई और कलाकार नजर आएंगे। विस्फोट 06 सितंबर को जियो सिनेमा पर रिलीज होगी।

**ताइपे ओपन**

## करुणाकरन और सुब्रमण्यम क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**ताइपे।** भारत के सतीश कुमार करुणाकरन और शंकर सुब्रमण्यम ने बुधवार को यहां संघर्ष पूर्ण मुकाबलों में जीत दर्ज करके ताइपे ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई लेकिन महिला एकल खिलाड़ियों ने निराशाजनक प्रदर्शन किया।

करुणाकरन ने थाईलैंड के कांताफोन वांगचारोएन को जबकि सुब्रमण्यम ने फिनलैंड के जोकिम ओल्डोर्फ को हराया। पुरुष एकल में किरण जॉर्ज पहला गेम जीतने के बावजूद इंडोनेशिया के योहानेस सॉट मार्सेलिनो से हार गए। महिला वर्ग में थाईलैंड की पोर्नपिचा चोइकीवोंग ने आकर्षी कश्यप को सीधे गेम में 19-21, 18-21 से जबकि दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी चीनी ताइपे की ताई त्जु यिंग ने तान्या हेमंथ को केवल 27 मिनट में 21-11, 21-10 से हरा दिया।

## साइकिलिंग में 11वें और 16वें स्थान पर रहे अरशद-ज्योति

पेरिस, एजेंसी

भारत के अरशद शेख और ज्योति गडेरिया बुधवार को यहां पैरालंपिक खेलों में अपनी-अपनी साइकिलिंग स्पर्धा में क्रमशः 11वें और 16वें स्थान पर रहे। ज्योति ने 5.8 किमी की महिला सी1 व्यक्तिगत टाइम ट्रायल में 30 मिनट और 0.16 सेकंड का समय लिया तथा वह 16वें और अंतिम स्थान पर रही।

जर्मनी की माइक हॉसबर्गर ने 21:30.45 का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि ब्रिटेन की फ्रांसिस ब्राउन और स्वीडन की एना बेक ने क्रमशः 21:46.18 और 21:54.71 के समय के साथ दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। पुरुषों के सी2 टाइम ट्रायल में अरशद 25:20.11 के समय के साथ 11वें और अंतिम स्थान पर रहे। फ्रांस के अलेक्जेंड्रे लीउते ने 19:24.25 के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता।

### पावरलिफ्टिंग में हारे परमजीत

**पेरिस।** भारतीय पैरा एथलीट परमजीत कुमार को बुधवार को पावरलिफ्टिंग 49 किलोग्राम वर्ग के मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा है। आज यहां हुए मुकाबले में पैरा एथलीट परमजीत कुमार 150 किलोग्राम के सर्वश्रेष्ठ भार उठाने के साथ आठवें स्थान पर रहे।

### बाहर हुईं भाविना

**पेरिस।** पेरिस पैरालंपिक महिला एकल टेबल टेनिस में भारत की चुनौती खत्म हो गई जब तोक्यो पैरालंपिक की रजत पदक विजेता भाविना बेन पटेल क्लास 4 क्वार्टर फाइनल में चीन की यिंग झोउ से हार गई। तोक्यो पैरालंपिक में रजत के साथ इस खेल में पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनी भाविना बेन को पराजय झेलनी पड़ी। क्लास 3 में भारत की सोनलबेन को क्रोएशिया की एंडेला मुजिनिच विंसेटिच ने हराया। महिला युगल में भारत की भाविनाबेन और सोनलबेन क्वार्टर फाइनल में कोरिया की यंग ए जुंग और एस मून से हार गई।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### पेरू: राष्ट्रपति बोलुआर्ट ने किया मंत्रिमंडल का विस्तार

**लीमा।** पेरू की राष्ट्रपति दीना बोलुआर्ट ने मंगलवार को लीमा स्थित सरकारी मुख्यालय में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में चार कैबिनेट पदों पर नई नियुक्तियों की घोषणा की। उन्होंने उर्सुला लियोन चेम्पेन को विदेश व्यापार एवं पर्यटन मंत्रालय, ड्यूरिच फ्रांसिस्को व्हिटेम्बरी टैलेडो आवास, निर्माण और स्वच्छता मंत्रालय, फैब्रिसियो अल्फ्रेडो वालेंसिया गिबाजा संस्कृति मंत्रालय और एल्मर शियालर साल्सेडो को जेवियर गोंजालेज-ओलाचेआ की जगह विदेश मंत्री बनाया गया है।

### खैबर पख्तूनख्वा में पुलिस अधिकारी की हत्या

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बुधवार को कुछ अज्ञात बंदूकधारियों ने एक पुलिस अधिकारी की गोली मारकर हत्या कर दी। इस हमले में मारे गए पुलिसकर्मी की पहचान कांस्टेबल वकार अहमद के रूप में हुई है। वकार अहमद की अफगानिस्तान की सीमा से सटे लक्की मरवात जिले के नवारखेल गांव में उसके आवास के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि हमला करने के बाद बंदूकधारी भागने में सफल रहे।

### फिलीपींस: बाढ़, भूस्खलन में अब तक 15 की मौत

**मनीला।** फिलीपींस में यागी तूफान के कारण अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन में मरने वालों की संख्या बढ़कर 15 हो गई और 21 लोग अभी भी लापता हैं। फिलीपींस के नागरिक सुरक्षा (ओसीडी) के संचालन सेवा निदेशक सीजर इडियो ने बुधवार को बताया कि सुबह आए यागी तूफान के प्रभाव के कारण देश भर में 15 लोगों की मौत की खबर है, जो एक भयंकर उष्णकटिबंधीय तूफान से बढ़कर एक तूफान में बदल गया है। इस बीच, 15 लोग घायल हो गए और 21 लापता हैं।

### भारतीय मूल के बुजुर्ग की हत्या मामले में पूछताछ

**लंदन।** ब्रिटेन में भारतीय मूल के भीम सेन कोहली की हत्या के संदेह में गिरफ्तार 14 वर्षीय किशोर को पूछताछ के लिए बुधवार को भी पुलिस हिरासत में रखा गया। ब्रिटेन के लीसेस्टर के निकट एक पार्क में अपने कुत्ते को टहलाने के दौरान हुए हमले में कोहली (80) की मौत हो गयी थी। लीसेस्टरशायर पुलिस ने बताया कि 14 वर्षीय एक लड़की तथा एक लड़के के अलावा 12 वर्षीय दो लड़कियों को भी हत्या के संदेह में गिरफ्तार किया गया था, इन लोगों को बिना किसी और कार्रवाई के रिहा कर दिया गया है।

### श्रीलंका ने सात भारतीय मछुआरों को रिहा किया

**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना द्वारा उसके जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार सात भारतीय मछुआरों को बुधवार को रिहा कर दिया गया। श्रीलंका में भारतीय उच्चायोग ने यह जानकारी दी। भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, घर लौटने की राह पर! सात भारतीय मछुआरों को श्रीलंका से भारत भेजा जा रहा है। श्रीलंकाई नौसेना द्वारा 30 भारतीय मछुआरों को पिछले महीने रिहा किया गया था।

### जॉर्जिया के हाईस्कूल में गोलीबारी, लोग घायल

**विंडेर।** जॉर्जिया के एक हाई स्कूल में गोलीबारी की घटना में कुछ लोगों के घायल होने की खबर है। बैरो काउंटी शेरिफ कार्यालय ने एक बयान में कहा कि स्कूल को बंद कर दिया गया है और इस सिलसिले में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। बयान के अनुसार सुबह लगभग साढ़े दस बजे कई कानून प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारियों और अग्निशमन कर्मियों को कथित गोलीबारी की सूचना के बाद हाई स्कूल भेजा गया।

# टेक्सास: सड़क हादसे में चार भारतीय जिंदा जले

ह्यूस्टन, एजेंसी

- डलास के पास अन्ना में व्हाइट स्ट्रीट पर उत्तर की तरफ यूएस-75 से थोड़ी दूरी पर हुई भीषण घटना

अमेरिका के टेक्सास में बीते सप्ताह हुए एक भीषण सड़क हादसे में चार भारतीयों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की शिनाख्त हैदराबाद के कुकटपल्ली उपनगर के आर्यन रघुनाथ ओरमपट्टी, उसके दोस्त फारूक शेख, एक अन्य तेलुगु छात्र लोकेश पलाचरला और तमिलनाडु की दर्शिनी वासुदेव के रूप में की गई है।

कॉलिन काउंटी के शेरिफ कार्यालय के मुताबिक, यह हादसा डलास के पास अन्ना में व्हाइट स्ट्रीट पर उत्तर की तरफ यूएस-75 से थोड़ी दूरी पर हुआ और इसमें पांच वाहन शामिल थे। ह्यूस्टन में भारत के महावाणिज्य दूत डीसी मंजूनाथ ने इस हादसे में चार भारतीयों की मौत की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि भारत का महावाणिज्य दूतावास दुख की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों और समुदाय से जुड़े संगठनों के लगातार संपर्क में है और उन्हें पूर्ण सहायता उपलब्ध करा रहा है। प्रारंभिक मीडिया रिपोर्ट और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शुक्रवार दोपहर को जब यह दुर्घटना हुई, तब राजमार्ग पर वाहनों की कतार लगी थी, जिनमें एक एसयूवी भी शामिल थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, इस दौरान तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रक ने अनियंत्रित होकर एसयूवी के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी।

## बोको हरम के हमले में 100 से अधिक लोगों की जान गयी

**मैदुगुरी।** पूर्वोत्तर नाइजीरिया में संदिग्ध बोको हरम चरमपंथियों ने बाजार, नमाजियों और लोगों के घरों में गोलीबारी की, जिसमें कम से कम 100 ग्रामीण मारे गये। स्थानीय निवासियों ने बुधवार को यह दावा किया।

योबे पुलिस के प्रवक्ता डुंगस अब्दुलकरीम ने बताया कि रविवार शाम को 50 से अधिक चरमपंथी मोटरसाइकिलों से योबे प्रांत के तारमुवा परिषद क्षेत्र में घुस गये और इमारतों में आग लगाने से पहले उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी। समुदाय के नेता जना उमर ने कहा कि उप-गवर्नर ने हमले में मारे गये जिन 34 लोगों के बारे में बताया है, वे एक ही गांव के हैं। उन्होंने कहा कि अब तक हमले में 102 ग्रामीणों के मारे जाने की पुष्टि हुई है।

**करतब**



अल अलामीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, अल डाबा में आयोजित होने वाले मिस्र अंतर्राष्ट्रीय एयरशो के उद्घाटन दिवस पर भारतीय वायु सेना की सारंग प्रदर्शन टीम द्वारा एक लुभावनी प्रस्तुति। • एजेंसी

## पंचकूला में ईट भट्ठे की दीवार ढहने से तीन बच्चों की मौत


**चंडीगढ़।** हरियाणा के पंचकूला जिले में बुधवार को भारी बारिश से बचने के लिए ईंट-भट्ठे की दीवार के पास खड़े तीन बच्चों की दीवार ढह जाने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि तीन बच्चों में एक लड़की और दो लड़के थे, जिनकी उम्र क्रमशः सात साल, पांच साल और ढाई साल थी। पुलिस के अनुसार, बच्चे ईट-भट्ठे के पास खेल रहे थे कि तभी बारिश शुरू हो गई। पुलिस के अनुसार बच्चों के माता-पिता ईंट भट्ठे पर मजदूरी करते थे। रायपुर रानी के थाना प्रभारी सुखबीर सिंह ने बताया कि बच्चे बारिश से बचने के लिए एक दीवार के पास खड़े थे, लेकिन अचानक वह ढह गई। सिंह ने बताया कि तीनों बच्चों को अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

# विस्तारवाद की नहीं, विकास की नीति का समर्थन करता है भारत

## दोनों देशों ने नौवहन की स्वतंत्रता के प्रति प्रतिबद्धता भी दोहराई

बंदर सेरी बेगवान, एजेंसी

- द्विपक्षीय साझेदारी को बढ़ाने की कवायद को अमली जामा पहनाया
- शांतिपूर्ण तरीकों से विवादों को सुलझाने का आग्रह किया



बंदर सेरी बेगवान में ब्रुनेई के सुल्तान हसनल बोलकिया द्वारा आयोजित भोज के दौरान बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। • एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परोक्ष रूप से चीन के संदर्भ में बुधवार को कहा कि भारत विस्तारवाद की नहीं बल्कि विकास की नीति का समर्थन करता है। प्रधानमंत्री मोदी की ब्रुनेई की द्विपक्षीय यात्रा के दौरान दोनों देशों ने क्षेत्र में नौवहन की स्वतंत्रता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई। प्रधानमंत्री की सुल्तान हाजी हसनल बोलकिया के साथ रक्षा, व्यापार समेत विभिन्न विषयों पर चर्चा के साथ भारत और ब्रुनेई ने द्विपक्षीय साझेदारी को उच्च स्तर तक बढ़ाने की कवायद को अमली जामा पहनाया।

मोदी ने सुल्तान बोलकिया द्वारा आयोजित भोज में किसी देश का नाम लिए बगैर कहा, हम विस्तारवाद की नहीं बल्कि विकास की नीति का समर्थन करते हैं। चीन का दक्षिण चीन सागर (एससीएस) और पूर्वी चीन सागर (ईसीएस) में कई देशों के साथ विवाद है। चीन दक्षिण चीन सागर के अधिकांश हिस्से पर अपना दावा करता है, जबकि फिलीपीन, मलेशिया, वियतनाम, ब्रुनेई और ताइवान भी इस पर अपना दावा करते हैं। मोदी ने कहा, हम इस बात पर सहमत हैं कि इस क्षेत्र में एक आचार संहिता को अंतिम रूप दिया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने हमेशा आसियान (दक्षिण-पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का संगठन) को प्राथमिकता दी है और आगे भी ऐसा करता रहेगा।

ब्रुनेई की द्विपक्षीय यात्रा पर आने वाले भारत के पहले प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हम यूएनसीएलओएस (समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र संधि) जैसे अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के तहत नौवहन और उड़ान की स्वतंत्रता का समर्थन करते हैं। दोनों नेताओं की वार्ता के बाद एक संयुक्त बयान जारी किया गया। बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने शांति, स्थिरता, समुद्री रक्षा और सुरक्षा को बनाए रखने एवं बढ़ावा देने के साथ नौवहन एवं उड़ान की स्वतंत्रता का सम्मान करने एवं अंतर्राष्ट्रीय कानून विशेष रूप से यूएनसीएलओएस, 1982 के अनुरूप निर्बाध वैध व्यापार की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। इसमें कहा गया कि दोनों नेताओं ने सभी पक्षों से अंतर्राष्ट्रीय कानून, विशेष रूप से यूएनसीएलओएस 1982 के अनुसार शांतिपूर्ण तरीकों से विवादों को सुलझाने का आग्रह किया।

## यूक्रेन के विदेश मंत्री कुलेबा का इस्तीफा

**कीव।** यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। यूक्रेनी संसद के अध्यक्ष रुसलान स्टेफनचुक ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, यूक्रेन के वेरखोव्ना राडा (संसद) को विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा के इस्तीफे पर उनका बयान मिला है। उनके अनुरोध पर अगले पूर्ण सत्र में विचार किया जाएगा। गौरतलब है कि यूक्रेन और रूस के बीच फरवरी 2022 से युद्ध जारी है। इस दौरान दोनों ही देशों में बड़ी संख्या में लोग हताहत हुए हैं। साथ ही, कई राजनीतिक और रणनीतिक बदलाव दर्ज किये गये हैं।

## पाकिस्तान में पत्रकार निसार लेहरी की गोली मारकर हत्या

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान पुलिस ने बुधवार को वरिष्ठ पत्रकार निसार लेहरी की मौत की पुष्टि की, जिन्हें मस्तुंग बलूचिस्तान के गुलकंद क्षेत्र में गोली मार दी गई थी। यह जानकारी मीडिया रिपोर्टों से प्राप्त हुई। एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने कहा कि प्रेस क्लब के पूर्व सचिव लेहरी की हत्या भूमि विवाद के कारण हुई। प्रेस क्लब के अध्यक्ष फैज़ दुरानी ने इस आपराधिक कृत्य के लिए जिम्मेदार लोगों की गिरफ्तारी और जांच की मांग की। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह दुखद घटना सिंध के घोटकी में पत्रकार बचल घुनियो की हत्या के बाद हुई है।

### अमेरिका ने किया हमास नेता और अन्य आतंकियों को अभ्यारोपित

**वाशिंगटन।** अमेरिका के न्याय विभाग ने इजराइल में सात अक्टूबर 2023 को हुए हमले के मामले में हमास नेता याह्या सिनवार और अन्य आतंकियों के खिलाफ आपराधिक आरोप तय किए हैं। न्यूयॉर्क की एक संघीय अदालत में दायर आपराधिक शिकायत में एक विदेशी आतंकवादी संगठन को सहायता प्रदान करने की साजिश रचने का आरोप शामिल हैं। अटॉर्नी जनरल मेरिक गारलैंड ने एक वीडियो जारी कर कहा, आज जो आरोप उजागर किए गए हैं वे हमास की गतिविधियों को लक्षित करने के हमारे प्रयास का एक हिस्सा मात्र हैं। हमास प्रमुख इस्माइल हनिया की ईरान में हत्या के बाद सिनवार को हमास का प्रमुख नियुक्त किया गया।

### यूक्रेन के जापोरिज्जिया ऊर्जा संयंत्र में स्थिति बेहद नाजुक, चेतावनी दी

**कीव।** संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था के प्रमुख ने मध्य यूक्रेन में परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थल के निकट हुए ताजा हमलों के बाद मंगलवार को कहा कि यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र में हालात बेहद नाजुक हैं। उन्होंने एजेंसी के निरीक्षण के अंतराल को और कम करने का संकल्प जताते हुए महत्वपूर्ण विद्युत आपूर्तियों को भी निरीक्षण के दायरे में लाने की बात कही। फरवरी 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के राफेल मारियानो ग्रोसी की यह 10वीं यूक्रेन यात्रा है। कीव में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की एवं ऊर्जा विभाग के शीर्ष अधिकारियों के साथ बातचीत के बाद वे जापोरिज्जिया के लिए रवाना हुए।

# भारत को आदर्श निवेश गंतव्य बताया

सिंगापुर, एजेंसी

- प्रधानमंत्री मोदी दो दिवसीय यात्रा पर सिंगापुर पहुंचे
- प्रधानमंत्री सिंगापुर के नेतृत्व की तीन पीढ़ियों से संवाद करेंगे



सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग से मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्र सिंगापुर के साथ रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने और निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से दो दिवसीय यात्रा पर बुधवार को यहां पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी ब्रुनेई की अपनी पहली द्विपक्षीय यात्रा समाप्त करने के बाद सिंगापुर के अपने समकक्ष लॉरेंस वोंग के निमंत्रण पर इस दक्षिण-पूर्व एशियाई देश की अपनी पांचवीं आधिकारिक यात्रा के तहत यहां पहुंचे। नयी दिल्ली में अधिकारियों ने बताया कि दो दिवसीय यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री सिंगापुर के नेतृत्व की तीन पीढ़ियों से संवाद करेंगे।

मोदी ने सिंगापुर पहुंचने के बाद एक्स पर कहा, सिंगापुर पहुंचा हूं। भारत-सिंगापुर मित्रता को मजबूत करने के उद्देश्य से होने वाली अनेक बैठकों को लेकर आशान्वित हूं। भारत में हो रहे सुधार और हमारी युवा शक्ति की प्रतिभा हमारे देश को एक आदर्श निवेश गंतव्य बनाती है। हम करीबी सांस्कृतिक संबंधों को लेकर भी उत्साहित हैं। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सिंगापुर पहुंचे। गृह मंत्री और विधि मंत्री के. शनमुगम ने गर्मजोशी से स्वागत किया। आगे बहुत व्यस्तता वाला एजेंडा है। मोदी का गुरुवार को संसद भवन में आधिकारिक स्वागत किया जाएगा और वह सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम से मुलाकात करेंगे। वोंग ने कुछ दिन पहले ही सत्ता संभाली है और मोदी ने भी कुछ महीने पहले प्रधानमंत्री के रूप में अपना तीसरा कार्यकाल शुरू किया है।

# भारत-बांग्लादेश के बीच व्यापार 47 दिन बाद बहाल

ढाका, एजेंसी

भारत और बांग्लादेश के बीच व्यापार 47 दिन तक निलंबित रहने के बाद बुधवार को रेलमार्ग से बेनापोल लैंड पोर्ट के माध्यम से फिर से शुरू हो गया। ढाका ट्रिब्यून द्वारा प्रकाशित यूएनबी समाचार एजेंसी की रिपोर्ट में बेनापोल लैंड पोर्ट के उप निदेशक रेजाउल करीम के हवाले से बताया गया कि दोनों देशों के उच्च-स्तरीय अधिकारियों के बीच चर्चा के बाद व्यापार बहाल किया गया है।

बांग्लादेश में जुलाई में सरकार विरोधी छात्र आंदोलन और सार्वजनिक विरोध के दौरान भारत सरकार ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए कई उपाय एहतियाती किये थे। इन उपायों में 19 जुलाई से दोनों देशों के बीच रेलवे द्वारा माल परिवहन और यात्रा को निलंबित करना शामिल था।

### हसीना के खिलाफ हत्या के दो और मामले दर्ज


**ढाका।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ हत्या के दो और मामले दर्ज किए गए हैं, जिसके बाद उनके खिलाफ मुकदमों की कुल संख्या 94 हो गई है। मीडिया में आई खबरों में बुधवार को यह जानकारी दी गयी। डेली स्टार अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, 19 जुलाई को विरोध प्रदर्शन के दौरान ढाका के एक निवासी की हत्या का मामला बुधवार को हसीना और 26 अन्य लोगों पर दर्ज किया गया।

## खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने हथियार एवं शराब के मामले में खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर के खिलाफ बुधवार को गैर जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया। अक्टूबर 2016 में उनके खिलाफ यह मामला तब शुरू किया गया था जब पुलिस ने दावा किया था कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ नेता गंडापुर के पास से पांच कलाश्निकोव राइफलें, एक पिस्तौल, छह मैगजीन, एक बुलेटप्रूफ जैकेट, आंसूगैस के तीन गोले और शराब की बोतलें बरामद की गई हैं। जब यह मामला दर्ज किया गया था, तब गंडापुर खैबर पख्तूनख्वा में प्रांतीय मंत्री थे और उनकी पार्टी पीटीआई वहां सत्ता में थी।

# जलवायु परिवर्तन से खतरे में पड़ सकता है मतदान का अधिकार : केपी ओली

काठमांडू, एजेंसी



- फोरम ऑफ इलेक्शन मैनेजमेंट बॉडीज ऑफ साउथ एशिया के 12वें सम्मेलन के मौके पर बोले

नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने बुधवार को कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण अप्रत्याशित मौसम और प्राकृतिक आपदाओं से नागरिकों का मतदान का अधिकार खतरे में पड़ सकता है। ओली यहां फोरम ऑफ इलेक्शन मैनेजमेंट बॉडीज ऑफ साउथ एशिया (फेम्बोसा) के 12वें सम्मेलन के उद्घाटन के मौके पर बोल रहे थे।

उन्होंने कहा, जलवायु परिवर्तन, प्रवासन और सोशल मीडिया का उदय तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका जैसे मुद्दे हमारे लोकतंत्रों के लिए महत्वपूर्ण हैं। ओली ने कहा, जलवायु परिवर्तन के कारण अप्रत्याशित मौसम पैटर्न और प्राकृतिक आपदाएं यह सुनिश्चित करने की हमारी क्षमता को खतरे में डालती हैं कि प्रत्येक नागरिक अपने वोट देने के अधिकार का प्रयोग कर सके...जलवायु परिवर्तन केवल पर्यावरण से जुड़ा मुद्दा नहीं है, यह हमारे समाज के हर पहलू को प्रभावित करता है। ओली ने चुनावों में उभरती प्रवृत्तिः जलवायु परिवर्तन, सोशल मीडिया और प्रवासन थीम वाले दो दिवसीय सम्मेलन में कहा, सीमाओं के पार और हमारे देशों के भीतर लोगों की आवाजाही का मतदाता सूची, मतदाता पहचान और मतदान के अधिकार पर गहरा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया और कृत्रिम बुद्धिमत्ता से राजनीतिक नेताओं के मतदाताओं के साथ जुड़ने और चुनाव कराने के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव हो रहे हैं। नेपाल के मुख्य चुनाव आयुक्त दिनेश कुमार थपलिया ने कहा कि राजनीतिक दल चुनाव कराते समय पर्यावरण के मुद्दे पर सरकार का ध्यान आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा, दक्षिण एशिया में सरकारों को पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन के मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए।

## भारतीय-अमेरिकी वैज्ञानिक विशिष्ट विजिटिंग फेलो नामित

**वाशिंगटन।** प्रसिद्ध भारतीय-अमेरिकी एयरोस्पेस वैज्ञानिक डॉ. विवेक लाल को स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित हूवर इंस्टीट्यूशन के विशिष्ट विजिटिंग फेलो के रूप में नामित किया गया है। दुनिया के सबसे प्रभावशाली थिंक टैंक में से एक हूवर इंस्टीट्यूशन एक प्रमुख शोध केंद्र है जो आर्थिक समृद्धि, राष्ट्रीय सुरक्षा और लोकतांत्रिक शासन को बढ़ावा देने वाली नीतिगत अवधारणों के लिए समर्पित है। एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि लाल जनरल एटॉमिक्स ग्लोबल कॉरपोरेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं। लाल को 2018 में अमेरिकी परिवहन मंत्रालय के प्रमुख सलाहकार पद पर नियुक्त किया गया था।

# एक्स पर प्रतिबंध के आदेश पर अमल करेगी स्टारलिंक

साओ पाउलो, एजेंसी

- कंपनी ने पहले ब्राजील में एक्स पर लगाए गए प्रतिबंध के आदेश के अनुपालन से कर दिया था इनकार

एलन मस्क की उपग्रह आधारित इंटरनेट सेवा प्रदाता कंपनी स्टारलिंक ब्राजील में एक्स की सेवाएं प्रतिबंधित करने के उच्चतम न्यायालय के एक शीर्ष न्यायाधीश के हालिया आदेश पर अमल करेगी। कंपनी ने पहले मस्क के मलिकाना हक वाले एक्स पर प्रतिबंध के आदेश के अनुपालन से इनकार कर दिया था।

स्टारलिंक ने एक्स पर जारी एक बयान में कहा कि वह कंपनी की संपत्तियां फ्रीज किए जाने के बावजूद साइट तक पहुंच बाधित करने के न्यायमूर्ति एलेक्जेंडर डि मोरेस के आदेश पर अमल करेगी। पहले कंपनी ने ब्राजील के दूरसंचार नियामक से अनौपचारिक रूप से कहा था कि न्यायमूर्ति मोरेस द्वारा संपत्ति फ्रीज करने के आदेश को पलटे न जाने तक वह आदेश का पालन नहीं करेगी। स्टारलिंक ने कहा, हमारी संपत्तियों को फ्रीज करने के अनुचित व्यवहार के बावजूद, हम ब्राजील में एक्स तक पहुंच को अवरुद्ध करने के आदेश का अनुपालन कर रहे हैं। क्योंकि लोग भी इस बात से सहमत हैं कि न्यायमूर्ति मोरेस का हालिया आदेश ब्राजील के संविधान का उल्लंघन करता है।

## सीबीआई ने अनिल देशमुख पर मामला दर्ज किया

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं को कथित तौर पर झूठे मामलों में फंसाने की कोशिश करने के लिए महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एक नयी प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने दो साल की प्रारंभिक जांच के बाद मामला दर्ज किया। यह जांच एक पैन ड्राइव पर आधारित थी जो तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष देवेंद्र फडणवीस ने उस समय के महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष को सौंपी थी। जांच पहले सीआईडी को और बाद में सीबीआई के सुपुर्द कर दी गई।

# चुनाव: इंडियन-अमेरिकन्स फॉर हैरिस अभियान शुरू

वाशिंगटन, एजेंसी

- कमला हैरिस के समर्थन में प्रमुख प्रांतों में जमीनी स्तर पर एक अभियान शुरू किया गया

भारतीय-अमेरिकी समुदाय के प्रतिष्ठित लोगों के एक समूह ने अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस के समर्थन में प्रमुख प्रांतों में जमीनी स्तर पर एक अभियान शुरू किया है। राष्ट्रपति चुनाव में उपराष्ट्रपति हैरिस (59) का मुकाबला रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप से है। भारतीय-अफ्रीकी मूल की हैरिस की मां चेन्नई (भारत) से, जबकि पिता जमैका से अमेरिका आकर बस गए थे।

समूह के सदस्यों के मुताबिक, मंगलवार को शुरू किए गए इंडियन अमेरिकन्स फॉर हैरिस अभियान का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि राष्ट्रपति चुनाव में हैरिस को अमेरिकी प्रशासन का नेतृत्व करने वाली भारतीय मूल की पहली व्यक्ति के रूप में चुनकर इतिहास रचा जाए। समूह में शामिल नॉर्थ कैरोलाइना के व्यापारी स्वदेश चटर्जी ने एजेंसी से कहा, चुनाव मैदान में पहली बार कोई ऐसी उम्मीदवार उतरी है, जिसकी मां भारत से है। वह भारतीय विरासत और संस्कृति से जुड़ी हुई हैं। हम भारतीय-अमेरिकियों को पार्टी लाइन से परे उनका समर्थन करना चाहिए। चटर्जी को भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत बनाने में दिए गए योगदान के लिए 2001 में भारत के तीसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म भूषण से नवाजा गया था। नॉर्थ कैरोलाइना, विस्कॉन्सिन, मिशिगन, पेनसिल्वेनिया, एरिजोना और जॉर्जिया को प्रमुख स्विंग स्टेट करार देते हुए चटर्जी ने कहा कि जमीनी स्तर के इस अभियान के तहत इन प्रांतों में रह रहे भारतीय-अमेरिकियों को मतदान के लिए आगे आने और हैरिस के पक्ष में वोट डालने के लिए प्रेरित करने की योजना है।

# तालिबान की तर्ज पर जमाते इस्लामी से भी बनाएं रिश्ते

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारत के बुद्धिजीवी वर्ग ने एक रिपोर्ट के विमोचन अवसर पर कही बात

भारत के बुद्धिजीवी वर्ग का मानना है कि भारत ने बांग्लादेश में शेख हसीना के कार्यकाल में पनप रही इस्लामिक कट्टरपंथी जमात के साथ भी उसी तरह से संपर्क बनाया होता जैसे अफगानिस्तान में तालिबान के साथ तो वहां तख्तापलट के बाद इतना कटु भारत विरोधी वातावरण नहीं बनता।

सेंटर फॉर डेमोक्रेसी, प्लुरलिज़्म एंड ह्यूमन राइट्स (सीडीपीएचआर) द्वारा तैयार बांग्लादेश में अल्पसंख्यक वर्ग पर हो रहे जघन्य अत्याचारों को रेखांकित करती हुई एक रिपोर्ट के विमोचन अवसर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वपन दासगुप्ता (पूर्व सांसद एवं विशिष्ठ पत्रकार) तथा विशिष्ट अतिथियों दीप हलधर (बीइंग हिंदू इन बंगलादेश के लेखक और पत्रकार) और अभिजीत मजूमदार (प्रख्यात पत्रकार एवं लेखक) ने मौजूदा हालात की विवेचना करते हुए यह भी माना कि भारत सरकार को बांग्लादेशी हिन्दुओं को अपना मानना चाहिये और उन्हें एक सशक्त समाज के रूप में संगठित होने में सक्रिय योगदान देना चाहिए। हिन्दू समाज को भी अपनी रक्षा के लिए सड़क की ताकत का साहस पूर्ण ढंग से इज़हार करना होगा।